* ओड़िशा संस्करण

बजट 2023-24

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची, 04 मार्च, 2023, शनिवार, वर्ष 08, अंक 135 फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत 2079, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

झारखंड विधानसभा में वर्ष 2023-24 के लिए 1,16,418 करोड़ का बजट पेश

ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि पर विशेष जोर

- सरकार ने सभी वर्गों को साधने की कोशिश की

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा में शुक्रवार को वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने वर्ष 2023-24 का बजट पेश किया। बजट में सरकार की ओर से कई नयी योजनाओं की घोषणा की गयी है। इस बजट में युवाओं को रोजगार के अलावा किसानों और महिलाओं के लिए भी कई बड़ी घोषणा की गयी। बजट में ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि पर विशेष जोर दिया गया है। वित्त मंत्री ने सदन में वित्तीय वर्ष 2023-24 में एक लाख 16 हजार 418 करोड़ का बजट पेश किया। इसमें राजस्व व्यय के लिए 84 हजार छह सौ 76 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं, जबकि पूंजीगत व्यय के तहत 31 हजार 742 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। सदन में बजट प्रस्तुत करने के बाद वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वर्ष 2022-23 के लिए 'हमर अपन बजट' पोर्टल के माध्यम से एक नवाचारी प्रयोग प्रस्तुत किया गया था, जिसमें झारखंडवासियों की उत्साहवर्द्धक भागीदारी हुई थी। आम लोगों के सुझाव से योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए वर्ष 2023-24 योजना क्रियान्वयन वर्ष होगा।

बजट में की गयी 15 फीसदी बढ़ोत्तरी

वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि अब तक जितने भी बजट पेश किये गये हैं, उसमें सामान्य तौर पर 10 प्रतिशत की वृद्धि होती थी, लेकिन हमने बजट में 15 प्रतिशत की वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि समान्य प्रक्षेत्र के लिए 33,378.45 करोड़ रुपये, सामाजिक प्रक्षेत्र के लिए 43,303.44 करोड़ रुपये और आर्थिक प्रक्षेत्र के लिए 39,736.11 करोड़ रुपये है। राजकोषीय घाटा भी 11,674.57 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। बजट बढ़ा तो है, लेकिन लोक ऋण नहीं बढ़ाया गया है। यह पूर्व की तरह 18 सौ रुपये ही रहने की संभावना है।

योजनाओं पर किया गया है फोकस

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने हर क्षेत्र को बजट आवंटित किया है, लेकिन सरकार का जोर स्थापना से ज्यादा योजनाओं पर है। राज्य सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर कृषि तक को फोकस करते हुए योजनाएं लागू करने को लेकर वजट फोकस किया है। इसके तहत सिंचाई व्यवस्था और जल संरक्षण के लिए पांच एकड़ से कम क्षेत्र वाले तालाबों का मशीन से गाद हटाने और डीप बोरिंग कराने पर पांच सौ करोड़ रुपये खर्च करने पर जोर दिया गया है। सौर ऊर्जा आधारित माइक्रोलिफ्ट इरीगेशन के लिए कृषि समृद्धि योजना लागू की जायेगी।

हर सेक्टर को आगे बढ़ाने की है बात

वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि बजट में हर क्षेत्र को आगे बढ़ाने की बात कही गयी है। बजट में श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के लिए 67 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। श्रम नियोजन के लिए 985 करोड़ का बजट प्रस्तावित है। वहीं मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत राज्य के 1.40 लाख युवक-युवतियों को कौशल प्रशिक्षण दिये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस बजट में वित्त मंत्री के मुताबिक राज्य में आधारभूत संरचनाओं का विकास तेजी से करना सरकार की प्राथमिकता है। राज्य के आर्थिक स्वास्थ्य को बेहतर करने और भविष्य की पीढ़ी को आर्थिक बोझ की विरासत से बचाने के लिए बेहतर ऋण प्रबंधन किया गया है। बजट में राजस्व व्यय के लिए 84 हजार 676 करोड़ और पूंजीगत व्यय के लिए 31 हजार 742 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है।

तीन सालों में राज्य की स्थिति मजबूत हुई है

डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि योजना की राशि में तीन गुना वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। तीन सालों में राज्य की स्थिति मजबूत हुई है। राजस्व आय में सरकार ने वृद्धि की है। बजट में कई नयी घोषणाएं की गयी हैं। इसके तहत 1.40 लाख युवक-युवतियों को कौशल प्रशिक्षण दिए जाने का लक्ष्य है। प्रशिक्षण के बाद रोजगार नहीं मिलने पर छह महीने तक युवाओं को एक हजार और युवतियों-दिव्यांगों को डेढ़ हजार रुपये दिये जायेंगे। वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का विस्तारीकरण करते हुए दो लाख युवाओं तक लाभ पहुंचाने की योजना है। इसके अलावा मानकी-मुंडा शासन व्यवस्था के तहत मानकी, मुंडा, डकुआ की न्यायिक, प्रशासनिक और वित्तीय कार्य में भूमिका को देखते हुए उन्हें दोपहिया वाहन उपलब्ध कराया जायेगा। अगले वर्ष में कृषि समृद्धि योजना लागू की जायेगी। वर्ष 2023-24 में एफपीओ के अनुदान में 50 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। फसल सुरक्षा कार्यक्रम नामक एक नयी योजना की शुरुआत की गयी है। गिरिडीह और जमशेदपुर में नये डेयरी प्लांट और रांची में मिल्क पाउडर प्लांट के साथ मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की स्थापना के लिए 180 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गठबंधन सरकार द्वारा एक रुपये प्रति लीटर की दर से प्रोत्साहन राशि देने की योजना शुरू की गयी थी, जिसे वर्ष 2022-23 में बढ़ाकर दो रुपये कर दिया गया गया। वर्ष 2023-24 में इसे दो रुपये से बढ़ाकर तीन रुपये करने की घोषणा की गयी।

बजट की मुख्य बातें और घोषणाएं

- गिरिडीह एवं जमशेदपुर में नये डेयरी प्लांट तथा रांची में मिल्क पाउडर प्लांट एवं मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की स्थापना
- दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन राशि दो रुपये से बढ़ाकर तीन रुपये करने की घोषणा
- लैंपस / पैक्स की भंडारण क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से वर्ष 2023-24 में 100 एमटी क्षमता के कुल 566 एवं 500 एमटी क्षमता के 146 नये गोदामों का निर्माण करने का लक्ष्य रखा गया है
- बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन नामक नयी योजना शुरू होगी
- पटमदा और पलामू में मागा लिफ्ट सिंचाई परियोजनाएं होंगी शुरू
- पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण योजना होगी शुरू
- पंचायत ज्ञान केंद्र की स्थापना की जायेगी
- महिला एवं किशोरी कल्याण योजना होगी शुरू
- आंगनबाड़ी चलो अभियान योजना की होगी शुरुआत
- 800 नये आंगनबाड़ी भवन के निर्माण होगा।
- आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं का मानदेय बढ़ेगा
- नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर चाइबासा, दुमका तथा बोकारो में खुलेंगे स्कूल
- बरही, बुंडू, पतरातू, चाईबासा, जमशेदपुर एवं नॉलेज सिटी, खूंटी में नये राजकीय पॉलिटेकनिक खोले जायेंगे
- बोकारो एवं रांची में मेडिकल कॉलेज की स्थापना होगी
- पलामू, चाइबासा एवं दुमका में मनोचिकित्सा केंद्र की स्थापना होगी
- मानकी, मुंडा, डकुआ को दोपहिया वाहन देगी सरकार
- अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क आवास की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, धनबाद, देवघर, बोकारो, चाइबासा आदि प्रमुख शहरों में बहुमंजिला छात्रावासों के निर्माण होगा
- साहेबगंज-बरहेट- जामताड़ा- दुमका-गोविंदपुर एडीबी पथ का फोरलेन में उन्नयन होगा
- कोडरमा-जमुआ गिरिडीह-टुंडी - गोविंदपुर पथ का फोरलेन में उन्नयन होगा
- सत्संग-भिरखीबाद पथ का फोरलेन में उन्नयन
- राज्य के गांव में 3100 किमी सड़कें तथा 143 पुलों के निर्माण कार्य कराया जायेगा
- आगामी वित्तीय वर्ष में दुमका तथा बोकारो स्थित हवाई अड्डों से उड़ान प्रारंभ की घोषणा की गयी है
- साहिबगंज में हवाई अड्डा के लिए भूमि चिन्हित कर ली गयी है। जल्द ही इसके लिए भी एमओयू किया जायेगा
- आम जनता के लिए सस्ते दर पर एयर एंबुलेंस सेवा शुरू करने की बजट में घोषणा की गयी
- फ्लोटिंग सोलर प्लांट अधिष्ठापन हेतु गेतलसूद में पूर्व से स्वीकृत योजना के अतिरिक्त चांडिल में भी पीपीपी मोड में प्लांट अधिष्ठापन का प्रस्ताव
- नये औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण का भी प्रस्ताव है
- पुरानी पेंशन योजना लागू करने की घोषणा, पेंशन कोष का होगा गठन।

झारखंड के बजट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा

ऐतिहासिक, बेहतर और संतुलित बजट

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बजट को ऐतिहासिक, बेहतर और संतुलित बताया है। विधानसभा परिसर में बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड की आम जरूरतों के अलावा, सवा तीन करोड़ जनता के अलावा यहां के कई संसाधनों पर भी सरकार का बजट जाता है। आपने देखा कि सामाजिक सुरक्षा को लेकर हमलोगों ने कई ऐतिहासिक कदम उठाये, लेकिन, इससे काम नहीं बनेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने

कहा कि अभी बहुत कुछ करना बाकी है। 20 सालों में सिर्फ बजट एक कागजी कार्रवाई के रूप में देखने को मिला, लेकिन, इस बजट का लाभ वर्तमान में आमलोगों को तो मिलेगी ही, आने वाली कई पीढ़ी को भी इसका लाभ मिलेगा। सरकार ने झारखंड के आम लोगों के साथ-साथ यहां के संसाधनों का भी बजट में ध्यान रखा है।

इस बार 'हमिन कर बजट' : सीएम ने कहा कि पहले हम लोगों ने 'हमारा बजट' नाम दिया, मगर इस बार 'हमिन कर बजट' नाम दिया है। राज्य के हितों और समस्याओं का समाधान कैसे हो, इसे ध्यान में रखकर यह बजट तैयार किया गया है। पिछले वर्ष की तुलना में बजट में 15 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। राज्य को आगे ले जाने के लिए और अधिक संसाधनों की जरूरत होगी आने वाले समय में। आने वाले समय में इसका दूरगामी परिणाम दिखेगा। आगामी बजट में परिवर्तन दिखेगा।

सरकार ने नौजवानों से पूछा – हम किस रास्ते पर चलें : मुख्यमंत्री ने नियोजन नीति पर कहा कि हमने राज्य के नौजवानों से पूछा कि किस रास्ते पर चलें। वर्तमान परिस्थित को दुरुस्त करने में थोड़ा समय लगेगा, लेकिन, विकास की गति न धीमी होगी, न रुकेगी। इसी कड़ी में सारी चीजों को बेहतर करते हुए सरकार आगे बढ़ेगी।

यह बजट राज्य के विकास से कोसों दूर है : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह बीजेपी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सरकार ने 2023-24 के लिए जो बजट पेश किया है, देखने-सुनने में तो बहुत अच्छा लगता है, लेकिन यह बजट राज्य के विकास से कोसों दूर है। राज्य में 60

फीसदी से अधिक लोग खेती पर ही आधारित हैं और 80 फीसदी से ज्यादा लोग गांवों में रहते हैं। सिंचाई की सुविधा नहीं के बराबर है। आज के बजट में खेती, ग्रामीण विकास और सिंचाई पर कुल बजट का लगभग 12.5 प्रतिशत राशि ही बजटीय उपबंध किया गया है। ऐसे में गांवों और किसानों की हालत कैसे सुधारी जायेगी? यह समझ से परे है।

'क्रियान्वयन वर्ष' की झलक बजट में दिख रही

योजनाओं पर व्यय का फोकस

- घोषणाएं धरातल पर उतरी, तो दिखेगा बदलाव

प्रशांत झा

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए शुक्रवार को बजट पेश कर दिया। वित्त मंत्री रामेवर उरांव ने चौथी बार बजट पेश किया। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य लगातार प्रगति के पथ पर है। इस बार सरकार ने पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले 15 फीसदी अधिक का बजट पेश किया है। वित्तीय वर्ष 2023-2024 को सरकार ने 'क्रियान्वयन वर्ष' के रूप में घोषित किया है। बजट में इसकी झलक दिख रही है। बजट में पूंजीगत व्यय को बढ़ाया गया है, वहीं स्थापना व्यय को कम किया गया है, यानी अगर राशि योजनाओं पर सही-सही खर्च होगी, तो निश्चय ही धरातल पर बहुत सी चीजें बदल जायेंगी।

योजना व्यय में 24 फीसदी की बढ़ोत्तरी

सरकार ने योजना व्यय में 24 फीसदी की बढ़ोत्तरी की है। चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में योजना व्यय 57259 करोड़ रुपये था। वहीं आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 70973 करोड़ रुपये है। पिछले तीन सालों में स्थापना और योजना व्यय का आकलन किया जाये, तो स्थापना व्यय में कमी आ रही है और योजना व्यय में लगातार वृद्धि हो रही है। यह विकास के लिए एक शुभ संकेत है। सरकार ने स्वास्थ्य, कृषि, बाल विकास, नागर विमानन समेत हर क्षेत्र में विकास योजनाओं को तरजीह दी है। राज्य में नये एयरपोर्ट बनाने की योजना है, तो छात्रों के लिए हॉस्टल और लाइब्रेरी भी बनेंगे। नये आंगनबाड़ी केंद्र भी बनेंगे, तो स्कूलों, आइटीआइ कॉलेजों आदि का जीर्णोद्धार भी होगा।

बजट तो बढ़ाया, लेकिन नहीं बढ़ेगा ऋण

सरकार ने एक लाख 16 हजार 418 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। इसमें राजस्व व्यय 84 हजार 676 करोड़ और पूंजीगत व्यय 31 हजार 742 करोड़ रखा गया है। बजट में खास बात यह है कि सरकार ने बजट आकार बढ़ाने के लिए ऋण का इस्तेमाल नहीं किया है, बल्कि अपने राजस्व को बढ़ाने की दिशा में कदम उठाती हुई दिख रही है। पूर्व के ऋण की राशि को नहीं बढ़ाया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष की तरह ऋण राशि 18 हजार करोड़ रुपये ही रहेगी। सरकार ने राजस्व संग्रह पर भी बल दिया है। सरकार अपने स्रोत से 30 हजार 860 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। जहां तक राजकोषीय घाटा की बात है, तो वह 11674.57 करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जो जीएसडीपी का 2.76 फीसदी है।

सामाजिक प्रक्षेत्र पर भी ध्यान:

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार गरीब, आदिवासी, युवा, महिला, किसान आदि के उत्थान की चर्चा करते हैं। उनका फोकस इनके विकास पर है। बजट में उनकी बात परिलक्षित भी हो रही है। सरकार आगामी बजट में युवा, महिला, बुजुर्ग, किसान समेत हर वर्ग का ध्यान रखते हुए दिख रही है। सामाजिक प्रक्षेत्र के लिए 43303.44 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सरकार ने मानकी, मुंडा आदि को दुपहिया वाहन देने, ट्रेनिंग कर चुके बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने, छात्रों को स्कॉलरशिप आदि की जो घोषणा बजट में की है, उसके लिए राशि का भी प्रावधान किया गया है। कुल मिलाकर बजट हर स्तर पर सटीक दिख रहा है। अब इसे विधानसभा से पारित होने और धरातल पर उतरने का इंतजार करना होगा।

झारखंड में एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर इडी का छापा

कोयला कारोबारी इजहार के घर से मिले तीन करोड़ रुपये

इजहार अंसारी पर निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के लिए पैसा वसूलने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबीग/ कुजू। झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की गयी। इडी की टीम ने राजधानी रांची और हजारीबाग में एक साथ 14 ठिकानों पर छापामारी की। इस दौरान हजारीबाग के एक कोयला कारोबारी के यहां से इडी की टीम ने 3 करोड़ रुपये कैश बरामद किये। इडी के अधिकारियों ने इस संबंध में अभी कोई भी विस्तृत जानकारी देने से इंकार किया है। उनका कहना है कि छापे की कार्रवाई खत्म होने के बाद विस्तृत जानकारी दी जायेगी। हजारीबाग में जिस कोयला कारोबारी के ठिकाने से 3 करोड़ रुपये जब्त किये गये हैं, उसका नाम मोहम्मद इजहार अंसारी है. वर्षों से वह कोयला के कारोबार से जुड़ा है। रामगढ़ के बोंगाबाड़ और मांडू में भी उसकी फैक्ट्री है। रामगढ़ में भी इडी ने छापामारी की। मोहम्मद इजहार हजारीबाग जिला के एक पूर्व विधायक और निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल का करीबी बताया जाता है।

पूजा सिंघल के करीबी इंजीनियर अशोक कुमार के यहां भी रेड

शुक्रवार को जिन लोगों के यहां इडी ने कार्रवाई की है, उसमें पूजा सिंघल के करीबी माइनिंग इंजीनियर रहे अशोक कुमार का रांची के हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित आवास भी शामिल है। अशोक सिंह झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड के पूर्व प्रोजेक्ट डायरेक्टर सह माइंस मैनेजर हैं। अशोक सिंह के संबंध में इडी लगातार जानकारियां जुटा रही थी। पुख्ता सबूत हाथ लगने के बाद इडी ने पूरी तैयारी के साथ सर्च ऑपरेशन चलाया।

पूजा सिंघल के लिए इजहार पर एकत्र करता था कट मनी

बताया जा रहा है कि मोहम्मद इजहार अंसारी कहकशां समूह की कंपनियों का संचालन करता है. उसके नाम पर एक करीब दर्जन शेल कंपनियां चलती हैं. यह भी आरोप है कि इजहार अंसारी खनन विभाग की पूर्व सचिव रहीं पूजा सिंघल के लिए कट मनी एकत्र करता था. पूजा सिंघल को पछले साल मनरेगा घोटाला मामले में गिरफ्तार कर लिया गया था। पूजा के सीए सुमन कुमार के यहां से 22 करोड़ रुपये जब्त किये थे।

हेमंत सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए खोला खजाना

ग्रामीण विकास

बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन की होगी शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरकार ने बजट पर सिंचाई योजना पर भी ध्यान दिया है। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि किसानों को सिंचाई कूप उपलब्ध कराने हेतु मनरेगा तथा राज्य योजना का अभिसरण करते हुए बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन नामक नयी योजना लागू करने का प्रस्ताव है। इस योजना के अंतर्गत 1 लाख किसानों की व्यक्तिगत भूमि पर सिंचाई कूप का निर्माण कराया जायेगा। इसके लिए राज्य योजना से प्रति लाभुक 50 हजार रुपये सामग्री मद में तथा शेष राशि मनरेगा योजना से देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आय के स्त्रोतों को बढ़ाते हुए रोजगार सृजन एवं जीवन स्तर को ऊंचा करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। वर्ष 2022-23 में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 9 करोड़ अनुमोदित मानवदिवस के विरूद्ध अब तक कुल 7.63 करोड मानवदिवस का सृजन किया गया है। वर्ष 2023-24 में भी 9 करोड़ मानव दिवस सृजन करने का लक्ष्य है। इसके लिए 1,260 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष में 3 हजार 5 सौ 42 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है।

बजट आकार
8,166 करोड़ रुपये

खाद्य सुरक्षा और पेयजल एवं स्वच्छता

जन वितरण प्रणाली दुकान से मोटा आनाज भी मिलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य सरकार ने अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के क्रम में जन वितरण प्रणाली अन्तर्गत मोटा अनाज वितरण किये जाने की योजना तैयार की है। इसके अतिरिक्त प्रोटीनयुक्त अन्य खाद्य सामग्रियों के वितरण भी किया जायेगा। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि प्रत्येक गरीब को नियमित रूप से ससमय पूरा राशन प्राप्त हो। राज्य के 60 लाख से अधिक परिवारों के 2 करोड़ 60 लाख लाभुकों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। अगले वित्तीय वर्ष में सूचना तकनीक का प्रयोग करते हुए खाद्य वितरण की प्रक्रिया के सुदृढीकरण एवं सरलीकरण का लक्ष्य रखा गया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से वंचित रह जाने वाले गरीब तबके को झारखंड खाद्य सुरक्षा योजना के माध्यम से जोड़ा गया है। इसके तहत 4 लाख से अधिक परिवारों के लगभग 20 लाख लाभुकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के सदृश खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

बजट आकार
खाद्य एवं आपूर्ति
2,750.15 करोड़ रुपये

लोगों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराया जायेगा:

वर्ष 2024 तक जल जीवन मिशन के तहत राज्य के कुल 61 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को कार्यरत घरेलू नल संयोजन (एफएचटीसी) के द्वारा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के लक्ष्य है। इसके विरुद्ध अबतक 18.87 लाख परिवारों को इस योजना से आच्छादित किया जा चुका है। आगामी वित्तीय वर्ष में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का लक्ष्य हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-11 अंतर्गत ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के आधार पर 2.005 गांवों को 1 स्टार. 202 गांवों को 3 स्टार एवं 229 गांवों को 5 स्टार घोषित किया गया है।

पेयजल एवं स्वच्छता
4,372.21 करोड़ रुपये

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा

आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं का मानदेय बढ़ेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के चयन एवं मानदेय नियमावली गठित की गयी है। इनके मासिक मानदेय में 3,100 से 4800 रुपये की बढ़ोत्तरी की गयी है। वर्ष 2023-24 से इनके मासिक मानदेय में 500 तथा 250 रुपये की वृद्धि की जायेगी। साथ ही इन सबों के लिए 500 रुपये प्रतिवर्ष प्रीमियम का भुगतान राज्य सरकार द्वारा करते हुए उन्हें सामूहिक बीमा योजना से आच्छादित करने का भी बजट में प्रस्ताव किया गया है।

सरकार महिला विकास और सशक्तिकरण की ओर लगातार कदम उठा रही है। इसी क्रम में विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन राशि महिलाओं में स्वच्छता के प्रसार के लिए निःशुल्क सेनेटरी नैपकीन का वितरण, प्रसव पूर्व गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने एवं प्रसव उपरांत मातृत्व केयर किट वितरण करने के उद्देश्य से महिला एवं किशोरी कल्याण योजना शुरू की जा रही है। सरकार ने सर्वजन पेंशन योजना की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य गरीब जरूरतमंद लोगों तथा अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को आर्थिक सहायता पहुंचाना है। इस योजना के अंतर्गत लगभग 11 लाख नये लाभुकों को जोड़ते हुए अब तक 21 लाख 8 हजार लाभुकों को आच्छादित किया गया है। इस योजना को आगामी वर्ष भी चालू रखा जायेगा। इसके लिए वर्ष 2023-24 में 2.131 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

आंगनबाड़ी केंद्र में आनेवाले बच्चों को पाठशाला पूर्व शिक्षा के लिए 'आंगनबाड़ी चलो अभियान योजना' प्रारंभ की जायेगी। इस योजना के तहत बच्चों को पोशाक एवं वर्कबुक तथा सभी केंद्रों में फर्नीचर इत्यादि उपलब्ध कराये जाने 190 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

बजट आकार
7,171 करोड़ रुपये

खास बातें:

- राज्य में आंगनबाड़ी केंद्रों का अपना भवन नहीं रहने से काफी दिक्कतें आती हैं. इसके मद्देनजर 800 नये आंगनबाड़ी भवन के निर्माण होगा। इसके तहत आगामी वित्तीय वर्ष में 100 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है।
- राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को 6 हजार रुपये प्रति केंद्र की दर से समेकित निधि उपलब्ध करायी जायेगी, ताकि छोटी-छोटी तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके।
- आंगनबाड़ी सेविकाओं को आधुनिक सूचना तंत्र से जोड़ने के उद्देश्य से सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्ट फोन उपलब्ध कराया जायेगा।

जल संसाधन और पंचायती राज

पटमदा और पलामू में मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजनाएं होंगी शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सोन कनहर मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना में भू-अर्जन प्रक्रिया की जटिलता से बचते हुए तथा इसके तीव्र कार्यान्वयन के मद्देनजर दुमका में मसलिया - रानेश्वर एवं देवघर जामताड़ा जिला में सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजनायें कार्यान्वित की जा रही हैं। इसी आधार पर आगामी वित्तीय वर्ष में पटमदा तथा पलामू मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना की योजना है। इसके लिए बजट में प्रावधान किया गया है।

पंचायत सचिवालय होंगे सुदृढ़:

आम लोगों को पंचायत स्तर पर सभी सुविधायें एक छत के नीचे उपलब्ध कराने का सरकार प्रयास कर रही है। इसके लिए सरकार ने आगामी बजट में पंचायत सचिवालय सुदृढीकरण योजना शुरू करने जा रही है। सभी पंचायत सचिवालयों में पंचायत कार्यालय के अतिरिक्त प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से सभी प्रकार के प्रमाण पत्र ऑनलाइन सुविधायें, बैंकिंग कोरेसपोंडेंट से संबंधित सुविधायें निर्धारित दिवस पर हल्का से संबंधित कार्य की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों के सामान्य पठन-पाठन हेतु प्रत्येक पंचायत सचिवालय में चरणबद्ध तरीके से पंचायत ज्ञान केंद्र की स्थापना की जायेगी। पंचायत सचिवालयों का जिला एवं राज्य स्तर से संवाद स्थापित करने तथा सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु 65 इंच का एलइडी टीवी लगाये जायेंगे।

बजट आकार
जल संसाधन
1,964 करोड़ रुपये

पंचायती राज
1,968 करोड़ रुपये

15वें वित्त आयोग की राशि ग्राम पंचायतों तक जायेगी:

15वें वित्त आयोग अनुदान मद में 1,307 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त होने की संभावना है, जिसमें से जिला परिषदों, को 10 प्रतिशत, पंचायत समितियों को 15 प्रतिशत तथा ग्राम पंचायतों को 75 प्रतिशत राशि दी जायेगी। उक्त राशि से संबंधित त्रिस्तरीय संस्थाओं द्वारा 30 प्रतिशत जलापूर्ति पर 30 प्रतिशत स्वच्छता पर और शेष 40 प्रतिशत का व्यय स्थानीय आवश्यकता आधारित योजनाओं पर किया जा सकेगा। इससे पंचायत स्तर पर आधारभूत संरचना की गंभीर खाई को पूरा किया जा सकेगा।

फसल सुरक्षा कार्यक्रम की होगी शुरुआत

कृषि एवं संबद्ध प्रक्षेत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य सरकार किसानों के उत्थान के लिए एक नयी योजना ला रही है। जिसका नाम है फसल सुरक्षा कार्यक्रम दिया गया है। इसके तहत कृषि के क्षेत्र में पेस्टीसाइड तथा फर्टीलाइजर का उपयोग कम करने तथा नवीनतम तकनीक के साथ जैविक खेती की दिशा में अग्रसर करने का उद्देश्य है। सरकार ने कृषि एवं संबद्ध प्रक्षेत्र के लिए बजट का आकार 4627 करोड़ रुपये रखा है। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि किसानों को ऋण से मुक्त करना, सूखा से राहत दिलाना और सबसे महत्वपूर्ण उनके आय में वृद्धि करना है झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के माध्यम से 45 लाख से अधिक किसानों के बीच 1 हजार 7 सौ 27 करोड़ रुपये की ऋण माफी की गयी। सुखाड़ राहत हेतु प्रत्येक किसान परिवार को 3,500 रुपये की दर से लगभग 13 लाख किसानों के खाते में 461 करोड़ रुपये अनुग्राहिक राशि हस्तांतरित की गयी। इन दोनों योजनाओं के लाभ से अब तक वंचित किसानों को वित्तीय वर्ष 2023-24 में लाभांवित किया जायेगा।

बजट आकार
4,627 करोड़ रुपये

मुख्य बातें:

- वर्ष 2023-24 में 5 एकड़ से कम क्षेत्र वाले तालाबों का मशीन से गाद हटाने तथा डीप बोरिंग इत्यादि योजना हेतु 500 करोड़ रुपये का प्रस्ताव।
- सौर ऊर्जा आधारित माइक्रोलिफ्ट इरिगेशन सिंचाई की व्यवस्था को कारगर बनाने में काफी किफायती है। इसकी उपयोगिता को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि समृद्धि योजना लागू की जायेगी।
- वर्ष 2023-24 में कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) एफपीओ के अनुदान मद में 50 करोड़ रुपये प्रस्तावित।
- राज्य सरकार द्वारा मिलेट उत्पादन को अधिकाधिक प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से झारखंड राज्य मिलेट मिशन प्रारंभ किया जायेगा, जिसके लिए 50 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत अधिक से अधिक लाभुकों को जोड़ने हेतु 300 करोड़ रुपये का बजटीय उपबंध किया गया है।
- गिरिडीह एवं जमशेदपुर में नये डेयरी प्लांट तथा रांची में मिल्क पाउडर प्लांट एवं मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की स्थापना हेतु 180 करोड़ रुपये का प्रस्ताव।
- दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन राशि 2 रुपये से बढ़ाकर 3 रुपये करने की घोषणा।
- लैम्पस / पैक्स के भंडारण क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से वर्ष 2023-24 में 100 एमटी क्षमता के कुल 566 एवं 500 एमटी क्षमता के 146 नये गोदामों का निर्माण करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत 1.40 लाख युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास

बजट आकार:
985.85 करोड़ रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत राज्य के 1 लाख 40 हजार युवक-युवतियों को कौशल प्रशिक्षण दिये जाने का लक्ष्य रखा है। प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार न मिलने की स्थिति में 6 माह तक पुरुषों को 1 हजार रुपये प्रतिमाह तथा महिलाओं और दिव्यांगों को 1 हजार 5 सौ रुपये प्रतिमाह दिया जायेगा। राज्य के संस्थान काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं। उनके द्वारा काफी पुराने पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा दी जा रही है, जिसकी वजह से प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं को नौकरी मिलने में कठिनाई होती है। उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो, इस दृष्टिकोण से वर्ष 2023-24 में आइटीआइ संस्थानों के आधारभूत संरचना के सुदृढीकरण, पाठ्यक्रम के उन्नयन तथा नये एवं आधुनिक तकनीकों का उपयोग से बेहतर शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध करने का प्रस्ताव बजट में किया गया है।

बोकारो और रांची में मेडिकल कॉलेज

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरकार ने बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया है। बजट का आकार 2019-20 के मुकाबले 70.42 फीसदी तक बढ़ गया है। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने बजट भाषण में कहा भी कि पोस्ट कोविड समय में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए आगामी वित्तीय वर्ष में बजट को बढ़ाया जा रहा है। बजट में बोकारो और रांची में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की घोषणा की गयी है। वहीं, पलामू, चाईबासा एवं दुमका में मनोचिकित्सा केंद्र की स्थापना की जायेगी। मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि स्वस्थ व्यक्ति से स्वस्थ समाज, स्वस्थ समाज से विकसित राज्य की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए हमारी सरकार राज्य के सभी नागरिकों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को हर प्रकार की स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित है।

बजट आकार:
7,040.90 करोड़ रुपये

मुख्य बातें:

- बोकारो एवं रांची में मेडिकल कॉलेज की स्थापना ।
- पलामू, चाइबासा एवं दुमका में मनोचिकित्सा केंद्र की स्थापना ।
- रांची में पीपीपी मोड पर अल्कोहल नशा विमुक्ति केंद्र खोला जाना।
- चलंत ग्राम क्लीनिक का संचालन एवं प्रबंधन
- नये नर्सिंग कॉलेज एवं फार्मेसी कॉलेज की स्थापना।

वन उत्पादों के प्रसंस्करण इकाइयों को प्रोत्साहित किया जायेगा

बजट आकार:
1162.70 करोड़ रुपये

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरकार ने बजट में वर्ष 2023-24 में लघु वन उत्पादों के प्रसंस्करण इकाइयों को प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव है। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी काफी संख्या में ऐसे गांव है, जो जंगल के बीचो-बीच अवस्थित है तथा अभी तक पक्की सड़क से नहीं जुड़े हैं। राज्य सरकार इन सभी गांवों को आगामी वित्तीय वर्षों में पक्की सड़क से जोड़ने का कार्य करेगी।

फोकस : अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण

मानकी, मुंडा, डकुआ को दुपहिया वाहन देगी सरकार

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

बजट आकार
3011.65 करोड़ रुपये

छात्रवृत्ति की राशि में लगभग तीन गुणा वृद्धि की

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरकार ने बजट में मानकी-मुंडा शासन व्यवस्था के तहत मानकी, मुंडा, डकुआ आदि की न्यायिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्य भूमिकाओं के महत्व को देखते हुए दोपहिया वाहन सुलभ कराने की योजना तैयार की है। बजट में इसकी घोषणा की गयी है। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि हमारी गठबंधन की सरकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के कल्याण और विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रयास कर रही है। 2014 के बाद प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति नियमावली 2022 का गठन करते हुए छात्रवृत्ति की राशि में लगभग तीन गुणा वृद्धि की गयी है। इस वित्तीय वर्ष में प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के अंतर्गत 22 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को 462 करोड़ से अधिक राशि का भुगतान किया गया है।

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना (सीएमइजीपी) के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांग युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए सस्ते दर पर ऋण और अनुदान का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 5 हजार 6 सौ आवेदन स्वीकृत करते हुए 46 करोड़ रुपये से अधिक राशि लाभुकों को ऋण के रूप में दी गयी है। वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना को जारी रखते हुए 2 लाख युवाओं को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्य बातें:
- अनुसूचित जनजाति के छात्र छात्राओं को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ निःशुल्क आवासन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, धनबाद, देवघर, बोकारो, चाईबासा आदि प्रमुख शहरों में चरणबद्ध तरीके से बहुमंजिला छात्रावासों के निर्माण कराने की घोषमा बजट में की गयी है।
- सभी छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को निःशुल्क भोजन एवं छात्रावास में रसोईया सहित अन्य कर्मी उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है।
- छात्रावासों में मॉडल लाइब्रेरी की स्थापना की जायेगी।
- जनजातीय संस्कृति एवं उनकी समृद्ध विरासत के संरक्षण हेतु जनजातीय संस्कृति एवं कला केन्द्रों में उनके पारम्परिक वाद्य यंत्रों की आपूर्ति किया जायेगा।

पथ निर्माण

रांची में इनर रिंग रोड के मिसिंग लिंक का निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने पथ निर्माण विभाग के बजट के बारे में कहा कि आधारभूत संरचना का विकास न केवल अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करता है, वरन यह सामाजिक विकास और सांस्कृतिक उन्नयन का भी वाहक है। राज्य गठन के समय राज्य में पथों की कुल लंबाई 54 सौ किमी थी, जो बढ़कर 13716 किलोमीटर हो गयी है। पथों का घनत्व वर्ष 2022-23 के प्रारंभ में 168 किमी प्रति 1,000 वर्ग किलोमीटर था, जो अब बढ़कर 172 किमी हो गया है। उन्होंने कहा कि राजधानी रांची में ट्रैफिक को सुगम बनाने के उद्देश्य से पिछले दो वर्षों में कई नयी योजनाएं प्रारंभ की गयी हैं। इनमें से रांची में सिरमटोली चौक से राजेंद्र चौक तक फ्लाइओवर, कांटाटोली फ्लाइओवर तथा विकास विद्यालय से नामकोम तक फोरलेन योजनाएं प्रमुख हैं। आगामी वित्तीय वर्ष में रांची मास्टर प्लान, 2037 के अनुरूप इनर रिंग रोड के मिसिंग लिंक के निर्माण का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 में बाह्य संपोषित परियोजना के अंतर्गत लगभग 400 किमी पथ निर्माण प्रस्तावित है। वर्ष 2023-24 में पथ निर्माण विभाग के लिए 5856.79 करोड़ रुपये) का बजट प्रस्तावित है।

बजट आकार
5856.79 करोड़ रुपये

इस साल ये परियोजनाएं होंगी शुरू
- साहेबगंज-बरहेट- जामताड़ा-दुमका-गोविंदपुर एडीबी पथ फोरलेन में उन्नयन।
- कोडरमा-जमुआ गिरिडीह-टुंडी-गोविंदपुर पथ का फोरलेन में उन्नयन ।
- सत्संग-भिरखीबाद पथ का फोरलेन में उन्नयन।

नगर विकास एवं आवास

शहरी जलापूर्ति योजनाओं के निर्माण पर जोर

बजट आवंटन :
3346.37 करोड़ रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। नगर विकास विभाग के बजट पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण, 2022 में स्वच्छता कार्यों हेतु देश के समस्त राज्यों में से झारखंड राज्य को (सौ निकायों से कम वाले राज्य की श्रेणी में) द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है तथा बुंडू एवं चाइबासा को फीडबैक श्रेणी में सम्मानित किया गया है। भारत सरकार द्वारा जमशेदपुर को थ्री स्टार कचरा मुक्त शहर एवं मानगो को वन स्टार कचरा मुक्त शहर प्रमाणित किया गया है। अमृत 2.0 योजना अंतर्गत रामगढ़ शहरी जलापूर्ति योजना, सिमडेगा शहरी जलापूर्ति योजना तथा 45 तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य करने का प्रस्ताव है। एशियन विकास बैंक द्वारा संपोषित योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में झुमरीतिलैया शहरी जलापूर्ति योजना, मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना एवं रांची इन्टेक वर्क्स का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। विश्व बैंक द्वारा संपोषित झारखंड म्युनिसिपल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (जेएमडीपी) अंतर्गत वर्ष 2023-24 में लोहरदगा, गुमला एवं कपाली नगर निकायों में शहरी जलापूर्ति योजनाओं का निर्माण कार्य प्रारंभ करने का प्रस्ताव है। वर्ष 2023-24 में नगर विकास एवं आवास विभाग के लिए 3346.37 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है।

13 लाख उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर की सुविधा

बजट आवंटन :
7769.10 करोड़ रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

ऊर्जा विभाग

रांची। ऊर्जा विभाग के बजट पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य में गुणवत्तापूर्ण निर्बाध बिजली आपूर्ति करना सरकार का लक्ष्य है। 100 यूनिट बिजली मुफ्त योजना के तहत राज्य के सभी घरेलू एवं शहरी उपभोक्ताओं को 100 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ अगस्त, 2022 से दिया जा रहा है। इस योजना का लाभ लगभग 18 लाख उपभोक्ता उठा रहे हैं। वर्ष 2023-24 में इस योजना को जारी रखने हेतु बिजली उपभोक्ताओं को सब्सिडी प्रदान करने के लिए 2300 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। केंद्र सरकार की योजना नवीकृत वितरण सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत राज्य सरकार के पावर लॉस को कम करने एवं वितरण व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए पुराने तार को एबी केबुल से बदलने, नये पावर सब स्टेशन बनाने, पुराने ट्रांसफारमर को बदलने और नया लगाने के साथ-साथ लगभग 13 लाख उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर युक्त करने की योजना प्रस्तावित है। इसके अलावा पतरातू अवस्थित एनटीपीसी के साथ संयुक्त उपक्रम के तहत विद्युत उत्पादन के लिए प्लॉट अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है, जिसे पूर्ण करते हुए शीघ्र ही विद्युत उत्पादन करते हुए उद्योग एवं अन्य सभी प्रकार के उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध कराया जाना है। उन्होंने कहा कि गैर पारंपरिक ऊर्जा के क्षेत्र में भी राज्य सरकार ने हाल में ही सोलर पॉलिसी लागू की है। इसके तहत फ्लोटिंग सोलर प्लांट अधिष्ठापन हेतु गेतलसूद में पूर्व से स्वीकृत योजना के अतिरिक्त चांडिल में भी पीपीपी मोड में प्लांट अधिष्ठापन का प्रस्ताव है। वर्ष 2023-24 में तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड (टीवीएनएल) का क्षमता विस्तार एवं सामर्थ्य संवर्धन का प्रस्ताव है। साथ ही टीवीएनएल को आवंटित कोल ब्लॉक राजबार माइंस को प्रारंभ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विद्युत हमारे रोजमर्रा के जीवन और समग्र विकास की रीढ़ है। वर्ष 2023-24 में 7769.10 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है।

ग्रामीण कार्य

31 सौ किमी सड़क और 143 पुलों का निर्माण कार्य शुरू होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत केंद्र सरकार से स्वीकृत लगभग 31 सौ किमी सड़कें तथा 143 पुलों के निर्माण कार्य प्रारंभ करने की योजना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत आगामी वित्तीय वर्षों में सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र, बाजार-हाट, पंचायत कार्यालय, मध्य/उच्च विद्यालय, पोस्ट ऑफिस/बैंकों को पक्की सड़क से जोड़ने का प्रस्ताव है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं ग्रामीण अभियंत्रण संगठन के पुरानी सड़कों के चरणबद्ध तरीके से जीर्णोद्धार करने हेतु सतह नवीकरण-सह-विशेष मरम्मति योजना प्रारंभ की गयी है। इसके तहत पूर्व में निर्मित ग्रामीण सड़कें, जिनका निर्माण कार्य के पश्चात कभी भी मरम्मति नहीं की गयी थी, वर्ष 2023-24 में लगभग तीन हजार किमी वैसी ग्रामीण सड़कों की सतह नवीकरण सह विशेष मरम्मति कराने का प्रस्ताव है। वर्ष 2023-24 में ग्रामीण कार्य विभाग के लिए 4293.57 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है।

बजट आवंटन
4293.57 करोड़ रुपये

पुराने औद्योगिक क्षेत्रों का होगा पुनर्निर्माण

बजट आवंटन :
474.50 करोड़ रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

उद्योग विभाग



रांची। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने उद्योग विभाग के बजट के बारे में कहा कि पुराने औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिसका कुप्रभाव औद्योगिक इकाइयों पर पड़ रहा है। इसलिए राज्य सरकार आगामी वित्तीय वर्ष में सभी पुराने औद्योगिक क्षेत्र के पुनर्निर्माण करने की कार्रवाई करेगी। साथ ही क्षेत्रीय संतुलन बनाने तथा औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की संभावनाओं को देखते हुए नये औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण का प्रस्ताव है। वर्ष 2023-24 में एमएसएमइ (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) क्षेत्र के माध्यम से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर प्रदान करने, ग्रामीण क्षेत्रों के औद्योगिकीकरण और क्षेत्रीय असंतुलन को कम करने के लिए एक डेडिकेटेड एमएसएमइ (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) निदेशालय स्थापित करने का प्रस्ताव है। साथ ही, एमएसएमइ के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहन प्रदान करने और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए नयी एमएसएमइ पॉलिसी लागू करने का भी प्रस्ताव है। झारखंड फूड / फीड प्रसंस्करण प्रोसेसिंग इंडस्ट्री पॉलिसी, 2015 के तहत बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन तथा निवेश हुआ है तथा कृषि उत्पाद का मूल्या संवर्धन एवं किसानों की आय तथा उत्पादों की गुणवत्ता में वृद्धि हुई है। झारखंड फूड/फीड प्रसंस्करण प्रोसेसिंग इंडस्ट्री पॉलिसी, 2015 के दो वर्षों के विस्तार के उपरांत नयी खाद्य प्रसंस्करण नीति गठित करने का प्रस्ताव है। राज्य में उद्योगों के विकास और विस्तार विशेषकर मध्यम, लघु और सूक्ष्म उद्योगों को प्रधानता देते हुए वर्ष 2023-24 में उद्योग विभाग के लिए 474.50 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है।

गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन

चक्रधरपुर और चांडिल में उप कारा का निर्माण होगा

बजट आवंटन :
9158.25 करोड़ रुपये

रांची (आजाद सिपाही)। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य के सभी जिलों में अवस्थित पुलिस लाइन का चरणबद्ध सुदृढ़ीकरण किये जाने की योजना है। इसके तहत पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, मुसाबनी, जामताड़ा एवं पाकुड़ पुलिस लाइन में क्वार्टर निर्माण, गोड्डा पुलिस लाइन में रिजर्व ऑफिस, क्वार्टर परेड ग्राउंड आदि के निर्माण का प्रस्ताव है। राज्य के कारागारों में व्याप्त ओवरक्राउंडिंग की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से नये कारा का निर्माण तथा चक्रधरपुर और चांडिल में उप कारा का निर्माण प्रस्तावित है। माननीय न्यायालय में राज्य कारागारों के बंदियों के उपस्थापन / विचारण हेतु विभिन्न कारागारों / संबंधित व्यवहार न्यायालयों में वीडियो कांफ्रेंसिंग सिस्टम का अधिष्ठापन कराया जाना प्रस्तावित है। वर्ष 2023-24 में गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के लिए 9158.25 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है।

हेमंत सोरेन सरकार का हमर अपन बजट लोक कल्याणकारी बजट : सुप्रियो

रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार का हमर अपन बजट लोक कल्याणकारी बजट है। उन्होंने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता आम लोगों की बुनियादी चीजें स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, कल्याण, ऊर्जा, पर्यटन को सर्वोपरि रखा गया है। श्री भट्टाचार्य शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पहली बार इस राज्य में एक लाख करोड़ से ज्यादा बजटीय प्रावधान और लक्ष्य हम लोगों ने तय किया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में पहली बार शिक्षा को, स्वास्थ्य को और ग्रामीण विकास को एवं किसानों को एक खास लक्ष्य के साथ सामने लाया गया है। शिक्षा के शुद्धिकरण के लिए तकनीकी शिक्षा के साथ आवासीय शिक्षा को खास तरजीह दी गयी है। शिक्षा और स्वास्थ्य में बजट का प्रावधान 12 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ाने का काम किया है। बजट से साढ़े तीन करोड़ झारखंडी जन सीधे तौर से जुड़े हुए है। श्री भट्टाचार्य रघुवर सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि केवल ठेकेदारी के लिए बड़े भवनों का निर्माण, डैम का निर्माण उसमें लूट रघुवर सरकार की प्राथमिकता थी, लेकिन आम लोगों का बुनयादी विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमलोग एक मजूबत झारखंड की ओर बढ़ रहे हैं। यह बजट ऐसे दौर में आया है। जब देश गंभीर आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। हमलोग का जीडीपी राष्ट्रीय स्तर से ज्यादा नौ प्रतिशत होगा।

झारखंड राज्य को तेज गति से विकास देने वाला यह बजट है : राजेश ठाकुर

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य को तेज गति से विकास देने वाला यह बजट है। यह गांव, गरीब, मजदूर, किसान, नौजवान को ध्यान में रख कर बनाया गया बजट है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी दर 7 प्रतिशत से घट कर 03 प्रतिशत रह गयी है। दूध उत्पादन में प्रोत्साहन राशि 02 रुपया से बढ़ा कर 03 रुपया प्रति लीटर कर देने से राज्य के दूध उत्पादकों को फायदा मिलेगा। ऑल्ड पेंशन स्कीम के लिए पेंशन कोष गठित करने का फैसला सराहनीय है। बजट में वित्तीय अनुशासन का पूरा-पूरा ध्यान रखा गया है। सरकार का वित्तीय घाटा अनुशासित सीमा के अंदर है। स्थापना मद से ज्यादा योजनाओं पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में तालाबों का जीर्णोद्धार पर जोर दिया गया है साथ ही सिंचाई व्यवस्था और जल संरक्षण के लिए पांच एकड़ से कम क्षेत्रवाले तालाबों का मशीन से गाद हटाने और डीप बोरिंग कराने पर पांच सौ करोड़ रुपये खर्च करने का उपबंध किया जाना क्रांतिकारी फैसला है। वहीं, सौर ऊर्जा आधारित माइक्रो लिफ्ट एरिगेशन के लिए कृषि समृद्धि योजना लाया जाना साहसिक फैसला है। जैविक खेती को प्रोमोशन दिये जाने का उपबंध बजट के अंदर है। फसल सुरक्षा कार्यक्रम से किसानों को लाभ मिलेगा। यह वास्तव में झारखंड के आम आवाम का हमीन कर बजट है।

झारखंड सरकार कर बजट हमीन कर बजट नहीं बल्कि लूट कर बजट है: दीपक प्रकाश

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के द्वारा पेश किए गये बजट को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने लूट का बजट कहा। श्री प्रकाश शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस से कहा कि झारखंड सरकार के इस बजट का अवलोकन करने से साफ प्रतीत होता है कि यह बजट राज्य को लूटने के लिए तैयार किया गया है। यह बजट दिशाहीन बजट है। श्री प्रकाश ने कहा कि जब तक राज्य में भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगेगा तब तक झारखंड का भला नहीं होने वाला है। उन्होंने राज्य सरकार की विजन पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार बजट तो बनाती है लेकिन उसे धरातल पर उतार नहीं पाती है। उन्होंने कहा कि राज्य का बजट गांव, किसान,मजदूर जो आवश्यक चीजों से वंचित है उन्हें केंद्र बिंदु में रखकर बनाया जाना चाहिए था। राज्य के आधारभूत संरचना को मजबूत करने वाला बजट होना चाहिए था। श्री प्रकाश ने कहा कि पिछले बजट में से मात्र 44 प्रतिशत ही खर्च कर पायी। यह सरकार की कथनी और करनी को उजागर करने के लिए काफी है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास बजट की राशि को खर्च करने की योजना तथा नियत ही नहीं है। केंद्र सरकार के द्वारा गत्य विकास योजना के तहत जो राशि राज्य सरकार को दी गयी थी उस पैसे को राज्य सरकार खर्च ही नहीं कर पायी है। यह बजट आदिवासी, महिला, दलित, गरीब और मजदूर विरोधी बजट है। इस मौके पर प्रदेश के कोषाध्यक्ष दीपक बंका, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, अमित सिंह, मृत्युंजय शर्मा, राहुल अवस्थी मौजूद थे।

राज्य सरकार बजट के नाम पर बस खानापूर्ति कर रही है: सुदेश महतो

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार द्वारा पेश किये गये बजट को लेकर झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने झूठ का पुलिंदा बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में बुनियादी सवालों को दरकिनार किया गया। आम लोगों, गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और बेरोजगारों के लिए बजट में कुछ भी नहीं है। ऐसा प्रतीत हो रहा कि सरकार बजट के नाम पर बस खानापूर्ति कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य बस समय काटना है। स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क, इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर कोई फोकस नहीं। आंकड़ों को सजाकर सरकार भारी-भरकम बजट तो बना रही है, लेकिन समय पर पैसे कैसे खर्च हों, समेकित विकास की रूपरेखा कैसे तय हो, खनन संपदा की लूट कैसे रुके, राजकोषीय घाटा कैसे सुदृढ़ हो, इसे सुनिश्चित करने में सरकार लगातार नाकाम साबित होती रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय भाषा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने पहल तो की लेकिन इसमें नागपुरी, कुडमाली, पंचपरगनिया, खोरठा भाषाओं को शामिल नहीं किया है। यह दुखद है।

ख्याली पुलाव है बजट : मनीष जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि यह घोर निराशाजनक बजट है। इस बजट के माध्यम से एक बार फिर झारखंड सरकार ने ख्याली पुलाव खिलाकर राज्य की जनता को ठगने का प्रयास किया। इस बजट से जनता किसी भी भ्रम में ना रहें, इससे कोई उम्मीद ना पालें। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि पिछले 3 वर्षों में अपने वित्तीय को प्रबंधन और संसाधनों की बंदरबांट का नमूना पेश कर चुकी झारखंड सरकार के पास ना नीति है ना नियत।

टीम ब्लॉक नौ विकेट से जीता

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जा रहे रमेश प्रसाद यादव मेमोरियल सीनियर क्रिकेट लीग में शुक्रवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में टीम ब्लॉक और यंग स्पोर्टिंग के बीच मैच खेला गया। यंग स्पोर्टिंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए यंग स्पोर्टिंग ने 19.3 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 60 रन बनाये। जिसमें विक्रम कुमार 22 और प्रिंस पाण्डेय ने 13 रनो का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए टीम ब्लॉक की ओर से शुभम चौहान, करण सिंह और संगम चौहान ने दो दो विकेट लिये। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी टीम ब्लॉक ने 6 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 61 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। जिसमे निलेश कुमार 30 संदीप चौहान 11 और सागर चौहान ने 10 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुये यंग स्पोर्टिंग की ओर से एक मात्र विकेट सिद्धांत सिंह ने लिया। मैन ऑफ द मैच टीम ब्लॉक के शुभम चौहान को केडीसीए पदाधिकारी बसंत सिंह ने दिया। मैच में अंपायर बसंत सिंह और आशीष यादव तथा स्कोरर रवि यादव थे। मौके पर केडीसीए अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, सचिव दिनेश सिंह, विवेकानंद चौधरी, मनोज सहाय पिंकू, अनील सिंह, विनोद विश्वकर्मा, आलोक पांडे, सुमन कुमार, टूर्नामेंट चेयरमैन सोनू खान, ओम प्रकाश, धर्मेंद्र कौशिक, सुरेंद्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

दो बाइक की टक्कर में 4 युवक घायल

कोडरमा(आजाद सिपाही)। शुक्रवार को कोडरमा थाना अंतर्गत दिबौर में दो मोटरसाइकिल की टक्कर में चार युवक घायल हो गये। घायलों की पहचान संटू तुरिया उम्र 25 पिता चंदो तुरिया, सुरेश सिह उम्र 22 पिता भुनेश्वर सिंह, शंकर कुमार उम्र 22 स्वर्गीय जगो सिंह दिबौर के रूप में हुयी है। जानकारी के अनुसार बाइक से सभी मेघातारी जा रहे थे, दिबौर के पास जोरदार टक्कर हो जाने से दोनों बाइक सवार चार युवक घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहा इलाज चल रहा है।

तीन घरों से जेवरात समेत लाखों की चोरी

डोमचांच(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के एक किलोमीटर दायरे में तीन घरों से जेवरात समेत लाखों की चोरी कर ली गयी। बीती रात माथाडीह के गणपति चौक के निकट तीन घरों में अपराधी घुसे और नगदी रुपए सहित आभूषणों की भी चोरी कर ली। चोरी जिनके घर हुआ उनमें विक्की कुमार पिता स्वर्गीय सहदेव साव, राजकुमार साव पिता बिहारी साव, सपना देवी पति रंजन सिंह के नाम शामिल हैं। पीड़ित परिवारों के द्वारा बताया गया कि नगदी रुपए और आभूषण मिलाकर लाखों रुपए की संपत्ति की चोरी हुयी है। घटना को लेकर पुलिस मामले की जांच करने में जुट गयी है। ज्ञात हो कि घंट माह पहले डोमचांच के जेके मार्केट में भी लाखों के जेवर पर चोरों ने हाथ साफ किया था जिसका अब तक पुलिस उद्भेदन नहीं कर सकी है।

कमेटी की बैठक

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा निर्माण कमिटी की बैठक साहू धर्मशाला झुमरीतिलैया में कमिटी के अध्यक्ष विकास कुमार की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में कहा गया कि झुमरी तिलैया बाईपास रोड मे वर्षों से स्थापित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल को जिला प्रशासन एवं नगर परिषद झुमरीतिलैया के द्वारा बार-बार अतिक्रमण करने की साजिश चल रही है जिसको लेकर कोडरमा जिले में अंबेडकर के बताये रास्ते पर चलने वाले विचारधारा के लोगों को एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। बैठक में 6 मार्च 2023 को बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा निर्माण समिति के लोग कोडरमा उपायुक्त से 11 सदस्य प्रतिनिधि मंडल मिलकर वार्ता करने का फैसला लिया गया है। संतोषजनक वार्ता नहीं हुयी तो तुरंत बैठक कर बड़ा आंदोलन करने पर विचार किया जायेगा। बैठक में दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष इंद्रदेव राम, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश रजक, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज रजक, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर, डॉ कैलाश प्रसाद, खगेंद्र राम, अरुण कुमार, कृष्णा कुमार दास, राजेंद्र दास, नवरंग राम, दुर्गा प्रसाद राम, मनोज कुमार दास, महेंद्र दास, राजेश दास आदि लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ कैलाश प्रसाद ने किया।

दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

कोडरमा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सदर अस्पताल के चिकित्सकों को बुलाया गया था। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डा रमण कुमार ने सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएं दी। राज्य से आए प्रशिक्षक डा सिद्धार्थ विस्वाल एवं काशीनाथ चक्रवर्ती ने प्रशिक्षण आरंभ किया। उसके बाद डॉ सिद्धार्थ विस्वाल ने कुष्ठ की लक्षण, प्रसार, जांच एवं इलाज के समय आने वाले कठिनाइयों के बारे में चर्चा की। प्रशिक्षण लेने के लिए फिजियोथेरेपिस्ट राजीव रंजन, डॉ परिमल तारा, डॉ मुन्ना प्रसाद, डॉ राकेश कुमार सिंह, डॉ सत्यनारायण भकत, डॉ कुमार सौरव, डॉ पल्लवी कुमारी, डॉ सुनील कुमार, डॉ शरद कुमार, डॉ मोना, डॉ रविकांत, डॉ धनंजय कुमार मौजूद थे।

शांति समिति की बैठक आज

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। थाना परिसर मरकच्चो में 4 मार्च संध्या 4 बजे हिन्दुओं का प्रमुख त्योहार होली व मुस्लिम धर्मावलम्बियों का त्योहार शबे बारात शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बैठक आहूत की गई है। उत्त आशय की जानकारी मरकच्चो थाना प्रभारी लव कुमार ने दी। उन्होंने आयोजित बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि समाजसेवी एवं गणमान्य लोगों को उपस्थित होने की अपील की है।

बजट में शिक्षा राशि में कटौती : यावद

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। जगरनाथ महतो इंटर महाविद्यालय उरूका के अर्थशास्त्र के प्रोफेसर राजेंद्र यादव ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बजट में जहां पुरानी पेंशन नीति, मुख्यमंत्री सृजन योजना के माध्यम से युवक- युवतियों को कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से बेरोजगारी साधने, मिलेट मिशन के माध्यम से किसानों को राहत पहुचाने का प्रयास किया गया है। वहीं जहां पिछले बार की तुलना में बजट की राशि में 15% की वृद्धि की गई है, और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का बजट 13.54% से घटाकर 11% करना सरकार की शिक्षा के प्रति उदासीनता को दर्शाता है।

बजट में बेरोजगारों पर ध्यान: गणेश

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है की हेमंत सरकार ने 1,16,418 करोड़ का बजट पेश किया है इसमें आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्टफोन देने, बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने, दिव्यांगों को पेंशन बढ़ाने शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दी गई है पर रोजगार सृजन करने पर यह बजट में कोई प्रावधान नहीं है यह बजट भी बीते बजट की तरह कहीं हवा हवाई साबित ना हो जाये।

सिद्धों-कान्हो कृषि और वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। नैन्सी सहाय, उपायुक्त -सह-अध्यक्ष सिद्धों-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी की अध्यक्षता में हजारीबाग जिला के कृषि एवं वनोपज के सतत विकास के लिए आवश्यक बैठक की गयी। सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि, हजारीबाग के निदेशक पर्षद की बैठक में सहकारी संघ के उदेश्य, कार्यालय व्यवस्था, स्थापना व्यय बजट, वर्ष 2023-24 के लिये कार्ययोजना प्रस्ताव, भण्डारण की बेहतर व्स्था, प्रबन्धन पर चर्चा, कार्यशील पूँजी की मॉग एवं उपविधि मे संशोधन हेतु सुझाव मांगे गये, साथ ही प्रखण्ड एवं जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन एवं प्रभावी प्रचार-प्रसार पर योजना प्रस्ताव पर विचार किया गया इसके अलावा संघ की सदस्यता ग्रहण करने के अभियान पर बल दिया गया। उपायुक्त ने निदेश दिया कि छूटे हुये लैंप्स को सदस्यता दिलायी जाय। किसानों के सतत विकास करते हुये, उनके हर उपज को बढ़ावा देना, धान अधिप्राप्ति जैसे महत्वपूर्ण कार्य का क्रियान्वयन। सिद्धो कान्हु कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड, हजारीबाग के निदेशक पर्षद की बैठक में कार्यालय व्यवस्था, स्थापना व्यय बजट, वर्ष 2023-24 के लिये कार्य योजना प्रस्ताव, भंडारण व्यवस्था पर चर्चा, कार्यशील पूंजी की मांग, उपविधि में संशोधन हेतु सुझाव, प्रखंड एवं जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन एवं प्रचार-प्रसार, राज्य संघ की सदस्यता ग्रहण आदि विषय पर चर्चा हुयी। इस बैठक का उद्देश्य कृषि एवं अनुषंगी गतिविधियों तथा वनोपज के व्यवहार से ठेकेदारी प्रथा को पूर्ण रूप से समाप्त कर अनुसूचित जनजाति एवं ग्रामीणों को उनके द्वारा उत्पादित एवं संग्रहित उत्पादों का उचित पारिश्रमिक दिलवाना कृषि एवं वनोंपज जैसे धान, गेहूं, सब्जी, फल, लाह, इमली, कोदो, कुटकी, सरगुजा, चिरौंजी, चिरैता, आंवला, महुआ, करंज, बहेड़ा, रेशम आदि का उत्पादन एवं क्रय विक्रय की ऐसी व्यवस्था करना जिससे कि सदस्यों को इसका उचित लाभ मिल सके है।

अग्निशमन विभाग द्वारा किया गया फायर सेफ्टी को लेकर मॉक ड्रिल

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। जिला समाहरणालय परिसर में शुक्रवार को उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार अग्निशमन विभाग द्वारा फायर सेफ्टी को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। राज्य के अलग अलग हिस्से में हुये आगजनी की घटना से बचाव को लेकर यह मॉक ड्रिल आयोजित किया गया। अक्सर कई बार देखा जाता है कि कयी पर आग लग जाती है लेकिन आम आदमी आग पर नियंत्रण करने में असमर्थ रहता है। फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल करते हुए बताया गया की किसी भी संस्थान में हर कर्मचारी व आम आदमी को फायर सेफ्टी की ट्रेनिग लेनी चाहिये, ताकि आग पर काबू पाने में सक्षम हो सके। फायर ब्रिगेड की टीम के द्वारा आगजनी से किस प्रकार से बचाव करना चाहिए इसके कई गुर समाहरणालय भवन के कर्मियों को सिखाया गया। तीन मंजिला भवन में विभिन्न विभागों के कार्यालय संचालित है जिनमें कई महत्त्वपूर्ण कागजात संधारित है साथ ही सभी मंजिलो में फायर सेफ्टी के उपकरण लगाये गये है जिसके उपयोग के हेतू प्रशिक्षण आवश्यक है। इसी क्रम में मॉक ड्रिल के दौरान गैस सिलेंडर और कागजों में आग लगाकर फायर सेफ्टी उपकरण के माध्यम से आग पर काबू पाने के तरीके बताए गए। इस मॉक ड्रिल में अग्निशामक और फायर एक्सटिंग्विशर के जरिए गंभीर आगलगी में आग पर काबू, खुद के साथ दूसरे के जान बचाने के गुर भी सिखाया गया। फायर ब्रिगेड द्वारा मॉक ड्रिल कर उपस्थित कर्मियों से भी अभ्यास करवाया गया।

बड़कागांव में शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी अमित किस्कू व संचालन थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की ने किया। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा रंगों और भाईचारे का त्योहार है इसे सभी लोग मिलजुल कर मनाएं। आगे उन्होंने कहा कि लोग शराब से दूर रहें। शराब के वजह से ही आपस में झगड़ा झंझट होता है। अंचलाधिकारी अमित किस्कू एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से कहा की होली रंगों और भाईचारे का त्यौहार है। थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा कि सोशल मीडिया में अफवाह फैलाया जाता है उस पर ना आवे। साथ ही किसी भी प्रकार का भड़काऊ मैसेज नही भेजेंगे पकड़े जाने पर उन पर निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि डीजे साउंड बजाने पर प्रतिबंध है डीजे साउंड ना बजायें इसके साथ-साथ भड़काऊ गाना भी किसी प्रकार से नहीं बजना चाहिये। आगे उन्होंने सभी बड़कागांव वासियों को जानकारी देते हुये कहा कि होली के बाद सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने के लिये चेकिंग अभियान चलाया जायेगा 18 साल के नीचे वाले बच्चों को मोटरसाइकिल चलाने नहीं दें अन्यथा उस पर 25000 फाइन और हवालात की हवा खानी पड़ सकता है। मौके पर उपप्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, बिमला देवी, तकरीमुल्ला खान, परसनाथ महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, कुशवाहा कर्णपुरा क्षेत्र के अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, जागदेव विचार मंच के अध्यक्ष उमेश दांगी, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, जीप सदस्य प्रतिनिधि मो इब्राहिम, रामसेवक सोनी, दीपक दास, बेचन साव, जगतनंदन प्रसाद गुप्ता, भीखन महतो, चंदनपुरी, प्रभु राम, राजकुमार साव, कृष्णा सिंह, पंचम प्रसाद, श्रीकांत निराला, उपेंदर मेहता, अशोक साव, महेंद्र महतो, हीरा लाल साव, अशोक साव, बसंत नारायण सिंह सहित बुद्धिजीवी ,समाजसेवी ,एवं बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

होली मिलन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के कपका बाजार टांड़ में प्रखंड स्तरीय नाई समाज का समीक्षा बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक कि अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर व संचालन प्रखंड सचिव भागीरथ ठाकुर ने किया। मौके पर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर प्रखंड महा संयोजक समन ठाकुर, महेश ठाकुर, डॉ मनोज ठाकुर , पंकज ठाकुर, बहादुर ठाकुर ,अर्जुन ठाकुर, पंकज, वीरेंद्र ठाकुर ,रामचंद्र ठाकुर, दीपक शर्मा, संजय शर्मा, रमेश ठाकुर ,रामचंद्र ठाकुर, भुनेश्वर ठाकुर, चिंतामन ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, उपेंद्र कुमार शर्मा, संतोष कुमार शर्मा, संतोष ठाकुर ,महिला मोर्चा के अध्यक्ष रिंकी देवी, शिल्पी देवी, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

दारु। दारू थाना परिसर में शुक्रवार को होली एवं शबे बरात को लेकर शांति समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार राय की अध्यक्षता में की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि त्यौहार को अपने परिवार के साथ अच्छे से मनावे, अधिकतर लोग होली में शराब पीकर रोड पर बैठ जाते है जिसके कारण कोई बडी दुर्घटना घट सकती है। अंचलाधिकारी नीतू कुमारी ने कहा कि डीजे बजाना सख्त मना है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि होली के त्यौहार में बच्चों को मोटरसाइकिल ना दे। बच्चों को अपनी देखरेख में रखें । शराब पीकर वाहन चलाने से कोई भी बड़ी घटना घट सकता है।

फूल और अन्य प्राकृतिक चीजों महिलायें बनाती हैं गुलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। जिले के दारू प्रखंड अन्तर्गत पेटो गांव की महिलाएं समूह से जुड़कर प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल कर हर्बल गुलाल बना रही हैं। हर्बल गुलाल तैयार करने में प्राकृतिक फल एवं फूलों का इस्तेमाल किया जा रहा है। स्थानीय उपलब्ध पालक, पलाश का फूल, गेंदा फूल, गुलाब फूल, बीट, जैस्मिन तेल, अरारोट, चंदन और मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमल कर हर्बल गुलाल तैयार किया जाता है। यह गुलाल गुलाल पूरी तरह ऑर्गेनिक एवं केमिकल रहित जो शरीर की त्वचा एवं आंखों को नुकसान नहीं करता है। साथ ही इसमें प्रयोग किये जाने वाले ब्यूटी प्रोडक्ट जैसे जैस्मिन तेल, चंदन, मुल्तानी मिट्टी आदि त्वचा के लिए फायदेमंद हैं। ऐसे तैयार किया जाता है गुलाल झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शांति मार्डी ने बताया समूह की महिलाएं, विभिन्न प्रकार के फूल पत्ती और फलों को सबसे पहले गर्म पानी में उबालकर मिक्सर में पीसकर इसका मिश्रण तैयार करती हैं। फिर अरारोट के आटे में मिलाकर इसे अच्छी तरह से गूंथती हैं। इसके बाद इसे अच्छी प्रकार से पीसती हैं। इसके बाद उसमें चंदन, नायसिल पाउडर और थोड़ा सा नेचुरल परफ्यूम मिलकार इससे हर्बल गुंलाल तैयार किया जा रहा है। गुलाल तैयार होने के बाद इसे आकर्षक पैकेट में पैकेजिंग कर जेएसएलपीएस के विभिन्न स्थानों पर स्थापित क्रय केन्द्र प्लाश मार्ट में बिक्री के लिए भेजा जाता है। डेढ़ सौ ग्राम वजन के हर्बल गुलाल के पैकेट की कीमत 90 रूपया निर्धारित है। लॉट में खरीदारी के लिए इन क्रय केंद्रों में ऑर्डर भी लिया जाता है। ग्रामीण महिलाओं को मिल रहा प्रशिक्षण व रोजगार ग्रामीण सेवा केन्द्र दारू की अध्यक्ष राखी देवी बताती हैं कि केन्द्र से जुड़ी प्रशिक्षित मतहिलाओं द्वारा हर्बल रंगों के निर्माण में प्राकृतिक उत्पादों के अलावे तुलसी और लेमन ग्रास के तेल का भी उपयोग किया जाता है। प्लाश ब्रांड के अन्तर्गत निर्मित अबीर गुलाल विगत चार वर्षो से बाजार में आमलोगों के लिए उलपब्ध कराया जा रहा है, जिसे लोगों के द्वारा भरोसा के साथ-साथ पंसद किया जा रहा है। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने महिला समूह के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि हर्बल गुलाल पूर्णता प्रकृति से प्राप्त फल, फूल आदि एवं केमिकल रहित उत्पादों से निर्मित है।

झरपो में मनाया गया महिला दिवस

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया प्रखंड के झरपो बुध बाजार में महिला संकुल संगठन की ओर महिला दिवस का आयोजन किया गया जिसका विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर जिप सदस्य रामप्रसाद, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, विधायक सह मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, रामप्रसाद कुशवाहा, मुखिया कुमारी माधुरी, उपमुखिया कौलेश्वर कुमार एवं महिला समुह के महिलाओं के द्वारा किया गया। महिला दिवस के कार्यक्रम में बच्चियां के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने कहा की महिलाओं का मान सम्मान देना हमलोगों का पहला कर्तव्य है। महिलाये जब से समुह से जुड़ी है तब से समाज में सुधार आया है। इस कार्यक्रम में झरपो, भराजो एवं खैरा पंचायत के महिला समुह के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुन्नी देवी, राधा देवी, सोनी देवी बीणा देवी, रेणु देवी, संगीता देवी, बिंदिया देवी, प्यासी देवी, मीना देवी, सोनी देवी, हेमंती देवी समेत अन्य शामिल हैं। कार्यक्रम में दयाल प्रसाद, कौलेश्वर मिश्रा, धर्मवीर कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

यादव समाज के अध्यक्ष बने भूषण यादव

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड यादव समाज के नेतृत्व में ग्राम महुगाई खुर्द ग्राम कमेटी का गठन के लिये बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष भूषण यादव, सचिव सुधीर यादव, कोषाध्यक्ष संजय यादव को चुना गया। साथ ही प्रखंड कमेटी के द्वारा 5 तारीख को आयोजित होली मिलन समारोह नापो में भाग लेने के लिए कमेटी के द्वारा निमंत्रण भी दिया गया। मौके पर अतिथि के रूप में अखिल भारतीय यादव महासभा के युवा जिला अध्यक्ष विनोद यादव उपस्थित हुये। मौके पर विनोद यादव ने कहा समाज को संगठित रहने से एक दूसरे के समस्याओं में साथ रहना पड़ेगा। मौके पर मुख्य रूप से यादव विकास कमेटी के अध्यक्ष चुरामन गोप, सचिव कमल गोप, वार्ड सदस्य सुनीता देवी, धर्मेंद्र यादव, महावीर यादव, महादेव यादव,कार्तिक गोप, संजय यादव, कृष्णा यादव, शिवनारायण यादव, जोगेश्वर यादव, सोहन यादव, संतोष यादव, कैलाश गोप, सुनील यादव, महरू यादव, महेंद्र यादव, अंशु यादव, सुजीत यादव, मित्तल यादव, डोमन यादव, मोहन यादव, पवन यादव उपस्थित थे।

एनटीपीसी में प्रशिक्षण के बाद युवाओं को मिला रोजगार

केरेडारी (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना द्वारा विगत 30 नवम्बर से कोयला खनन परियोजना से प्रभावित युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बड़कागांव में स्थित एनटीपीसी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (खनन आईटीआई) में तीन माह का रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जा रहा था। एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना द्वारा शुरू की गयी माइनिंग एंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट द्वारा परियोजना प्रभावित युवाओं को रोजगार के नए-नए अवसर सुचारु रूप से प्रदान कर रहा हैकेरेडारी परियोजना के महाप्रबंधक फैज तैय्यब नें कौशल विकास कार्यक्रम का उन्मुखीकरण सत्र का आरंभ किया और कहा था कि परियोजना स्वावलंबन व स्व रोजगार को हमेशा से ही बढ़ावा देती है। इस कौशल विकास ट्रैनिंग से लोगों को एमएनसी एवं राष्ट्रीय कंपनीज में काम करने को मिलेगा। इसी वादे को पूरा करते हुये एनटीपीसी टअक्ळक के प्रशिक्षण द्वारा परियोजना प्रभावित 30 बच्चों को 3 महीने की ट्रेनिंग के बाद प्लेसमेंट मिल गया है। इन छात्रों को प्रतिष्ठित जेबीएम ग्रुप और इनोड्या प्रेसिपेटर्स प्राइवेट लिमिटेड ने ऑफर लेटर जारी किया है। इन छात्रों को अब इन दोनों ही ग्रुप में ट्रेनी, वेल्डर और अन्य महत्वपूर्ण पदों पर काम करने का मौका मिलेगा। इस प्लेसमेंट के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को अपने भविष्य को नये उच्च स्तर पर ले जा सकते हैं इस प्रशिक्षण में सभी विद्यार्थियों को इसमें वेल्डर, इलेक्ट्रिशन, कम्प्यूटर का ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिकल ज्ञान दिया गया है। इस अवसर पर केरेडारी परियोजना से अपर-महाप्रबंधक एस.पी. गुप्ता, मानव संसाधन विभाग से सुब्रत मुखर्जी एवं पकरी बरवाडीह परियोजना से उप-महाप्रबंधक अजित कुमार मौजूद थे।

होली मिलन समारोह का आयोजन

इचाक(आजाद सिपाही)। प्रखंड के ऐतिहासिक स्थल लक्ष्मी नारायण मंदिर बड़ा अखाड़ा के प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महंत विजयानंद दास और उमेश पाण्डेय के द्वारा महाआरती के साथ किया गया। ढोल तरसा और करताल के धुन पर कान्हा ने डाला रंग, मीरा हुयी दीवानी के संगीत पर सनातन धर्म प्रेमी घंटों झूमते नजर आये और एक-दूसरे पर गुलाल लगाकर प्रेम और भाईचारगी का संदेश दिया। बड़ों का आशीर्वाद पाकर हिंदू नव वर्ष की शुरूआत की गयी । महिलाओं की टीम ने गीत के साथ होली मिलन समारोह को धार्मिक और सांस्कृतिक रूप दिया। इस दौरान सोनू प्रजापति के द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। प्रकाश राम चंद्रवंशी के नेतृत्व में कार्यक्रम को सफल बनाया गया। मौके पर वीरू पांडे, महेश वैध, रमेश गुप्ता, संदीप सोनी, अभिषेक कुमार, शिक्षक रवि कुमार, डॉक्टर प्रमोद कुमार, कौशल मेहता, गोविंद केसरी, भोला भूषण भगत, पवन पांडे, दिलीप अग्रवाल, ब्रह्मदेव सोनी, नीलू कपरदार, खुशबू देवी, बिनीता कुमारी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

चरही में होली मिलन समारोह का आयोजन

चरही (आजाद सिपाही)। चरही पंचायत सचिवालय सभागार में उप मुखिया अभिजित सिंह के अगुवायी में और चरही आजीविका महिला ग्राम संगठन के तहत होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमे ग्राम संगठन के दीदी एंव चुरचू प्रखंड के जिला परिषद सदस्य बासुदेव करमाली ने शामिल हुआ इस दौरान तमाम लोगों ने लाल गुलाल अबीर लगाकर एक दुसरे को होली मुबारक बाद दिया और हिन्दू रिती रिवाज के अनुसार नया साल का भी आगमन पर एक दुसरे को बधायी दिया गया इस क्रम में विधायक प्रतिनिधि विणा मिश्रा एंव आजीविका महिला ग्राम संगठन के दीदी सहित दर्जनों लोगों ने शामिल हुए।

पूर्वोत्तर से हुआ भाजपा के मिशन 2024 का श्रीगणेश

हाशिये पर पहुंची कांग्रेस के लिए बज गयी है खतरे की घंटी : पूर्वोत्तर राज्यों के मन-मिजाज को बदलने में कामयाब हुई भाजपा

आजाद सिपाही विशेष

पूर्वोत्तर के तीन राज्यों, त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय में भाजपा गठबंधन की सरकार बन रही है। त्रिपुरा और नगालैंड में भाजपा गठबंधन के पास बहुमत है, वहीं मेघालय में भाजपा ने एनपीपी को समर्थन देने का फैसला किया है। चुनाव के नतीजे साफ कह रहे हैं कि पूर्वोत्तर से कांग्रेस का सफाया हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को पार्टी के प्रदर्शन पर बधाई देने के लिए संबोधित किया। मेघालय, नागालैंड और त्रिपुरा के लोगों को धन्यवाद देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव परिणाम दुनिया को दिखाते हैं कि देश के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थानों में लोगों का विश्वास है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के नतीजे दिखाते हैं कि यह क्षेत्र न तो दिल्ली से दूर है, न ही दिल से। ऐसे में यह जानना दिलचस्प है कि कैसे भाजपा कांग्रेस और लेफ्ट पर भारी पड़ गयी। एक तरफ जहां पूर्वोत्तर में भाजपा का उदय हुआ है, वहीं कांग्रेस के सितारे डूब रहे हैं। इन नतीजों से पता चलता है कि कांग्रेस के बुरे दिन चल रहे हैं। देश के दूसरे हिस्सों में भी कांग्रेस संघर्ष कर रही है, वहीं वामदलों के लिए भी वहां के नतीजे ठीक नहीं रहे हैं। भाजपा का कांग्रेस मुक्त भारत का नारा पूर्वोत्तर में हकीकत बन गया है। दरअसल तीन राज्यों में इस जीत को भाजपा के मिशन 2024 का श्रीगणेश बताया जा रहा है। नागालैंड में भाजपा की जीत का साफ मतलब है कि इस इसाइ बहुल राज्य में अब विकास और राष्ट्रवाद की बयान बह रही है। वहीं मेघालय में गठबंधन की सत्ता में वापसी का संदेश यही है कि यह राज्य अब विकास के रास्ते पर चल पड़ा है। इन तीनों राज्यों में कांग्रेस का हाल क्या रहा, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मेघालय में 2018 के चुनाव में 21 सीटें हासिल करने वाली कांग्रेस इस बार महज पांच सीटों पर सिमट गयी है। त्रिपुरा में कांग्रेस को अपना वजूद बचाने के लिए लेफ्ट से हाथ मिलाना पड़ा था, लेकिन इसके बावजूद उसे सिर्फ तीन सीटें ही मिल सकीं। नागालैंड में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। तीन पूर्वोत्तर राज्यों के चुनाव परिणामों का सियासी विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

राकेश सिंह

नागालैंड, त्रिपुरा और मेघालय के चुनाव नतीजों ने देश के राजनीतिक माहौल को नया मोड़ दे दिया है। इस चुनाव परिणाम से जहां एक तरफ भाजपा के लिए खुशियां आयी हैं, तो दूसरी तरफ इसमें उसके लिए कई संदेश भी हैं। कांग्रेस और अन्य पार्टियों को भी पूर्वोत्तर के चुनावी नतीजों से सबक लेने की जरूरत है। साल 2023 का आगाज पूर्वोत्तर के चुनाव के साथ हुआ है। इस साल राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के चुनाव भी होने हैं। इसके बाद अगले साल 2024 में लोकसभा चुनाव भी हैं। पूर्वोत्तर के चुनाव से यह अंदाजा काफी हद तक लग गया कि कौन सी पार्टी कितने पानी में है। किसका जनाधार घट रहा है और कौन इसे बचा पाने में कामयाब हुआ है।

पूर्वोत्तर पर दांव आया भाजपा के काम

पूर्वोत्तर पर दांव लगाने के बाद भाजपा काफी हद तक कामयाब रही है। भाजपा की जड़ें पूर्वोत्तर के राज्यों में लगातार मजबूत हो रही हैं। इसी वजह से लेफ्ट के गढ़ रहे त्रिपुरा में भाजपा ने दोबारा बहुमत का जादुई आंकड़ा पार कर लिया। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर के 50 से ज्यादा दौरे किये। चुनाव में इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला है।

कांग्रेस के लिए अहम संदेश

कांग्रेस को पूर्वोत्तर के चुनाव में एक बार फिर हार का सामना करना पड़ा है। उसका सियासी स्थान लेने के लिए क्षेत्रीय पार्टियां आ गयी हैं। त्रिपुरा में लेफ्ट के साथ कांग्रेस का गठबंधन भी काम नहीं आया। पहली बार चुनावी मैदान में उतरी पार्टी टिपरा मोथा ने जनजातीय वोटरों को अपने पाले में कर लिया। इसके अलावा मेघालय में ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने कांग्रेस की मुसीबत बढ़ायी। मेघालय में टीएमसी की पहली बार पांच सीटें आयीं, तो वहीं कांग्रेस की सीटें घटकर पांच रह गयीं।

कांग्रेस-लेफ्ट का गठबंधन हुआ फेल

पूर्वोत्तर की लड़ाई में भी गठबंधन फेल हो गया है। भाजपा को मात देने के लिए कांग्रेस का लेफ्ट से गठबंधन पश्चिम बंगाल चुनाव की तरह त्रिपुरा में भी फेल रहा। कांग्रेस का यह प्रयोग सफल नहीं हुआ। चुनाव परिणाम से साफ है कि बिना होमवर्क और तैयारी के सिर्फ गठबंधन करके चुनाव में उतरने से कांग्रेस को फायदा नहीं हो रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा का मुकाबला करने के लिए विपक्षी एकता के फॉर्मूले पर मंथन जारी है। कभी कांग्रेस तमिलनाडु के सीएम स्टालिन के जन्मदिन पर एक साथ चुनाव लड़ने की बात करती है, तो कभी नीतीश कुमार खुले मंच से कांग्रेस को साथ आने का ऑफर देते हैं। लेकिन मेघालय के नतीजे से साफ है कि विपक्षी एकता के फॉर्मूले को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

भाजपा के लिए क्या है सबक

विधानसभा चुनाव के नतीजे भले ही भाजपा के पक्ष में आये हैं, लेकिन आदिवासी वोट बैंक उसके लिए चिंता विषय है। भाजपा नेता जनजाति के लिए काफी काम करने का दावा करते हैं, लेकिन त्रिपुरा चुनाव में जनजातीय वोटर टिपरा मोथा के साथ जाते हुए दिखाई दिये। भाजपा ने चुनाव से पहले टिपरा मोथा से बात भी की थी, लेकिन वह साथ नहीं आयी।

भाजपा 'गैर हिंदुत्व' की पिच पर भी खेलने में माहिर

इस चुनाव से एक और बात साफ हुई है और वह है कि भाजपा अब लगातार फ्रंट फुट पर खेल रही है। नागालैंड में ज्यादातर आबादी इसाइ धर्म को मानती है। लेकिन यहां पर भी हिंदुत्व की पिच पर खेलने वाली भाजपा कांग्रेस पर हावी है। साल 2018 में भाजपा ने 12 सीटों पर और इस बार भी 12 सीटों पर जीत हासिल की। कांग्रेस पिछली बार भी शून्य थी और इस बार भी। भाजपा के सहयोगी एनपीपी पिछली बार 17 सीटों पर थी। इस बार 25 सीटों पर वह जीती। यह सब कैसे हुआ। यहां दूसरी बार भाजपा ने वापसी कैसे की, यह शोध का विषय हो सकता है। इस जीत का सबसे अहम कारण यह रहा कि भाजपा ने स्थानीय मुद्दों पर फोकस किया। भाजपा शासित कई राज्यों में इसाइ समुदाय की शिकायत है कि उनपर हमले बढ़ रहे हैं। कई भाजपा शासित राज्यों में गौ-तस्करी को लेकर कानून बन रहे हैं और लिंचिंग हो रही है, लेकिन नागालैंड में भाजपा के लिए न धर्मांतरण मुद्दा था और न ही गौ-तस्करी। उसने तो नागालैंड के बुजुर्गों को यरुशलम की मुफ्त तीर्थ यात्रा तक कराने का वादा किया है। चर्च के पदाधिकारियों के साथ बैठक करना हो या फिर राज्य के स्थानीय नायकों का सम्मान, भाजपा ने सब कुछ किया।

इस तरह तीन राज्यों के नतीजों के अनुसार भाजपा स्थानीय राजनीति में सफल साबित हुई है। सत्ता में वापसी कर स्थानीय पार्टियों को खुद के साथ मिलाने का उसने एक पॉजिटिव संदेश दिया है। वहीं विपक्षी एकता की बात करने वाले दलों को नये सिरे से सोचने की जरूरत है कि आगामी लोकसभा चुनाव में एक साथ आने का फार्मूला क्या हो? कभी आम आदमी पार्टी तो कभी टीएमसी, कांग्रेस के लिए वोट कटवा पार्टी बनने से बच जाये, इसके लिए क्या रणनीति हो सकती है, इस पर विचार करने की जरूरत है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट को सत्ता पक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने नकारा

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। वित्तीय वर्ष 2022 के बजट को झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने शुक्रवार को पेश किया। बजट को लेकर सत्ता पक्ष के नेताओं ने सराहा तो विपक्ष ने एक सिरे से नकार दिया। इसे लेकर रामगढ़ के लोगों ने मिलीजुली प्रतिक्रिया दी है।

किसानों को आर्थिक स्थिति समृद्ध करने वाला बजट: अमित साहू

फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने झारखंड सरकार द्वारा पेश किये गये बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दिया है। कहा कि राज्य के किसानों के आर्थिक स्थिति को समृद्ध करने वाला बजट है। साहू ने कहा कि राज्य के किसानों का कृषि ऋण माफ करने और फसल सुरक्षा बीमा योजना समेत किसानों के हितों में और भी कयी योजना जो इस बजट में लायी गयी है। वह आने वाले समय में राज्य के किसानों के लिये मील का पत्थर साबित होगा। राज्य सरकार के द्वारा किसानों को मोटे अनाजों के उत्पादन हेतु लगातार सकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य सरकार के द्वारा दुग्ध उत्पादन की दिशा में बढ़ावा देने हेतू गिरिडीह और जमशेदपुर में डेयरी प्लांट लगाने की योजना भी बहुत ही सराहनीय है। साहू ने कहा कि कुल मिलाकर यह आम बजट झारखंड के किसानों के लिये बहुत ही शुभ संकेत है।

जनता को दिग्भ्रमित करने वाला बजट: सुरेंद्र शर्मा

भाजपा रामगढ़ मीडिया प्रभारी सुरेंद्र कुमार शर्मा ने झारखंड सरकार की 2023 -24 के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। कहा है कि यह बजट सभी के लिए निराशाजनक है। आम लोगों के खिलाफ है। बजट में नया कुछ भी नहीं है। जनता को दिग्भ्रमित कर उन्हें झुंझुनू दिखाने वाला बजट है। इससे और बेरोजगारी बढ़ेगी। वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त करने की इस बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री की ओर से इसे समाप्त करने की बात बार-बार कहा गया है।

बॉयोजेनेटिक प्लांट में लगी आग, कोरोना काल से रखा गया था मेडिकल वेस्ट

हेसला में नियमों की धज्जियां उड़ा कर घोल रहा जहर

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत हेसला गांव में बायोजेनेटिक प्लांट में शुक्रवार को अचानक आग लग गयी। वह आग प्लांट में रखे गए मेडिकल वेस्टेज में लगी। जिससे पूरे इलाके में जहरीला धुआं फैलने लगा। घटना की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और उसके बाद आग बुझाने का प्रयास किया। घंटों प्रयास के बाद फायर ब्रिगेड की टीम उस आग पर काबू पाने में सफल हुयी। कोरोना काल से रखे गए मेडिकल वेस्टेज में लगी थी आग बॉयोजेनेटिक मेडिकल वेस्टेज प्लांट में पिछले 2 वर्षों से मेडिकल वेस्टेज रखे गए थे। आग पर थोड़ी काबू पाने के बाद जब वहां के कर्मचारियों से बात की गई, तो प्लांट प्रबंधन की घोर लापरवाही भी सामने आयी। प्लांट में काम करने वाले मजदूरों ने बताया कि कोरोना काल से ही मेडिकल वेस्टेज बाउंड्री के अंदर फेंक कर रखे गए थे। आज प्लांट के बाहर आग लगी हुई थी। जिसकी चिंगारी से प्लांट के अंदर भी आग लग गई। मेडिकल वेस्टेज को समय पर संधारित नहीं करने की वजह से आज यह दुर्घटना हुई है। मेडिकल वेस्टेज को समय पर संधारित कर दिया गया रहता या उसे बंद स्थान पर रखा गया रहता तो यह आग नहीं लगती।

हवा में जहर घोल रहा प्लांट

इस मामले में जब प्लांट के अकाउंटेंट अशोक सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कोरोना काल में सबसे पहले कोविड-19 से संबंधित मेडिकल वेस्ट को डिस्पोजल करना था। उन्होंने यह भी माना कि बाउंड्री वॉल के अंदर में खुले में ही मेडिकल वेस्टेज को रखा गया था। शायद यही वजह थी जब बाहर से उड़ी चिंगारी वहां पड़ी तो भीषण आग लग गई। मेडिकल वेस्टेज में लगी आग से निकलने वाला धुंआ हवा में घंटों जहर घोलता रहा। उस आग को बुझाने में लगभग 4 गाड़ी पानी खर्च हो हुए। प्लांट प्रबंधन को फायर सेफ्टी प्लान के बिना इसका संचालन करना भी उचित नहीं है।

झारखंड के बजट में गरीबों के लिए स्थान नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

बरकाकाना। युवा लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम ने झारखंड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर ओरांव द्वारा पेश बजट को गरीबों के साथ छलावा बताया है। उन्होंने बताया पेश बजट भविष्य में गरीबों के लिए हितकारी नहीं होगा। उन्होंने बताया झारखंड सरकार की कोई भी योजना धरातल में नहीं दिख रही है तो भविष्य में क्या उम्मीद की जा सकती हैं। झारखंड सरकार की कथनी और करनी में बहुत फर्क होता हैं।

सरकार का बजट आमलोगों के लिए बेहतर

आजाद सिपाही संवाददाता

बरकाकाना। सीसीएल कॉलोनी निवासी सह रामगढ जिला कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव रामा ठाकुर ने बजट को सराहनीय प्रयास बताया है। उन्होंने बताया पेश बजट से आमलोगों को फायदा पहुँचेगा जिसका असर बहुत जल्द भविष्य में दिखेगा। उन्होंने बताया आंगनवाड़ी केंद्र पर सरकार की विशेष निगाह है जिससे हरेक गाँव के लोग लाभान्वित होंगे। क्योंकि आंगनवाड़ी केंद्र सभी योजनाओं को क्रियान्वित करने का प्रमुख जरिया है, इसलिए सरकार की सोच बेहतर है कि आंगनवाड़ी केंद्र व उनके कार्यकर्ता को मजबूती प्रदान किया है।

होली व शब ए बारात को लेकर शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। होली व शबे ए बारात पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शुक्रवार को कुजू ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी बलवंत दुबे ने की। बैठक के दौरान ओपी प्रभारी ने मौजूद लोगों को पर्व शांति पूर्ण तरीके व आपसी भाईचारगी के साथ मनाने की बात कही। इस अवसर पर ओपी प्रभारी बलबंत दुबे ने कहा कि हुड़दंगियो पर विशेष पैनी नजर रहेगी। तत्पश्चात मौजूद लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधायी दी। मौके पर अमर सिंह, नरेश महतो, शिव कुमार प्रसाद, धर्मराज राम, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, रतन प्रसाद, प्रेम प्रसाद, इंदर प्रसाद गुप्ता, मुखिया जय कुमार ओझा, राकेश मेहता रॉक, अशोक कुमार, संतोष मेहता, जितेंद्र गुप्ता, मुबारक हुसैन, नरेश पटेल, शंभुलाल ठाकुर, प्रभुदयाल महतो, दिवाकरचन्द्र पटेल, निर्मल करमाली, द्वारिका प्रसाद महतो, कुलदीप कुमार, कुलदीप कुशवाहा, पवन कुमार, अजमल हुसैन, महेश ठाकुर शामिल रहे।

होली मिलन समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। जिले के कुंदा प्रखंड के महादेव मठ प्रसिद्ध तीर्थस्थल में होली मिलन समारोह कार्यक्रम में चतरा लोकसभा सांसद सुनील कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये। सांसद के कुंदा आगमन पर लोगों ने कस्तूरबा विद्यालय भवन के समीप माल्यार्पण कर स्वागत किया। वही लोकप्रिय सांसद ने महादेव मठ गुफा के अंदर शिवलिंग पर जलाभिषेक व पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के लिए मंगल कामना किया, पूजा के उपरांत सांसद होली मिलन समारोह मंच पर पहुंचकर होली की धुन पर बज रहे गानों पर जमकर थिरके, वही इस दौरान सांसद समेत लोगो ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाये। मौके पर हजारो की संख्या में पूरे चतरा लोकसभा से पहुंचे लोगों ने भी होली मिलन समारोह कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। वही इस दौरान सांसद ने कहा की होली भारतीय संस्कृति के अनुसार नव वर्ष के शुभारंभ पर मनायी जाती है, होली रंग, खुशिया व भाईचारा का त्योहार है जिसे हम सभी बहुत धूमधाम से मनाते हैं। वही होली कार्यक्रम के अवसर पर लोगों के लिये पकवान भोजन की व्यवस्था की गयी थी। मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, जिला उपाध्यक्ष सुजित जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, राकेश झा, सुभम सिंह, शिवबालक सिंह, मृत्युंजय सिंह, बिनोद सिंह, भाजपा नेता सुजीत भारती, शिवकुमार चौबे, विवेक केशरी, आशीष पासवान, राजेश यादव, दीपक शर्मा, कुन्दा सांसद प्रतिनिधि जितेन्द्र यादव, भाजपा नेता अम्बिका सिंह भोक्ता, गंदौरी साव, मंडल अध्यक्ष अनिता देवी, लवकुश गुप्ता, बसंत यादव, जितेन्द्र सौंडिक, मनोज यादव, घनश्याम यादव, अनुज गुप्ता, रविन्द्र भारती, अजित भारती, चंचल यादव, नीतीश यादव, बिनोद यादव, चंद्रदेव यादव, सतेंदर यादव, विनय साव, समेत हजारों की संख्या में पूरे चतरा लोकसभा से लोग शामिल हुये।

गोला में चोरी की सूचना पर पीड़ित परिवार से मिलने पहुचे सांसद

गोला (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के हेमतपुर गांव स्थित दिवाकर प्लेस में चोरी की घटना की जानकारी के बाद शुक्रवार को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी पीड़ित परिवार से मिलने पहुँचे। पीड़ित परिवार ने सांसद के समक्ष घटना की विस्तृत जानकारी साझा की। पीड़ित परिवार ने बताया कि घर का ताला तोड़कर लगभग बीस लाख का जेवरात समेत डेढ़ लाख रुपये नकद ले गए है। इस संबंध में घर के मालिक राजीव रंजन ने गोला थाना को आवेदन भी दिया है। लेकिन अभी तक पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कि है। इस मामले में पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय दिखी है। सांसद ने पत्रकारों से कहा कि पूरे राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। राज्य में भय का माहौल है। आपराधिक घटनाएं बढ़ रही है। पुलिस कोई भी कार्रवाई करने से कतरा रही है। इसका उदाहरण गोला की घटना है। मेन रोड के बगल में इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया जाता है और पुलिस कुछ भी नही करती । इस मामले पर उन्होंने उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर बात की। मौके पर पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, जिप सदस्य जलेश्वर महतो, चंद्रशेखर महतो, फंटूश महतो,अशोक महतो, त्रिभुवन महतो, अंकित कुमार, रणधीर बसरिया मौजूद थे।

नशीली पदार्थो के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

चतरा (आजाद सिपाही)। शहर में खूनी संघर्ष से पूर्व पुलिस ने ड्रग पैडलरों के विरुद्ध की बड़ी कार्रवाई की है। ब्राउन सुगर के प्रतिबंधित खेप के साथ चार शातिर तस्कर व एक निरुद्ध गिरफ्तार। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित सदर थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की है। मुख्य पथ पर स्थित रामटुंडा टोंगरी स्थित मैदान के समीप से गिरफ्तारी हुई है।

बीजेपी की खुशी

पूर्वोत्तर के तीन राज्यों - त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय के विधानसभा चुनावों के नतीजे कुल मिला कर बीजेपी के लिए संतुष्टि और विपक्ष के लिए निराशा का ही सबब बनते दिख रहे हैं। तीन में से दो राज्यों, नगालैंड और त्रिपुरा में उसे सफलता मिली। मेघालय में, जैसा कि एग्जिट पोल में भी कहा गया था, किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। पूर्वोत्तर के इस जनादेश की अलग-अलग तरह से व्याख्या की जा सकती है, लेकिन एक तथ्य जिस पर कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता, वह यह है कि बतौर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन राज्यों को जितनी तवज्जो दी, उतनी शायद ही किसी और पीएम ने दी हो। न सिर्फ डिवेलपमेंट प्रॉजेक्ट्स पर ध्यान दिया गया, बल्कि नॉर्थ-ईस्ट केंद्र सरकार की प्राथमिकता में है, इसका हर संभव तरीके से एहसास कराया गया। बहरहाल, इन चुनाव परिणामों का राष्ट्रीय राजनीति पर वैसे तो कोई खास असर नहीं होना है, लेकिन त्रिपुरा पर जरूर सबकी नजरें लगी हुई थीं। पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने वहां ढाई दशक से लगातार सत्ता पर काबिज लेफ्ट फ्रंट को पराजित कर सरकार बनायी थी। इस बार जहां विपक्ष अपने इस खोये हुए दुर्ग पर वापस कब्जा करना चाहता था, वहीं बीजेपी के लिए चुनौती थी कि वह अपनी जीत को टिकाऊ साबित करे। लेफ्ट फ्रंट और कांग्रेस ने गठबंधन कर बीजेपी को सत्ता से बाहर करने का साझा संकल्प जाहिर किया तो वृहत टिपरालैंड की मांग को लेकर गठित हुए क्षेत्रीय दल टिपरा मोथा ने लड़ाई को तिकोना बना दिया था। लेकिन चुनावों को लेकर बीजेपी किस कदर चुस्त चौकन्नी रहती है और कैसे विपक्ष इस मोर्चे पर उसके आसपास भी नहीं ठहरता, यह बात त्रिपुरा में मतगणना के दिन एक बार फिर साफ हो गयी। शुरुआती रुझानों में प्रचंड बहुमत हासिल करती दिखने के बाद जब बीजेपी की सीट संख्या नीचे खिसकती हुई 24 तक पहुंच गयी, तब ऐसा लगने लगा कि करीब 15 सीटों के साथ टिपरा मोथा किंगमेकर की भूमिका में आ जायेगी। यानी यह पार्टी चाहे तो लेफ्ट-कांग्रेस की भी सरकार बनवा सकती है। तत्काल बीजेपी के लोग सक्रिय हो गये और बातचीत के बाद टिपरा मोथा को आश्वस्त किया गया कि ग्रेटर टिपरा राज्य के अलावा उसकी सारी मांगें बीजेपी को मंजूर हैं। उसके बाद यह खबर आयी कि अंतिम रिजल्ट में बीजेपी को बहुमत मिल जाता है, तो भी वह टिपरा मोथा के साथ मिलकर ही सरकार बनायेगी। इस दौरान विपक्ष की ओर से ऐसी कोई पहल नहीं नजर आयी। हालांकि विधानसभा चुनावों के लिहाज से यह पूरा साल खासा अहम है। छह और राज्यों के विधानसभा चुनाव इसी साल होने हैं। इनमें कर्नाटक के साथ ही छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान और आंध्र प्रदेश जैसे राज्य हैं। जाहिर है, वहां चुनौतियां भी अलग होंगी। लेकिन विपक्ष नहीं संभला तो हाथ आये मौकों के बावजूद कामयाबी पाने की उम्मीद नहीं कर सकता।

वधानसभा चुनावों के लिहाज से यह पूरा साल खासा अहम है। छह और राज्यों के विधानसभा चुनाव इसी साल होने हैं। इनमें कर्नाटक के साथ ही छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान और आंध्र प्रदेश जैसे राज्य हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन 2023 के लिए 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' की थीम दी है। यह व्यापक आर्थिक नीति की चर्चा के अलावा कई साझा मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के भारत के इरादे को व्यक्त करता है। इस संदेश में हमारी 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना निहित है, जो विश्व कल्याण का मूलमंत्र के साथ भारतीय परंपरा भी रही है।

गौरव व विकास की नयी गाथा लिखेगा जी-20 समिट

योगेंद्र प्रताप सिंह



विश्व की 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं का समूह जी-20 के गठन के 23 सालों के इतिहास में भारत पहली बार इस वर्ष इसकी मेजबानी कर रहा है। भारत के लिए पिछले 75 साल में यह सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन भी है। भारत एक दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। इसके तहत देश के 60 से अधिक शहरों में 200 से अधिक बैठकें आयोजित करने की योजना है। इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मूल उद्देश्य पूरी दुनियां को देश की विविधताओं का, देश की विभिन्न संस्कृतियों का, खान-पान का, विभिन्न वेश-भूषा का, अलग-अलग राज्यों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं का यादि समग्र भारत का दर्शन कराना है।

भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन 2023 के लिए 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' की थीम दी है। यह व्यापक आर्थिक नीति की चर्चा के अलावा कई साझा मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के भारत के इरादे को व्यक्त करता है। इस संदेश में हमारी 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना निहित है, जो विश्व कल्याण का मूलमंत्र के साथ भारतीय परंपरा भी रही है।

वैश्विक फलक पर उभरेगी झारखंड की छवि, प्रशस्त होंगे विकास के मार्ग

जी-20 की अध्यक्षता की अहमियत इस बात से समझने की जरूरत है कि यह समूह अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है, जिसमें दुनिया के 20 शीर्ष अर्थव्यवस्था वाले देश शामिल हैं। दूसरे अर्थों में कहें तो दुनियां की 80 फीसदी जीडीपी, 75 फीसदी अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं दुनिया की 60 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले जी-20 समूह को भारत एक वर्ष तक राह दिखाने का काम करेगा। यह कोई साधारण उपलब्धि नहीं है। हम सबों को ऐसे मौके की अहमियत को पहचानते हुए देश के तेजी से बढ़ते कद को लेकर गौरवान्वित महसूस करना चाहिए।

भारत पहले ही दुनिया की पांचवीं बड़ी आर्थिक ताकत बन चुका है। दुनिया भर में फैली महंगाई, भू-राजनैतिक अस्थिरता, मंदी के बीच भारत ने अपनी दक्षता से दुनिया को रूबरू कराया है। भारत दुनिया में इस समय आशा का केंद्र बना हुआ है। सभी देश भारत के साथ रिश्ता प्रगाढ़ करने के इच्छुक हैं। ऐसे मौके पर जी-20 जैसे बड़े संगठन की अध्यक्षता भारत के लिए एक सुनहरा अवसर है। आज दुनिया भारत को उम्मीद की नजर से देख रही है, तो वह यूं ही नहीं है। चाहे कोरोना वैक्सिनेशन का मामला हो या यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद के हालात, वैश्विक मंच पर भारत की हैसियत लगातार बढ़ी है। भारत लगातार विकासशील और गरीब देशों की ओर से आवाज उठा रहा है। यह प्रत्येक भारतवासी के लिए बहुत बड़ा अवसर साबित होगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि 'न्यू इंडिया' अब तेजी से आकार ले रहा है। इस शिखर सम्मेलन के माध्यम से पूरी दुनिया के लिए भारत में निवेश के मौकों को भी समझने का एक बेहतरीन मौका है।

देश को जी-20 की अध्यक्षता का यह ऐतिहासिक अवसर एक ऐसे वक्त में मिला है, जब देश अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है और भावी 25 वर्षों के दौरान खुद को एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए देश ने 'पंच प्रण' का संकल्प लिया है। इस उपलब्धि से वास्तव में हमारी इन प्रतिबद्धताओं को एक नयी ऊंचाई मिलेगी और इसके लिए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जितनी भी सराहना की जाये, कम होगी। हमें गर्व है कि आज हमारे पास विश्व का सबसे सशक्त नेता हैं, जिनके नेतृत्व में भारत के पास विश्व शांति, एकता, सतत विकास, पर्यावरण के प्रति जागरूकता जैसी चुनौतियों का सामना करने और इसके समाधान हेतु विचार भी है और पर्याप्त क्षमता भी। बीते कुछ साल में इस तरह से भारत लगातार वैश्विक मंचों पर बेहतर करता आ रहा है और 130 करोड़ भारतीयों की शक्ति और सार्मथ्य के साथ निरंतर नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पीएम मोदी ने जी-20 को लेकर कहा है कि हमें इस अवसर का पूरा उपयोग करना चाहिए और वैश्विक भलाई एवं विश्व कल्याण पर ध्यान देना चाहिए। भारत इस दौरान दुनिया में एकता की सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देगा। भारत की जी-20 अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और क्रिया-उन्मुख होगी।

अपार गर्व का विषय है कि भगवान बिरसा की पावन धरती झारखंड भी इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनने जा रहा है। दो दिन तक पूरी दुनिया के प्रतिनिधि रांची और पतरातू में हरित उर्जा व विकास पर मंथन कर रहे हैं। क्या कभी किसी ने कल्पना भी की होगी कि विश्व के विकासशील और विकसित देशों के सबसे बड़े संगठन जी-20 की बैठक का आयोजन झारखंड के रांची व पतरातू में भी होगी? बाबानगरी देवघर में भी इस बैठक की हरी झंडी मिल चुकी है। अभी तक किसी भी देश में इस समूह की बैठक 4-5 शहरों से बाहर नहीं ले जाया गया, परंतु भारत जैसे विशाल देश में इसकी बैठक का आयोजन प्रधानमंत्री द्वारा देश के सभी प्रदेशों, केंद्र शासित प्रदेशों तक करना कोई साधारण उपलब्धि नहीं है। रांची शहर पिछले कई दिनों से पूरी तरह सज-धज कर मेहमानों की आगवानी व दीदार के लिए पलक-पावड़ें बिछाये बैठा है। झारखंड में जी-20 सम्मेलन की बैठक का सुअवसर प्राप्त होना पूरे राज्य के लिए गौरव की बात है। झारखंड के इतिहास में यह पल स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा। पूरी दुनिया के लोग नजदीक से झारखंड को देख रहे हैं, यहां की संस्कृति, परंपरा और प्राकृतिक सौंदर्य से परिचित हो रहे हैं। निश्चित तौर पर झारखंड की छवि वैश्विक फलक पर उभरेगी और विकास के नए मार्ग प्रशस्त होंगे। इसके काफी दूरगामी सुखद परिणाम तय हैं। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम झारखंड, भारत की सोच से, भारत की संस्कृति से विश्व को परिचित करायें।

जी-20 की अध्यक्षता झारखंडी के लिए, देश के हर नागरिक के लिए गर्व की बात है। हमारे अतिथियों को भारत की अद्भुदता, विविधता, समावेशी परंपराओं और सांस्कृतिक समृद्धि का पूरा अनुभव मिलेगा। बुद्ध, गांधी, भगवान बिरसा की धरती पर जी-20 के नेता मिलेंगे, तो दुनिया में शांति का एक मजबूत संदेश जाएगा और विकास के नए द्वार खुलेंगे। सभी आगंतुक अतिथियों का हृदय से स्वागत और प्रधानमंत्री को झारखंडी जोहार !

(लेखक : झारखंड भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

टाटा ग्रुप के संस्थापक जेएन टाटा की 184वीं जयंती पर टाटा स्टील परिसर में दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। झारखंड के आर्थिक राजधानी जमशेदपुर में टाटा ग्रुप के संस्थापक जेएन टाटा की 184वीं जयंती पर टाटा स्टील परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को टाटा स्टील वर्क्स में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि टाटा संस के वाइस चेयरमैन नोएल टाटा शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जेएन टाटा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर टाटा संस के पूर्व निदेशक टी मुखर्जी, टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन, डेजी ईरानी, शुभ्रा मुखर्जी,रुचि नरेंद्रन सहित टाटा स्टील के पदाधिकारियों ने संस्थापक जेएन टाटा की 184वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी, महामंत्री सतीश सिंह, डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश सिंह टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील मेडिकल सर्विसेज के जीएम डॉक्टर सुधीर रॉय, टाटा स्टील यू आईएसएल के एमडी ऋतुराज सिन्हा, जुस्को श्रमिक यूनियन अध्यक्ष रघुनाथ पांडे,सभी ऑफिस बियरर, कई यूनियनों के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय समेत टाटा स्टील के सभी कंपनी एवं प्लांट के प्रमुखों ने भी अपने संस्थापक की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित की।

संस्थापक की जायंती पर कई कंपनियों की ओर से झांकियां प्रस्तुत की गयीं। इस अवसर पर कंपनी परिसर में टाटा स्टील के सैकड़ों पदाधिकारी शामिल होकर अपने संस्थापक के यादगार को ताजा किया।

मानगो नगर निगम क्षेत्र में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

वसूला गया 50 हजार रुपये जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। मानगो नगर निगम प्रशासन ने नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण अभियान चलाया, जिसमें सड़क के किनारे रखी गई गाड़ियों के मालिकों से 50000 रुपये जुर्माना के रूप में वसूल किये गये। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्य सड़क से गाड़ियों को अंदर करवाया। साथ ही बिल्डिंग मटीरियल आदि को सड़क से हटवाकर अंदर कराया गया। मानगो नगर निगम क्षेत्र में सड़कों पर लोगों का गाड़ियां खड़ी करना आम बात है, जिससे सड़क जाम की स्थिति बनती है। क्षेत्र के कई दुकानदार भी सड़क पर अपनी दुकान के सामान रख कर अतिक्रम करते हैं।

मानगो नगर निगम प्रशासन ने शुक्रवार को एक बार फिर ऐसे लोगों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर गाड़ियां खड़ी करनेवाले लोगों से जुर्माने के रूप में 50 हजार रुपये वसूल किये गये। अधिकारियों ने अभियान के दौरान कई दुकानदारों को भी अपने सामान दुकान के बाहर सड़क पर नहीं रखने की हिदायत दी।

मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का निर्देश दिया है, जिसके आलोक में यह अभियान चलाया गया। इसके तहत अतिक्रमण कर रखे गए गैरेज, शोरूम, प्रतिष्ठान, दुकानदारों से जुमार्ना वसूलने का निर्देश दिया गया है। अभियान में नगर प्रबंधक निशांत कुमार, दिनेश्वर यादव, राहुल कुमार एवं अन्य कर्मी भी शामिल रहे।

शहादत दिवस पर स्वतंत्रता सेनानी राजा अर्जुन सिंह को अर्पित की गयी श्रद्धांजलि

3 मार्च 1890 को बनारस जेल में शहीद हो गये थे पोड़ाहाट के महाराजा अर्जुन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

चक्रधरपुर। चक्रधरपुर शहर के चेक नाका के पास बाल उद्यान में स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद राजा अर्जुन सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वीर शहीद राजा अर्जुन सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। समारोह में कई जन प्रतिनिधि एवं समाजसेवियों ने शिरकत की।

वीर शहीद राजा अर्जुन सिंह के शहादत दिवस पर आज यहां बाल उद्यान में समारोह आयोजित किया गया। इस में जन प्रतिनिधियों, समाज सेवियों तथा अन्य लोगों ने दिवंगत शहीद राजा अर्जुन सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। समारोह के दौरान बताया गया कि तीन मार्च 1890 को पोड़ाहाट के महाराजा अर्जुन सिंह बनारस जेल में बंदी रहते हुए शहीद हो गये थे। देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में उन्हें बनारस जेल में राजबंदी के रूप में 30 साल तक कैद रखा गया था। कैदी के रूप में ही वे शहीद हो गये। वहीं राज परिवार के सदस्य ऋषिकेश सिंहदेव ने कहा कि जब पूरे देश में अंग्रेजों के विरुद्ध 1857 में गदर शुरू हुआ, तब ज्यादातर राजा-महाराजा अंग्रेजों के आगे नतमस्तक हो गये। ऐसे समय में पोड़ाहाट के वीर योद्धाट महाराजा अर्जुन सिंह अंग्रेजों के खिलाफ सिंहभूम की कोल, भुइयां, भूमिज, गोप आदि जातियों के सैनिकों और प्रजा को लेकर जंगल-पहाड़ में आजादी की लड़ाई लड़ी। दो से तीन साल तक चली लड़ाई में उनका किला, उनकी जायदाद सब लूट लिये गये। परिवार बिखर गया। इसी बीच अंग्रेजों ने धोखे से उन्हें कराइकेला के नकटी में गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद सिंहभूम में ब्रिटिश राज के विरुद्ध धधकती ज्वाला भी शांत हो गयी। अंततः बनारस जेल में ही उन्होंने आजाद भारत का सपना आंखों में लिये अंतिम सांस ली। इस मौके पर सदानंद होता, झामुमो नेता भुवनेश्वर महतो, झामुमो जिला उपाध्यक्ष राहुल आदित्य, दिनेश जेना, अनूप सिंहदेव, ऋषिकेश सिंहदेव, झामुमो के युवा नेता सन्नी उरांव, जय कुमार सिंहदेव, आजसू नेता रामलाल मुंडा, पूर्व विधायक शशिभूषण सामड, भाजपा नेता संजय मिश्रा, प्रवीर प्रताप सिंहदेव, वीरेंद्र सिंहदेव, सिद्धार्थ सिंहदेव, निक्कू सिंह, इंद्रजीत सिंहदेव, कुलदीप सिंहदेव, अनिल सिंहदेव, बसंत महतो, राजीव सिंहदेव, हिमांशु प्रधान, गोनू जयसवाल, आशीष वर्मा समेत कई गणमान्य लोगों ने श्रद्धाजंलि अर्पित की।

जेएन टाटा की 184वीं जयंती के अवसर पर रेडक्रॉस ने लगाया रक्तदान शिविर

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम रेड क्रॉस ने जमशेतजी टाटा को उनकी 184वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के विशेष आयोजन के तहत शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। टाटा स्टील समूह की कम्पनी जेमीपोल के साथ आयोजित रक्तदान शिविर में 112 युवाओं ने रक्तदान कर स्व जेएन टाटा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्वी सिंहभूम रेड क्रॉस ने स्व जेएन टाटा की 184वीं जयंती के अवसर पर आज रेड क्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। टाटा स्टील समूह की कंपनी जेमीपोल के सहयोग से आयोजित इस शिविर में रेड क्रॉस के नियमित रक्तदाताओं के साथ टाटा समुह से जुड़ी टीसीई व स्थानीय टाटा पिग्मेन्टस कम्पनी ने शिविर की सफलता में अपनी भूमिका अदा की। दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन करते हुए जेमीपोल के एमडी पीएस रेड्डी ने कहा कि आज हम सभी उस महान शख्स की जयंती मना रहे हैं, जिनके कारण आज सभी जमशेदपुर में हैं और इस शहर में उनकी औद्योगिक विरासत है। उन्होंने कहा कि उनकी सोच सम्पन्न एवं मजबूत आधारभूत संरचना युक्त समाज की रही जो विकास की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता पूरबी घोष ने जेएन टाटा की जयंती पर शुभकामना देते हुए कहा कि इससे बेहतर श्रद्धांजलि नहीं हो सकती।

महत्वपूर्ण न्यूज

रंका अनुमंडल श्री राम नवमी पूजा कमेटी का गठन, सुलपानी सिंह बने अध्यक्ष

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय के श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर के महंत बलराम पांडेय की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक में रामनवमी पूजा समिति के सफल संचालन के लिए नयी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें रंका गढ़ निवासी विहिप के प्रखंड अध्यक्ष सुल्पानी सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए रघुनाथ अखाड़ा मंदिर परिसर में यज्ञ का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही रात्रि में कथावाचकों के द्वारा प्रवचन एवं अंतिम दिन चैता दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन का भी निर्णय लिया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए रंका कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया ने बताया कि इस वर्ष पूर्व की भांति कार्यक्रमों में कई विस्तार किये गये हैं। इसके सफल संचालन के लिए कमेटी में मोनू कुमार चौरसिया, सुनील कुमार गुप्ता, किशोर कुमार, उत्तम पांडेय, कार्तिक पांडेय, व्यास मुनि पांडेय, मोहित कुमार चौधरी, राजेश कुमार चौधरी, रानू सिंह, रंजीत सोनी, अशोक कुमार, रंजन कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश, मनोज गुप्ता सहित अन्य लोगों को सदस्य बनाया गया है। इस अवसर पर काफी संख्या में राम भक्त उपस्थित थे।

हरिहरपुर ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। ओपी प्रांगण में शुक्रवार को होली व शबे बरात को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता हरिहरपुर ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह के द्वारा की गयी। जिसमें ओपी क्षेत्र के चार पंचायत हरिहरपुर, मझिगांवा, डुमरसोता व लोहरगड़ा पंचायत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि तथा प्रबुद्ध जन के साथ-साथ दोनों समुदाय के गणमान्य लोग शामिल हुए। ओपी प्रभारी के द्वारा दोनों समुदाय के लोगों से त्यौहार के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आपस में विचार विमर्श किया गया। जिसमें होलीका दहन से पूर्व सभी पंचायत सचिवालय पर पानी से भरा हुआ टैंकर तैयार करके रखना है तथा एक पानी का टैंकर ओपी हरिहरपुर के परिसर में मौजूद रहेगा। ताकि क्षेत्र में आगलगी की घटना होने पर आग पर नियंत्रण किया जा सके। होली के दिन डीजे बजाने तथा अश्लील गाने बजाने तथा शराब बेचने व बनाने के प्रति रोक लगायी गयी है। बाईक चलाते समय हेलमेट व चार पहिया चलाते समय सिटबेल्ट का लगा होना बिल्कुल जरूरी है। मौके पर हरिहरपुर मुखिया अनुज कुमार सिंह, डुमरसोता मुखिया राजेश्वर विश्वकर्मा, लोहरगड़ा मुखिया प्रतिनिधि सीताराम शर्मा, मझिगांवा मुखिया प्रतिनिधि शम्भू नाथ साह उर्फ बबलू साह, पूर्व मुखिया बिनोद कुमार सिंह, भीष्म नारायण सिंह, दिलीप सिंह, दूर्गा राम, शम्भू पासवान सहित लोग शामिल थे।

होली और शब ए बारात को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

रमना (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में होली एवं शबे बारात को लेकर शांति समिति की बैठक शुक्रवार को की गयी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद केसरी ने कहा कि होली एक महान पर्व है जिसे हम सभी को मिलजुल कर मनाने की जरूरत है। मोबाइल मीडिया के अफवाहों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा किसी भी तरह के अफवाह को वायरल करने वाले के साथ-साथ फॉरवर्ड करने वाले भी समान रूप से दोषी होते हैं। कहा कि उपायुक्त के निर्देश के आलोक में डीजे पर धार्मिक भावनाएं भड़काने तथा अश्लील गाने पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं। कहा कि किसी को भी जबरन ला रंग नहीं लगायें। साथ ही होलिका दहन एवं होली के दिन आगजनी की घटना से निपटने के लिए पंचायत के साथ-साथ थाना परिसर में भी पानी टैंकर चालक के साथ अलर्ट रहने की बात कही। बैठक में 20 सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, पुलिस निरक्षक कृष्णा कुमार, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि पंकज सिंह, रूपनारायण यादव, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जेएमएम अध्यक्ष नागेंद्र सिंह, पूर्व प्रमुख मृत्युंजय सिंह सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। मौके पर रमना मुखिया दुलारी देवी, बुलका मुखिया अनीता देवी, बीडीसी रीना कुमारी, सिलीदाग मुखिया अनीता देवी, कर्णपुरा मुखिया धर्मेन्द्र पाण्डेय, भाजपा नेता अजय कुमार सिंह, कुलदीप पासवान, रामचंद्र राम, चुन्नू सिंह, राकेश विश्वकर्मा, नीरज सिंह, गोपाल प्रसाद गुप्ता, अमीनुदीन अंसारी, हकीममुदीन अंसारी, मुन्ना सिंह, बंशीधर ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

सेंट्रल बैंक पुरैनी शाखा में वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान शुरू

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। सेंट्रल बैंक के पुरैनी शाखा द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रखंड के नरखोरिया कला ग्राम स्थित विद्यालय के प्रांगण में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को सेंट्रल बैंक के पुरैनी शाखा के शाखा प्रबंधक दिलीप कीड़ो व जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक धनन्जय कुमार द्वारा वित्तीय सेवाओं, समाजिक सुरक्षा योजनाओं व डिजिटल लेन-देन की जानकारी विस्तार से दिया। साथ ही पीएमएसबीवाई, पीएमजे जेबीवाई, व्यक्तिगत बचत खाता, सुकन्या योजना का खाता खोला गया। मौके पर सामुदायिक समन्वयक राजकुमार राम, सीएसपी संचालक जितेन्द्र कुमार, सोमारू उरांव, बैंक सखी प्रीति देवी, बीसी सखी जरीना खातून, सीआरपी शशि प्रभा, सक्रिय महिला खुशबू कुमारी, पिंकी कुमारी, अंजू कुमारी, संचिता कुमारी, सुधा देवी, एपीएस व महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक : जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में डीसी ने की योजनाओं की समीक्षा, दिये निर्देश

जिला के 189 पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए पंचायत भवनों को क्रियाशील बनायें

जिले में पेयजल की समस्या उत्पन्न ना हो इसे लेकर चापाकल एवं जल मीनार को पूरी तरह से क्रियाशील रखने का निर्देश दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में गढ़वा जिला में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास योजनाओं की उपायुक्त ने गहन समीक्षा की। इनमें मुख्य रूप से पंचायती राज, मनरेगा, पेयजल, स्वास्थ्य, आपूर्ति, जेएसएलपीएस, राजस्व, कल्याण, समाज कल्याण, भू अर्जन, प्रधानमंत्री आवास, अम्बेडकर आवास, पीएमइजीपी, यूआईडी, श्रम, भूमि संरक्षण, कृषि समेत अन्य विभागों एवं विषयों पर एक एक कर विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रतिवेदन एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से जानकारी लेते हुए कार्यों की वर्तमान स्थिति एवं आगे के कार्यप्रणाली को लेकर योजनाबद्ध तरीके से बेहतर कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कहा कि गढ़वा जिला के 189 पंचायत पूरी तरह से सशक्त हों, इसके लिए पंचायत भवनों को पूरी तरह से क्रियाशील कर उनमें सारी सुविधाएं मुहैया करायें। पंचायतों में ऑनलाइन कार्य करने की सारी सुविधा हो, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र भी पंचायत स्तर से ही निर्गत हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस कार्य में सतत निगरानी रखने हेतु जिला पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। आने वाले दिनों में जिले में पेयजल की समस्या उत्पन्न ना हो इसे लेकर भी उपायुक्त ने समीक्षा करते हुए 15वें वित्त के तहत लगाए गए चापाकल एवं जल मीनार को पूरी तरह से क्रियाशील रखने का निर्देश दिया। जिससे गर्मी के समय में आमजनों को पेयजल की समस्या का सामना ना करना पड़े। सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को जिले के सभी प्रखंडों में योग्य एवं जरूरतमंद लाभुकों के बीच पहुंचाने अथवा उन्हें लाभान्वित करने हेतु जिला स्तर के पदाधिकारियों को विभिन्न प्रखंडों हेतु वरीय पदाधिकारी के रूप में नियुक्त करने के लिए उप विकास आयुक्त को निर्देशित किया गया ताकि विभिन्न प्रखंडों में चलाए जा रहे योजनाओं का सतत निगरानी रखते हुए कार्य में तेजी लाया जा सके।

बैठक में डीडीसी, अपर समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा/रंका/ श्री बंशीधर नगर, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला श्रम अधीक्षक, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, कार्यपालक दंडाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, सभी बीडीओ-सीओ सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित थे।

कांडी मंडल भाजपा ने एनडीए प्रत्याशी की जीत की खुशी में मिठाइयां बांटी

कांडी (आजाद सिपाही)। मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कांडी, लमारी कला, पतीला व सुंडीपुर सहित दर्जनों जगहों पर रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत की खुशी में मिठाइयां बांटी। भाजपा के कांडी मण्डल महामंत्री शशिरंजन दुबे की अध्यक्षता में तथा मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामलला दुबे की मौजूदगी में कार्यकताओं ने कांडी, लमारी काला व पतीला गांव स्थित बजरंगबली मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के कांडी मंडल अध्यक्ष रामजन्म प्रसाद, पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता विनोद प्रसाद, संतोष सिंह, ओमप्रकाश मेहता, डॉ. सुधीर सिंह, विजय सिंह व सतेंद्र विश्वकर्मा सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

होली में तेज अवाज में डीजे बजाने पर होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर थाना प्रभारी चंदन कुमार ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने सभी डीजे संचालकों को सख्त निर्देश दिया है कि होली पर्व के अवसर पर तेज आवाज में डीजे साउंड नहीं बजाया जाएगा। अगर किसी भी डीजे साउंड द्वारा तेज आवाज में बजाया जाएगा तो उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दुकान का लाईसेंस रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि होली के अवसर पर डीजे साउंड द्वारा अश्लील गाना नहीं बजाया जाएगा। उन्होंने कहा कि होली पर्व के अवसर पर जो लोग तेज साउंड में साउंड बजाता है उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में विभिन्न डीजे संचालक उपस्थित थे।

एसडीओ ने अवैध चिमनी भट्ठा को ध्वस्त कराया

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर के आदेश पर अनुमंडल के सगमा प्रखंड अंतर्गत घग्री में संचालित लोहे के ईंट भट्ठा चिमनी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसे ध्वस्त कर दिया। जानकारी देते हुए जिला सहायक खनन पदाधिकारी नंददेव बैठा ने बताया कि पिछले दिनों अवैध रूप से संचालित चिमनी के बारे में जानकारी मिली थी जिसके आलोक में स्थानीय अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश पर आज ईंट भट्ठा चिमनी स्थल पर पहुंचकर जांच उपरांत उसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चिमनी भट्टे को ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई अवैध रूप से संचालित ईंट भट्टों पर किया जाएगा। कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों में हड़कंप व्याप्त है।

आरके पब्लिक स्कूल में इनहाउस कार्यशाला का आयोजन

आरके ट्रस्ट के चेयरमैन शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने किया कार्यशाला का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। आरकेभीएस के सभागार में सीबीएसई के दिशा निर्देशानुसार शिक्षकों के लिए इनहाउस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सीबीएसई के दिशा निर्देशानुसार ऑफलाइन ट्रेनिंग के लिए आरके ग्रुप अंतर्गत संचालित सभी स्कूल आरकेपीएस गढ़वा, श्रीबंशीधर नगर और उंचरी, मझिआंव के शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ आरके ट्रस्ट के चेयरमैन शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को कार्यशाला में बतायी गयी बातों का अनुसरण करने की बात कही।

कार्यशाला का विषय 'एक्सपेरिएंटल लर्निंग' की चर्चा करने और विस्तार से हर बातों को साझा करने के लिए साधनसेवी के रूप में एलके ओझा, अनिल सिन्हा थे। ये दोनों साधनसेवी सीबीएसई द्वारा आयोजित पीआरपी कार्यशाला क्रमशः डीएभी हेहल, रांची व संत करेंन स्कूल दानापुर, पटना से ट्रेनिंग प्राप्त कर आज अपने अनुभवों और विचारों को साझा कर उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया। निदेशक ने अपने संबोधन में शिक्षकों को उनके कर्तव्यों और दायित्वों को याद दिलाया। शिक्षक राष्ट्र निर्माता हैं। आपसे ही देश का भविष्य बनता है। कार्यशाला में बताये गये सुझावों पर अमल कर के आप अपनी शिक्षण में गुणवत्तापूर्ण सुधार ला सकते हैं। शिक्षण में अनुभव का होना बहुत जरूरी है। अनुभव आधारित शिक्षा स्थायी व असरदार होती है।

कार्यशाला में शिक्षण को प्रभावी बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विचार रखे गये। कार्यशाला को प्रभावी बनाने के लिए प्रोजेक्टर व स्लाइड का प्रयोग किया गया। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र सिंह ने किया।

सीओ ने चेकडैम निर्माण का किया निरीक्षण

कहा, चेकडैम निर्माण में निम्न स्तर के मेटेरियल का हो रहा है प्रयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

धुरकी। धुरकी प्रखंड क्षेत्र के अंबाखोरया पंचायत अंतर्गत केतमा गांव में लघु सिंचाई विभाग से गांव के किसानों को खेतों की सिंचाई करने के लिए निर्माण कराये जा रहे चेकडैम निर्माण के कार्य का गुरुवार को अंचल अधिकारी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम अंचल अधिकारी ने पनियाही नाला में बन रहे अलग-अलग जगहों पर दोनों चेकडैम में प्रयोग किये जा रहे पत्थर, कंक्रीट, सीमेंट एवं बालू का सैंपल की जांच की। जांचोपरांत यह स्पष्ट हुआ है कि निम्न स्तर का मेटेरियल ठेकेदार प्रयोग कर रहा है। वहीं दुलारी नाला में भी निम्न स्तर का मेटेरियल प्रयोग किया गया है।

अंचल अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में केतमा गांव की सरकारी, रैयती और वन भूमि से पत्थरों का चेकडैम निर्माण के लिए अवैध उत्खनन भी किया गया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि ठेकेदार को चेकडैम निर्माण करने के लिए अनुमति मिली है ना कि अवैध रूप से उत्खनन करने के लिए। उन्होंने यह भी कहा है कि अवैध उत्खनन का वह अंचल के अमीन व राजस्व उपनिरीक्षक के द्वारा मापी कराकर राजस्व का आंकलन करते हुए उक्त तीनों चेकडैम के संवेदक पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आपको बता दें केतमा गांव में विधायक भानु प्रताप शाही ने एक माह पूर्व ही तीन चेकडैम का एक ही दिन शिलान्यास किया था, इसके बाद शिकायत मिलने पर विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव व रामप्रवेश प्रसाद गुप्ता ने स्वयं केतमा गांव में पहुंचकर चेकडैम निर्माण की जांच भी की थी। वहीं जांच के बाद उक्त दोनों विधायक प्रतिनिधियों ने यह स्पष्ट कर दिया था कि निम्न प्रकार का मेटेरियल का प्रयोग किया जा रहा है। इधर अंचल अधिकारी ने संज्ञान लेकर तीनों चेकडैम का निरीक्षण किया तो मामला सत्य पाया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निविदा सूचना सं0 15/EE/RDSD/KODERMA/2022-23 जिसका पी0 आर0 सं0 291075 है। जिसमें निम्न संशोधन किया जाता है।

(1) निविदा का वेवसाईट में प्रकाशन की तिथि 03.03.2023 से 10.03.2023
(2) निविदा संबंधित दस्तावेज जमा करने की तिथि 11.03.2023
(3) निविदा खोलने की तिथि 13.03.2023
(4) निविदा का क्र0 सं0 12 में कोडरमा प्रखण्ड के स्थान पर जयनगर प्रखण्ड समझा जाय।

शेष निविदा की शर्त्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा
PR 291775 Rural Work Department(22-23)D

OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER,CHATRA
(District Social Welfare Department)
Ref no. :- 297 Date :-02.03.2023
NOTICE FOR INVITING VERY SHORT TERM TENDER

SUB – Invitation of Short Term Expression of Interest for Establishment of Utencils in All Anganbadi Centre of CHATRA District under DMFT Fund 2022-23.

District Administration, CHATRA invites very short term EOIs from reputed Manufactures/firms/Company/Partnership Firm for Supply and installation of Utencils Set at different Projects in CHATRA District.

1	Name of Work	Supply of Various Utencils Items in All AWC of CHATRA District.
2	EMD & Processing Fee etc.	2,00,000 INR In Favor of District Social Welfare Officer, Chatra Payable at CHATRA
3	Last Date of Submission of TENDER	15.03.2023 03:00 PM
4	Date of Opening of TENDER	15.03.2023 04:00 PM
5	Place of Submission/for getting Required Information	District Social Welfare Office, Chatra
6	Place of Opening of TENDER	Chamber/Conference Hall of District Social Welfare Office, Chatra

Complete EOI Document & term condition is available on official Website of CHATRA & OFFICE of DSWO, CHATRA

PR 291753 Social Welfare,Women and Child Development(22-23)D

DSWO, CHATRA.

प्रेस कांफ्रेंस : अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल के गढ़वा आगमन पर स्नेह मिलन सह अभिनंदन समारोह आज

सुबह 10 बजे से रामलला मंदिर से नवादा मोड़ तक निकाली जाएगी शोभायात्रा

12:00 बजे से उमंग वाटिका में स्नेह मिलन सह अभिनंदन समारोह को होगा आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा द्वारा शुक्रवार को जिला कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आगामी 4 मार्च को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल के गढ़वा आगमन पर आयोजित होने वाले स्नेह मिलन सह अभिनंदन समारोह की जानकारी दी गयी। याज्ञवल्क्य शुक्ल मूल रूप से झारखंड के गढ़वा जिले के निवासी हैं। वर्तमान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री हैं। वर्ष 2009 में ही विभाग संगठन मंत्री बने। वर्ष 2014 में प्रांत संगठन मंत्री बनाये गये। वर्ष 2021 में बिहार-झारखंड के सह क्षेत्र संगठन मंत्री बने। उन्होंने रांची विश्वविद्यालय से भूगोल में पीएचडी की उपाधि हासिल की है। 2007 में श्री सतगुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय के निर्वाचित छात्र संघ अध्यक्ष एवं रांची विश्वविद्यालय के निर्वाचित छात्र संघ उपाध्यक्ष रहे। 2009 से पूर्णकालिक कार्यकर्ता हैं। पूर्व में रांची महानगर संगठन मंत्री, गुमला जिला संगठन मंत्री, कोल्हान विश्वविद्यालय संगठन मंत्री, रांची संगठन मंत्री, राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद सदस्य, सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं वर्ष 2015 से 2021 तक झारखंड प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री रहे। वर्ष 2018 में भारत सरकार द्वारा आयोजित यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत श्रीलंका यात्रा का प्रतिनिधित्व भी किया है। परिषद के कार्यकर्ता तैयारी में जुटे हैं।

संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश के प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी ने कहा कि 4 मार्च को अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल के राष्ट्रीय महामंत्री बनने के बाद उनके गृह जिला में पहला आगमन है। याज्ञवल्क्य शुक्ल के राष्ट्रीय महामंत्री बनने से पूरे जिले सहित प्रदेश के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल था। साथ ही साथ गौरव का विषय नामधारी महाविद्यालय परिवार के लिए भी यह गौरव की बात है। उनके आगमन को लेकर विगत कई दिनों से कार्यकर्ता स्नेह मिलन की तैयारी में लगे हैं। जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी ने कहा कि कल 10 बजे से रामलला मंदिर से उमंग वाटिका नवादा मोड़ तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। उसके पश्चात 12:00 बजे से उमंग वाटिका में स्नेह मिलन सह अभिनंदन समारोह होगा। मौके पर जिला सह संयोजक कुमार शुभेन्द्र, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शशांक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शेखर गुप्ता, कला मंच प्रमुख कौस्तुभ, टीएसवीपी जिला संयोजक हरिओम उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना (तृतीय कॉल)
जिसका PR No. 286094 (Drinking Water and Sanitaion) 2022–23 है।
Tender Reference No. - DWSD/RW/SVS-16/2022-23 Date - 03-03-2023

S.No	Name of the Work	Cluster Name	Sub Cluster/Group No.	Block	Estimate Cost (in Lac)	Ernest money (in Lac)	BOQ cost (in Rs.)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	Construction of Solar Based Mini Water Supply Schemes (SVS) in Different Block, comprising of suitable R.C.C. / Framed structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi for the year of 2022-23 (on Turn Key Basis)	3D	3D	Burmu	533.50	5.34	10000.00
2		8C	8C	Itki & Ratu	783.66	7.84	10000.00
3	कार्य पूर्ण करने की अवधि	09 Months + 1 months (trial and run)					
4	वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय	04-03-2023 at 04:00 P.M					
5	बीड़ प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय	09-03-2023 up to 04:00 P.M					
6	निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान	10-03-2023 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।					
7	बीड़ खोलने की तिथि/समय	11-03-2023 up to 05:00 P.M					
8	निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता।	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची।					
9	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	0651-2491247					

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
PR 291787 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

ट्रैक्टर पलटने से एक ही परिवार के चार लोग घायल

भंडरा/लोहरदगा। भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में शुक्रवार को ट्रैक्टर पलटने से एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस वाहन से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य भेजा गया डॉक्टर द्वारा सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घायलों की पहचान सिसई थाना क्षेत्र के बोड़ो चपाटोली निवासी नारायण उरांव पिता सुकरा उरांव, पत्नी राधा उरांव, पुत्री आरोही उरांव, सचित उरांव ये सभी घायल एक ही परिवार के हैं। जानकारी के मुताबिक सभी मसमानो गांव शादी में शामिल होने आए थे। सभी लोग ट्रैक्टर से अपने गांव जा रहे थे कि अचानक ट्रैक्टर का इंजन पलट गया। जिसमें सभी लोग दब गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर को उठाकर घायलों को निकालकर अस्पताल भेजा गया।

जेएसएलपीएस ने डीसी, डीडीसी को हर्बल गुलाल भेंट की

लोहरदगा। जेएसएलपीएस, लोहरदगा की ओर से उपायुक्त और उप विकास आयुक्त समीरा एस को हर्बल गुलाल भेंट की गयी। जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा ये हर्बल गुलाल सेंबर फूल, पलाश फूल, पालक साग, हल्दी से तैयार किये गए हैं। मौके पर डीपीएम प्रकाश रंजन, नेहा गोरेटि मिंज, सदर बीपीओ सुमति कुमारी, किरण आजीविका सखी मंडल की ओर से शांति कुमारी तिग्गा और रेणु कुजूर उपस्थित थे।

मां सिद्धिविनायक दुर्गा मंदिर का छत ढलाई हुई

भंडरा/लोहरदगा। थाना के समीप निमार्णाधीन मां सिद्धिविनायक दुर्गा मंदिर का छत ढलाई तीन मार्च को मंत्रोचारण व माता के जयकारा के साथ संपन्न हुआ। इसमें भंडरा सहित अन्य गांव के ग्रामीण भक्तों ने श्रमदान कर ढलाई कार्य में योगदान दिया। ढलाई से पहले विधिवत पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी गौतम कुमार, ईश्वरी मोहन शर्मा, संतोष पंडा, प्रदीप गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अजीत अग्रवाल, राजेंद्र साहू, विकास सिंह, उत्तम गुप्ता, आनंद दुबे आदि उपस्थित थे।

अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी मोड़ के समीप अवैध बालू लोडडे ट्रैक्टर को लोहरदगा एसपी आर रामकुमार द्वारा जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार एसपी आर रामकुमार सेन्हा थाना क्षेत्र में गस्ती पर निकले थे। उसी दौरान अवैध बालू परिवहन करते हुए ट्रैक्टर पर नजर पड़ा। जैसे ही ट्रैक्टर को रोककर कागजात का मांग किया गया। तबतक इस मामला की जानकारी सेन्हा थाना पुलिस को मिलते ही त्वरित कारवाई करते हुए जब्त ट्रैक्टर के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संदर्भ में सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बता दें कि पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार साइकिल से क्षेत्र का गस्ती तथा मॉर्निंग वॉक पर निकले हुए थे। तभी कंडरा कोयल नदी से अवैध बालू लोड कर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का तेज रफ्तार में कुंदगड़ी के तरफ जा रहा था। पुलिस को देख कुंदगड़ी मोड़ के समीप चालक ट्रैक्टर छोड़ कर भागने लगा। तभी पुलिस द्वारा ततपरता दिखते हुए कुंदगड़ी निवासी सुरेंद्र उराँव के ट्रैक्टर चालक पुत्र नवीन उरांव को गिरफ्तार कर लिया गया। जिस पर अवैध बालू परविहन के मामले में नियम संगत कारवाई किया जा रहा है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि अवैध बालू खनन एवं परिवहन मामला में टैक्टर चालक एवं जब्त वाहन पर कारवाई हेतु खनन एवं परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया है।

उपायुक्त ने विभागीय वित्तीय समीक्षा की

लोहरदगा। उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों की वित्तीय समीक्षा की गयी। इसमें डीआरडीए, डीएमएफटी, राजस्व, आपदा प्रबंधन, श्रम विभाग के विभिन्न मदों में प्राप्त आय/व्यय की समीक्षा शामिल थी। श्रम विभाग के द्वारा संचालित संकल्प स्कीम अंतर्गत युवाओं को मेडिकल संबंधी प्रशिक्षण के लिए उप विकास आयुक्त, लोहरदगा को निदेश दिया गया कि इसके लिए एक कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव उपस्थापित कराया जाय। आपदा प्रबंधन विभाग अंतर्गत प्राकृतिक आपदा, कोविड-19, श्रम विभाग अंतर्गत सेमिना, आर्थिक सहायता, सर्वेक्षण, विज्ञापन, प्रचार-प्रसार, राजस्व विभाग अंतर्गत विभिन्न मद, ग्रामीण विकास अंतर्गत मशीन उपस्कर, विधायक मद समेत अन्य मदों में आवंटन/व्यय की समीक्षा की गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, कोषागार पदाधिकारी, डीएमएफटी प्रभारी, श्रम अधीक्षक, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल, डीडीएमओ, डीआरडीए परियोजना पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

लोहरदगा पहुचे केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का जोरदार स्वागत

2024 में केंद्र में बनेगी भाजपा की सरकार : नरेंद्र सिंह तोमर

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर शुक्रवार को विशुनपुर जाने के क्रम में लोहरदगा पहुचे। लोहरदगा पहुचने के उपरांत उनका जोरदार स्वागत भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में किया गया। भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा ने उपस्थित सभी कार्यकर्ता पदाधिकारियों का परिचय कराया. केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि आने वाले 2024 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुनः केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। पूर्वांचल के 3 राज्यों में हुए चुनाव के परिणाम केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार एवं त्रिपुरा, नागालैंड एवं मेघालय में भाजपा एवं भाजपा गठबंधन कि सरकार के कामकाज के आधार पर जनता ने अपनी मुहर लगायी है। झारखंड में हुए रामगढ़ उपचुनाव एनडीए प्रत्याशी की जीत आने वाले समय में झारखंड में भी भाजपा गठबंधन की सरकार बनेगी। केंद्रीय मंत्री के स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष किसलय तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, चंद्रशेखर अग्रवाल, लाल नवल नाथ शहदेव, हर्ष नाथ महतो, प्रकाश नायक, नासिर अंसारी, भीखराम उरांव, कलावती देवी, जितेंद्र महतो, मनीष शिखर, रितेश प्रसाद साहू, अभय अग्रवाल, अजातशत्रु, लाल विश्वजीत, कमलेश कुशवाहा, सरजू कुमार साहू, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, प्रमोद महतो, मदन महतो, दिलीप पटनायक, नवीन कुमार साहू, शंकर प्रजापति, रजनीश सिंह, विनोद राय, ज्ञानेश गुप्ता, दीपक साहू, अनूप वर्मा, दिनेश साहू, संगीता कुमारी (वार्ड पार्षद) रामलाल उरांव, विक्रम लोहरा, विपदा उराव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर किया स्वागत : लोहरदगा। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी का आगमन बिशुनपुर जाने के क्रम में लोहरदगा में हुआ। जहां भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया एवं युवा मोर्चा के द्वारा मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर रोड शो का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों युवा कार्यकताओं ने भाग लिया। मौके पर प्रदेश मंत्री अजातशत्रु ने कहा कि हम सबों का सौभाग्य है कि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का आगमन लोहरदगा में हुआ एवं उनके स्वागत का मौका हम सभी युवाओं को मिला जिसके लिए हम सभी युवा साथी खुद को कृतज्ञ महसूस कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में शामिल सभी युवाओं का तहे दिल से धन्यवाद देता हूं। जिला अध्यक्ष मनीष शिखर ने इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवा साथियों को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। मौके पर लाल अनूप नाथ शाहदेव, विश्वजीत शाहदेव, सूरज दसोंधी, रितेश कुमार, अमित लोहरा, बाल्मीकि कुमार, कमलेश कुशवाहा, श्याम वर्मा, रेखा देवी, सुधांशु कुमार, पवन प्रजापति, सरजू साहू, राजेश तूरी, प्रवीण ठाकुर, नासिर अहमद सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कृषि कानून के लिए नहीं किया गया है कोई पत्राचार : नरेंद्र सिंह तोमर

लोहरदगा। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर शुक्रवार को लोहरदगा पहुंचे। उनसे लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधिमंडल मिला और उन्हें कृषि विधेयक से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री को बताया की कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक 2022 शुद्ध रूप से किसान विरोधी, व्यापार विरोधी, उपभोक्ता विरोधी तथा इंस्पेक्टर राज एवं भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली है। वर्तमान में गजट आने के बावजूद फिलहाल विधेयक लागू करने पर रोक लगी हुई है, परन्तु गजट के कारण कभी भी लागू होने का संशय बना हुआ है। झारखंड सरकार के प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान यह कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा पत्राचार कर कृषि कानून लागू करने का बहुत ज्यादा दबाव है अन्यथा राज्य सरकार को विभिन्न योजनाओं में दिये जाने वाला केन्द्रांश रोक दिया जायेगा। इसपर कृषि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि राज्य सरकार बिल्कुल सफेद झूठ बोल रही है। केंद्र सरकार के द्वारा ऐसा कोई पत्राचार नहीं किया गया है और ना ही कोई दबाव दिया गया है। हम पूर्ण प्रयास करेंगे कि व्यापारियों के हित मे काम करें तथा इस सम्बंध में उचित संवाद झारखंड सरकार से हो सके करेंगे। इस मौके पर चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार, सह सचिव अनीश मित्तल, सदस्य अमित कुमार सोनी, गुंजन गोयल, संजीव मित्तल, पंकज अग्रवाल, अभय अग्रवाल, भोला अग्रवाल, भुनेश्वर साहू तथा धनन्जय अग्रवाल समेत अन्य मौजूद थे।

सेवानिवृत्त शिक्षिका को दी गयी विदाई

बारियातु। प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय परिसर मे विद्यालय परिवार के द्वारा शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित कर सेवानिवृत्त शिक्षीका को किया गया विदाई। कार्यक्रम का अध्यक्षता बालुमाथ बीईईओ निर्मला लता ने की कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गान के पश्चात प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, डाढ़ा पंसस जया देवी, डीडीओ अंजनी सिन्हा, अध्यक्षता कर रही बीईईओ लता, बीपीओ बिरेन्द्र भगत ने संयुक्त रूप से दिपप्रज्वलीत कर किया। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षिका शिला एक्का ने अपना अनुभव बांटते हुए बताया कि मैं 2018 से राजकियकृत मध्य विधालय डाढ़ा में बच्चों को शिक्षा दे रही थी आज मुझे सरकारी नियमों के अनुसार 60 वर्ष पुरा होने के उपरांत मुझे सेवानिवृत होना पड़ रहा है.इस बीच भावुक हो गए। इसके पश्चात मंचासीन सभी अतिथियों व शिक्षकों ने संयुक्त रूप से सूटकेस में अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए विदाई किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। मौके पर एच एम दीपक कुमार सिंह, मिथलेश मेहता, रीता नायक, राजीव कुमार, अशोक सिंहा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक शंभू प्रसाद केशरी,मनोज तिवारी, राजेश यादव, भीम प्रजापति, सुनिल सिंह, राजीव सिंह, निरंजन सिंह, अनिल कुमार सुमन, द्वारिका राम, मिथलेश कुमार, अशोक सिंह, खीस्तोफर खालखो, कन्हाई शर्मा, अमरेसिया कुजूर, सहित कई लोग मौजूद रहे।

होली मिलन समारोह का आयोजन

लातेहार। जिला मुख्यालय के करकट स्थित सेलिब्रेशन होटल में शुक्रवार को अखिल भारतीय वैश्य महासभा के द्वारा होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर, लातेहार के जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद, अहिल्या देवी, अभिनंदन प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। इस दिन सभी लोग कई प्रकार के रंगों में होने के बाद भी एक रंग में रंग जाते हैं। इसी तरह हम सभी वैश्य समाज भी एक रंग में रंगते हुए समाज के सभी लोग एक मंच में आए। ताकि वैश्य की ताकत को लोग समझ सके। वैश्य महासभा के जिला अध्यक्ष महेंद्र चौडिक ने कहा कि होली आपसी भाईचारा को बढ़ाता है। होली मिलन समारोह में वैश्य समाज द्वारा पत्रकारों को गमछा पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन रमेश गुप्ता द्वारा की गई। मौके पर राजधानी यादव, अभिनंदन प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद, घनश्याम गुप्ता, गोविंद प्रसाद, मुरारी प्रसाद, कमलेश प्रसाद ,राजू प्रसाद, रमेश प्रसाद गुप्ता, अशोक कुमार उर्फ बूटा, भरत प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, नंदकिशोर प्रसाद, निर्दोष कुमार, विष्णु गुप्ता,पंकज प्रसाद, जदू नंदन प्रसाद, झूलन भगत, चंद्रेश प्रसाद, गुड्डू प्रसाद, देवनंदन प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, विनोद प्रसाद, प्रेम भगत, दिनेश प्रसाद आदि लगे हुए है।

गर्मी की तपिश अभी बांकी, सूख गये तालाब और नदियां

हुसैन अंसारी

किस्को/लोहरदगा। जिले में अभी ठीक से गर्मी चरम पर पहुंचा भी नहीं है कि लगभग जलस्रोत जवाब देने लगा है। लोग पीने की पानी की उपलब्धता को लेकर अभी से ही भागदौड़ शुरू कर दिये हैं। उल्लेखनीय है कि जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र में इस बार गर्मी से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि किस्को क्षेत्र में गर्मी के आगमन से पहले ही अत्यधिक जलस्रोत जवाब दे चुका है। इससे प्रतीत होता है कि इस बार की तपिश भरी गर्मी से लोग काफी परेशान हो सकते हैं। हालांकि जिला प्रशासन योजनाबद्ध तरीके से सभी पंचायत क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर पेयजल की व्यवस्था मुहैया कराने में तैयारी कर ली है। किस्को प्रखंड क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नल जल योजना के तहत पीने की पानी की व्यवस्था सुनिश्चित हो इसे लेकर जलमीनार और बोरिंग का कार्य जोरो पर कराई जा रही है। लेकिन क्षेत्र के अधिकतर जलस्रोत का अभी से ही जवाब देना लोगों को चिंतित कर दिया है। सबसे उल्लेखनीय बात तो यह है कि मनुष्यों के अलावा इस बार की गर्मी में पशु पक्षियों को भी अपनी हलक भिगोना बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। इधर गर्मी के आगमन से पूर्व ही जल संकट से लोगों में काफी चिंता बना हुआ है। लोग पानी की उपलब्धता को लेकर अभी से ही कोशो दूर जाकर पीने की पानी की व्यवस्था कर किसी तरह अपनी हलक भिगो रहे हैं। खैर आगे जो भी हो लेकिन अभी किस्को प्रखंड क्षेत्र में ठीक से गर्मी चरम पर पहुंचा भी नहीं है और आदमी तो आदमी पशु पक्षियों को भी जल संकट से गुजरना पड़ रहा है। यदि जिला और प्रखंड प्रशासन जल संरक्षण को ले समन्वय स्थापित कर कार्य करे तो सभी प्रकार के जीव जंतुओं को थोड़ी बहुत पेयजल की समस्या से निजात मिल सकती है।

बीमा क्लेम को लेकर कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) ने मोटर वाहन दुर्घटना एवं बीमा क्लेम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का आयोजन न्यायालय परिसर स्थित सभागार में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष डालसा राजेंद्र बहादुर पाल, बार अध्यक्ष डॉ प्रमोद पुजारी, डालसा सचिव राजेश कुमार एवं ट्रांसपोर्ट निरीक्षक शिरिल बेसरा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि सड़क पर सावधानी अति महत्वपूर्ण है किंतु दुर्घटना की स्थिति में मुआवजा का भी प्रावधान किया गया है। यदि क्लेमेंट इमानदारी से मृतक या घायल की आर्थिक स्थिति को न्यायालय के समक्ष रखे तो पीड़ित पक्ष को जल्द से जल्द न्याय मिलने की उम्मीद बढ़ जाती है। न्यायालय में दुर्घटना दावा के विभिन्न पहलुओं पर अधिवक्ता सीपी पाठक ने भी अपने विचार रखे। जबकि जिला मोटर वाहन निरीक्षक सिरिल बेसरा ने पुराने गाड़ियों की खरीद बिक्री से संबंधित विभिन्न नियमों को बतलाते हुए फार्म 29 एवं फार्म 30 को भरकर ही पूराने वाहन हस्तांतरण करने पर बल दिया।

विभागीय कार्रवाई नहीं होने से आंगनबाड़ी केंद्र संचालिकाएं काट रही हैं चांदी

सेविका और सहायिका की लापरवाही से नौनिहालों के भविष्य खतरे में

आजाद सिपाही संवाददाता

किस्को/लोहरदगा। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बगडू के आंगनबाडी.केंद्र बांडी बगडू की सेविका हीरामुनी कुमारी और सहायिका बालमनी देवी एंव ग्राम पंचायत बगडू के ग्राम पतरातू में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या दो की सेविका सईदा खातुन के लापरवाही से केंद्र में पढ़ने वाले नौनिहालों के भविष्य पर खतरा मंडराता दिखाई दे रहा है। यही वजह है कि इन दोनों आंगनबाड़ी केंद्र का ताला 10 बजे के बाद भी खुला नहीं था। आलम यह था कि नौनिहाल सेविका और सहायिका के आने की इंतजार में घंटों राह तकते रहे पर न तो दोनों केंद्र की सेविका केंद्र खोलने आयी और न ही सहायिका पहुंची। इधर दोनों केंद्र में सेविका और सहायिका के नहीं आने से नन्हें बच्चे मायूस होकर अपने घरों को जाना बेहतर समझे और निरास होकर अपने-अपने घर चल दिये। बताते चलें कि ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका और सहायिकाओं के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई नहीं होने से आए दिन इन लोगों का पारा सातवें आसमान पर चढ़ा हुआ है। उल्लेखनीय है बगडू पंचायत के बांडी बगडू आंगनबाड़ी केंद्र का ताला 9:45 बजे तक नहीं खुला था। वहीं पतरातू गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र भाग संख्या दो 10: 47 बजे तक बंद पड़ा हुआ पाया गया। इन दोनों केंद्रों में नौनिहाल अपना भविष्य संवारने के उद्देश्य से तय समय पर पहुंचे तो थे परंतु सेविकाएं और सहायिकाओं के अड़ियल रवैया से बच्चे केंद्र के समीप चक्कर काटते हुए थक हारकर अपना घर जाने को विवश दिखाई दिये। सबसे बड़ी विडंबना तो यह है कि इन केंद्रों की सेविकाएं व सहायिकाओं का मनोबल हमेशा बढ़ा इसलिए रहता है कि क्षेत्र की महिला प्रवेक्षिका क्षेत्र भ्रमण कर आंगनबाड़ी केंद्र का जायजा लेना मुनासिब नहीं समझती हैं। यही वजह है कि इन केंद्रों की सेविकाएं और सहायिका अपनी मनमर्जी की मालिक बन केंद्र का संचालन अपने हिसाब से कर विभाग की आंखों में धूल झोंकने और नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का कार्य कर रही हैं।

अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

बरवाडीह। बरवाडीह थाना क्षेत्र के केचकी पंचायत के बखोरीडेरा ग्राम से सटे औरंगा नदी से परिवहन करते हुए अवैध बालू लदा ट्रेक्टर अंचल अधिकारी राकेश सहाय के नेतृत्व में थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह व पुलिस टीम के द्वारा किया जब्त। इस सबंध में मिली जानकारी के अनुसार महिंद्रा ट्रैक्टर संख्या बी आर 26 जी 6863 पलामू जिले का बताया जा रहा है। वही दूसरी और ट्रेक्टर को जब्त कर लाया गया।बरवाडीह थाना पुलिस बल को देखकर ड्राइवर एवं लोड करने वाले अन्य मजदूर भाग गए संबंधित ट्रैक्टर मालिक पर अग्रसर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को सूचना दे दी गयी है। उनके आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई कर ट्रेक्टर मालिक एवं उसके अन्य सहयोगियों का पता लगाने का कार्य किया जायेगा। जहां से बालू की निकासी होती है। वहां से धंधेबाज जहां बालू गिराना होता है। वहां तक बाइक से स्काट करते हैं। पुलिस को देखने पर मोबाइल से चालकों को सूचना दे देते हैं। इसी में अगर पुलिस नहीं दिखती है तो बालू लदे ट्रैक्टर पकड़े जाते हैं।

मॉडल विद्यालय में नामांकन परीक्षा का आयोजन

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड के एकमात्र राजकीयकृत टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के परीक्षा केंद्र में शुक्रवार को प्रखंड के सभी पंचायतों से 333 छात्र-छात्राओं का एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय/आश्रम विद्यालय में वर्ग 6, 7, 8 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। कल्याण विभाग द्वारा संचालित इन विद्यालयों में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा में 333 छात्र-छात्राओं में से 14 छात्र अनुपस्थित रहे। वही पर प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर राजकीयकृत उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सुनीता खलखो को केंद्र अधीक्षक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद सिंह स्टैटिक दंडाधिकारी व चलंत दंडाधिकारी के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की प्रतिनियुक्ति किया गया था। शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सक्रिय रहे। और बारी बारी से सभी वर्गों का निरीक्षण किया।

बारियातु में होली मिलन समारोह आयोजित

बारियातु। भोगता समाज के लोगों ने प्रखंड के फुलसु पंचायत अंतर्गत करमा ग्राम में होली मिलन समारोह आयोजित किया। समारोह का अध्यक्षता अशोक भोगता व सचिव ललन केशरी ने किया। जबकि संचालन योगेन्द्र भोगता द्वारा किया गया। भोगता समाज के होली मिलन समारोह में जमकर होली के गीत गाए तथा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर कोषाध्यक्ष योगेन्द्र भोगता ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, इसलिए शांतिपूर्ण व सौहार्द के साथ मनाए। मौके पर सेवक भोगता सदस्य गणेश, जितेंद्र , संतोष,सुरेंद्र, रामू, ब्रजेश, बाबूलाल, संजीत, प्रभु गणेश भोगता व समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

लातेहार में पांच मार्च को कवि सम्मेलन को लेकर बनी रणनीति

चंदवा। चंदवा लातेहार के ईचाक कि हयात अकेडमी के वर्षगांठ पर के एच सोसाईटी के तत्वाधान में पांच मार्च को आयोजित कवी सम्मेलन सह सेमिनार को लेकर विश्रामागार में बैठक की गयी। सोसाईटी के अध्यक्ष समशुल होदा ने बैठक में कहा कि देश के कई हिस्सों से साहित्यकार व कवि इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को लेखकर वर्तमान समय में उठ रही सामाजिक, शैक्षणिक एवं संस्कृतिक विषयों पर कवि प्रस्तुत करेंगे साथ ही एक से बढ़कर एक कविताएं, नजम, गजल पेश करेंगे। पलामू प्रमण्डल में यह कवी सम्मेलन सह सेमिनार यह पहला कार्यक्रम होगा। इसमें सभी बुद्धिजीवी से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गई है। बैठक में सोसायटी के अध्यक्ष समशुल होदा, हाफिज बरकतुल्लाह रिजवी, हाफिज मेराजुल हक, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, नौसाद अंसारी, बाबर खान, मो. खुर्शीद अंसारी, मो. युनूस अंसारी व अन्य शामिल थे।

जनता दरबार का आयोजन

बरवाडीह। जिले के उपायुक्त के निर्देश पर बरवाडीह प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ राकेश सहाय के आदेश पर प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण ने कहा कि उपायुक्त महोदय का निर्देश है कि प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रत्येक शुक्रवार को जनता दरबार लगाया जायेगा। जनता दरबार में भूमि विवाद, मारपीट, जमीन की दाखिल खारीज, वृद्धा पेंशन, पारिवारिक लाभ योजना समेत सभी मामले का आवेदन जमा किया गया। शुक्रवार को जनता दरबार में तीन लोगों के पेंशन की जांच की गई जो कई महीनों से बंद थी जिसमें दो लोगों का खाते में पैसा जा रहा है। इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, पूर्वी जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद गुप्ता, रोजगार सेवक, राजस्व कर्मचारी, आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत सचिव समेत अंचल और प्रखंड के सभी कर्मी उपस्थित थे।

राज्य व जिले में अमन शांति और तरक्की के लिए दुआ की अपील

लोहरदगा। जिले के विभिन्न प्रखंडों से 8 लोग शुक्रवार को मक्का मदीना शरीफ उमराह के लिए रवाना हुए। रवानगी से पूर्व सभी को अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने जामा मस्जिद स्थित शहंशाहे लोहरदगा हजरत बाबा दुखखन शाह मजार शरीफ के प्रांगण में माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उमराह के दौरान किए जाने वाले अरकानों के बारे में उन्होंने सभी को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि हज के बाद उमराह का इस्लाम में काफी महत्व है जो लोग अपने जीवन में हज नहीं कर पाते हैं उन्हें उमराह जरूर करनी चाहिए। उन्होंने जायरिनों को उमराह पर जाने की मुबारकबाद देते हुए जिला, राज्य व देश की तरक्की, अमन और शांति के लिए दुआ करने की भी अपील की है। मौके पर उन्होंने सभी जायरिनों को फूल का माला पहना कर तथा मुबारकबाद देकर रवाना किया। जायरीनों में मोहिबुल्लाह अंसारी, मुस्तफा अंसारी, मजार अंसारी, मुस्लिम अंसारी, अख्तर अंसारी, ताजिम अंसारी, अजहरुद्दीन अंसारी तथा सलेहा बेबी शामिल है।

भंडरा थाना में शांति समिति की बैठक हुई

भंडरा। आगामी होली एवं शबे बारात को लेकर भंडरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक क्षेत्र के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। बैठक में प्रखंड प्रशासन व पुलिस प्रशासन सहित पंचायत जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पर्व को दोनों समुदाय शांति व सौहार्द के साथ पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। शांति समिति के बैठक के दौरान होली पर्व एवं शबे बारात मनाने को लेकर एवं तैयारियां पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। रंगों का त्यौहार पर चर्चा करते हुए थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था का जायजा लिया गया। पर्व के दौरान दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों से विचार विमर्श करते हुए भाईचारे के साथ पर्व मनाने को लेकर निर्णय लिया गया। शांति समिति बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, इंस्पेक्टर चंद्रमोहन हांसदा, थाना प्रभारी गौतम कुमार, सब इंस्पेक्टर विकास कुमार विश्वकर्मा, लव कुश सिंह लाल महतो प्रमुख बरिया देवी, मुखिया परमेश्वर महली, टेले उरांव, इंद्रदेव उरांव, सूमंती तिग्गा, धनेश्वरी देवी, ममता कुमारी, सुमित उरांव, ईश्वरी मोहन शर्मा, किस्सा साहू, सुहेल अमीन, इम्तियाज अंसारी, राजेश उरांव, विवेक सोनी, अलावे क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद थे।

बजट अनुकूल, परंतु मंत्री ने अपने जिले को नहीं दी कोई सौगात : रमेश चीनी

गुमला (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने बजट पर कहा कि बजट बेहतर है। बजट में सभी वर्गों के लोगों का विकास के अनुकूल बजट पेश किया गया है। इसमें विद्यार्थियों के लिए रोजगार से जोड़ने हेतु पॉलटेक्निक कॉलेज खोलने की बात कही गयी है। जिससे यहां के युवा वर्ग स्कील लेकर रोजगार से जुड़ सकते हैं। इसके अलावे किसानों को भी सौगात दिया गया है। जो बहुत ही अच्छा है। परंतु एक निराशा हुई है, वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव गुमला जिले से जुड़े हैं, उन्हें यहां की भौगोलिक स्थिति मालूम थी। उन्हें गुमला के लोगों को नयी सौगात देनी चाहिए थी, जिससे यहां के लोगों को खुशी होती।

चैनपुर थाना परिसर में होली एवं शब ए बारात को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

चैनपुर (आजाद सिपाही)। होली पर्व एवं शबे बारात को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने के लिए शुक्रवार को थाना परिसर में बीडीओ डा. शिशिर कुमार सिंह, सीओ गौतम कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव व थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक थाना परिसर हुई। बैठक में एक-दूसरे के साथ मिल-जुलकर पर्व मनाने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि पर्व त्योहार आपसी प्रेम को बढ़ावा देता है हमें एक-दूसरे की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मिलजुल का पर्व मनाना चाहिए। सर्किल इंस्पेक्टर ने कहा कि क्षेत्र में हमें शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सदैव तत्पर है। पर्व त्यौहार के मौके पर सोशल मीडिया के द्वारा अफवाह फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने युवाओं को नशा पान से दूर रहने की बात कहते हुए अवैध रूप से नशीली चीजों की बिक्री करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। बैठक के उपरांत थाना परिसर में सभी ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाया। मौके पर एसआई मदन शर्मा, चैनपुर मुखिया शोभा देवी, यमुना केसरी, रघुनंदन प्रसाद, पुनंदू शर्मा, शकील खान, नीरज मौर्य, अरविंद मौर्य, कृष्णा प्रसाद, मनोहर बड़ाईक, दीपक खलखो, अफरोज खान, नसरुद्दीन खान, दीपक टोप्पो के शांति समिति के सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

मिर्गी और मासिक रोग के इलाज के लिए सदर अस्पताल में शिविर 5 मार्च को

गुमला (आजाद सिपाही)। मिर्गी और मानसिक रोग के इलाज के लिए सदर अस्पताल परिसर में रविवार यानी 5 मार्च को भव्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी राजू कश्यप ने प्रेस वार्ता के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में रांची के कई नामचीन न्यूरो सर्जन के साथ-साथ उनके विशेष सहयोगियों की टीम शिविर में रोगियों का इलाज करेगी। सारे आयोजन की देखरेख डीएस अनुपम किशोर करेंगे। वहीं डीएस अनुपम किशोर ने बताया कि गुमला जिले में लगभग 2000 चिन्हित मानसिक एवं मिर्गी रोगी हैं। मानसिक रोगियों को शिविर में लाने के लिए आंगनबाड़ी सेविका, स्वयं सहायता समूह की दीदीयां और ग्रास रूट पर काम करने वाली कई संस्थाओं को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि इस शिविर में काफी संख्या में नये मानसिक रोगी अथवा मिर्गी रोगी की आने की संभावना जतायी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविर में मुफ्त जांच, मुफ्त चेकअप और मुफ्त दवाओं का वितरण किया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की है कि उन्हें अगर कोई मिर्गी रोगी या मानसिक रोगी मिले तो उसे इस शिविर तक लायें। उन्होंने कहा कि शिविर रविवार को दिन भर चलेगा।

बीडीओ ने की योजनाओं की समीक्षा

घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में शुक्रवार को दोपहर 3:00 बजे बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने विकास योजना को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में मनरेगा के तहत आंगनबाड़ी की पंचायतवार समीक्षा की गई एवं प्रगति लाने का निर्देश दिया। साथ ही आम बागवानी की इंट्री व स्वीकृति की समीक्षा कर दो दिनों के अंदर सभी योजना की एंट्री करने का निर्देश दिया। एंट्री की गई योजना को स्वीकृत कराने का निर्देश दिया। खेल मैदान, आधार सीडिंग, मानव दिवस सृजन की समीक्षा भी की। साथ ही जियो टैग आगामी 11 मार्च तक शत-प्रतिशत करने का निर्देश दिया। मजदूरों को आधार कार्ड से जोड़ने एवं भुगतान कराने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी के बड़े प्राक्कलन की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना की पंचायतवार समीक्षा की गयी। 488 आवास लंबित पाया गया। जिसमें बीडीओ ने पंचायत सेवक जनसेवक स्वयंसेवक से लंबित आवास की स्थिति की जानकारी ली एवं प्लानिंग बनाकर पूर्ण कराने का निर्देश दिया। डीमांड हेतु मृतकों की सूची ग्राम सभा कॉपी के साथ जमा करने का भी निर्देश दिये। बैठक में अनुपस्थित दो कनीय अभियंता व एक रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण व एक दिन का मानदेय घटाने का निर्देश भी दिया गया। घाघरा के पंचायत सचिव बीरेंद्र साहू के द्वारा परिवारिक लाभ योजना की जानकारी नहीं रखने पर व आवेदक को गलत सूचना देने के आलोक में वेतन रोकने की चेतावनी भी बीडीओ द्वारा दी गई। मौके पर उपस्थित लोगों में कई पंचायत के मुखिया पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

कार्यक्रम : जिला स्तरीय किसान मेला में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा

मछली, मुर्गी और पशु पालकों को अब सरकार देगी केसीसी का लाभ

विकास भारती कृषि विज्ञान केंद्र, बिशुनपुर ने किया मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

बिशुनपुर। अंतरराष्ट्रीय पौष्टिक अनाज वर्ष 2023 के तहत विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, विकास भारती के सचिव पदमश्री अशोक भगत, सांसद सुदर्शन भगत, राजसभा सांसद समीर उरांव, भाजपा नेता प्रवीण सिंह, उपायुक्त सुशांत गौरव आदि ने किया। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि अब पूरे देश के किसानों को कृषि के अलावे पशु पालन, मछली पालन व मुर्गी पालन के लिए भी केसीसी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक गांव गरीब और किसान आगे नहीं बढ़ेंगे तब तक देश आगे नहीं बढ़ेगा। देश को आगे बढ़ाने के लिए किसानों को सम्मिलित करना होगा व गांव का उत्तरोत्तर विकास करना जरूरी है। श्री तोमर ने कहा कि पूरा विश्व भारत की ओर उम्मीदों से देख रहा है। भारत उन उम्मीदों पर खरा उतरेगा और एक दिन विश्व गुरु बनेगा। श्री तोमर ने कहा कि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत मांगने वाला नहीं, देने वाला देश बना है। कृषि की परंपरागत अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए हमें अपनी पुरानी परंपरा में वापस लौटना होगा। हमें तेजी से मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देना होगा। ज्वार, बाजरा, मडूआ, कुट्टू की खेती को बढ़ावा देकर इसे अमीरों की थाली तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में देश के 80 करोड़ जनता को भारत सरकार ने अनाज देकर उनका पेट भरा। कृषि के क्षेत्र में कई चुनौतियां हैं। प्राकृतिक आपदा से हम नहीं निपट सकते हैं। ऐसे में देश के प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना चालू किया। इसके तहत देश के किसानों को एक लाख 30 करोड़ रुपया बीमा योजना के तहत प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में कौन सी फसल अधिक मुनाफा दिला सकती है। उसके साथ मिलकर कार्य करना होगा। एफपीओ के तहत किसानों को साहूकारों से छुटकारा दिलाये जाने का प्रयास किया जा रहा। उन्होंने कहा कि विकास भारती के सचिव अशोक भगत का जीवन मानव सेवा ग्राम विकास व गरीबों के उत्थान में लगा रहे हैं। विकास भारती के 40 वर्षों के इस समय पर अब भी पद्मश्री अशोक भगत जनजातियों के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र व विकास भारती बिशुनपुर अशोक भगत जेसे ईमानदार व सच्चे व्यक्ति के हाथों में है। जिसके कारण क्षेत्र के लाखों गरीबों का उत्थान हो सका।

कार्यक्रम को सांसद सुदर्शन भगत, राजसभा सांसद समीर उरांव, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति व निर्माण के प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

मौके पर नागेंद्र त्रिपाठी, रंजना चौधरी, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, सीओ धनंजय पाठक, संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, भिखारी भगत एवं जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

अतिथियों ने कृषि से जुड़ी पुस्तक का किया विमोचन

जिला स्तरीय किसान मेला में लगाये गये स्टॉल का केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर सहित अन्य अतिथियों ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों के द्वारा उत्पादित सब्जियों व फसलों को देखकर प्रशंसा की। विभिन्न गांव से आये किसानों ने अपने अपने उत्पाद का स्टाल लगाया था। मौके पर कृषि से जुड़ी पुस्तक का भी इस दौरान कृषि मंत्री एवं अतिथियों के द्वारा विमोचन किया गया।

आंजन धाम को वैश्विक प्रसिद्धि दिलाने को लेकर कवायद शुरू

मुख्यमंत्री से मिलेगा आंजन धाम का प्रतिनिधिमंडल

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। आंजन धाम को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से आंजन धाम गुमला के बैनर तले शुक्रवार को घाटों बगीचा स्थित संजय सिंह के आवास में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। आंजन धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित दिवाकर पाठक ने बताया विगत 12 जनवरी युवा दिवस के अवसर पर आंजन धाम में एक शाम आंजन धाम के नाम कार्यक्रम ऐतिहासिक अभूतपूर्व रहा, जिसमें विभिन्न जिलों से सनातन धर्म में हजारों की संख्या में भाग लिया, जिसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।

वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य आगामी 2 अप्रैल को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर आंजन धाम के विकास पर चर्चा की जाएगी, तत्पश्चात 7 अप्रैल को आंजन धाम महोत्सव के तहत झारखंड के सभी जिलों से अयोध्या के लिए हजारों की संख्या में भक्तगण प्रस्थान करेंगे। प्रयागराज में रात्रि विश्राम के पश्चात त्रिवेणी संगम में स्नान के उपरांत अयोध्या में श्री राम भगवान का दर्शन करेंगे, इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।

प्रेस वार्ता के माध्यम से पदाधिकारियों ने राज्य सरकार से आंजन धाम को वन क्षेत्र से हटाने की मांग की तथा गुमला के प्रमुख धार्मिक स्थलों राम रेखा धाम, पालकोट, देवगांव, टांगीनाथ धाम, हीरादह, बासुदेव कोना, हापमुनि महामाया मंदिर, केतुका धाम, महादेव कोना, कपिलनाथ मंदिर, कोराम्बे मंदिर, देवाकी धाम, पांच पांडव पहाड़, रंगनाथ मंदिर, सीरा-सीता धाम तथा अन्य प्रमुख पौरणिक धरोहरों को पर्यटन कॉरिडोर में शामिल करने की मांग की गई।

राष्ट्रीय संयोजक संजय सिंह ने अंजन धाम को राष्ट्रीय धरोहर शामिल करने के लिए सबों को आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा पूरे झारखंड के सभी जिलों में आंजन धाम के विकास के लिए कमेटी निर्माण करने की बात कही। उसके लिए आंजन धाम गुमला की ओर से सभी संगठनों का प्रयास स्वागतयोग्य है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किशोर साहू ने राज्यसभा सांसद समीर उरांव द्वारा शून्य काल सदन में आंजन धाम को वन क्षेत्र से हटाने के लिए आवाज उठाने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने गुमला के सभी जनप्रतिनिधियों से आंजन धाम के विकास के लिए आगे आने का आह्वान किया।

प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष अभय महतो, आनंद धाम गुमला के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अरविंद मिश्रा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय किंडो, राष्ट्रीय महासचिव सुधीर ओहदार, तेली समाज के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष रिपुसूदन साहु, लोहरदगा निवासी मुकेश कुमार

नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

भरनो। थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए भरनो पुलिस ने दुष्कर्म के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मामले की जानकारी भरनो थाना में बसिया सर्किल इंस्पेक्टर एसएन मण्डल एवं थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी ने प्रेसवार्ता कर दी। बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते एक मार्च की शाम को एक नाबालिग लड़की अपने परिचित युवक के साथ गांव के पास बात कर रही थी, तभी मठ तुरिअम्बा गांव निवासी प्रदीप उरांव (18), सुमित गोप (19) एवं शिवराज उरांव (18) उनके पास पहुंचे और लड़की के परिचित युवक को मारपीट कर वहां से भगा दिया। साथ ही प्रदीप और सुमित ने लड़की को पास की झाड़ी में जबरन ले जाकर बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं शिवराज वहां खड़ा होकर आने-जाने वालों के उपर नजर रख रहा था। इस पर लड़की की चीख-पुकार सुन कर स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुटने लगे तो ग्रामीणों को आता देख तीनों आरोपी लड़की को छोड़कर वहां से भाग गये। फिर लड़की अपने परिजनों के साथ भरनो थाना पहुंचकर मामले की जानकारी देते हुए आरोपियों के विरुद्ध दुष्कर्म का केस दर्ज करवाया।

इधर भरनो पुलिस ने थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी के नेतृत्व में 24 घंटे के अंदर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और शुक्रवार को तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

बैठक : उपायुक्त ने की शहर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा, दिये निर्देश

सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पाद बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को करें प्रोत्साहित

कार्यपालक पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को संयुक्त रूप से शहर में अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाने को कहा

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। नगर परिषद के अधीन चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को लेकर उपायुक्त ने समीक्षा बैठक की। बैठक में राजस्व प्रबंधन, नागरिक सुविधा, आजीविका मिशन, ड्रेनेज सिस्टम, सैरात बंदोबस्ती, बाजार व्यवस्था आदि को लेकर विभिन्न निर्देश दिये।

उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी को संयुक्त रूप से शहर में अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाने को कहा। उन्होंने कहा कि शहर में कुछ इलाकों में इस तरह से घर बने हुए हैं जिनके कारण बरसात में बड़ी मात्रा में पानी का जमाव हो जाता है, उन घरों को आंशिक रूप से तोड़कर या वैकल्पिक रास्ता निकालकर बरसात से पहले ही इस समस्या का निराकरण कर लेना श्रेयस्कर होगा।

उपायुक्त ने नगर परिषद के अधीन कार्यरत स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों वाले उत्पादों के निर्माण कार्यों से जोड़ने को कहा। उन्होंने नगर परिषद द्वारा राजस्व वसूली के लिए किए गए प्रयासों तथा बस स्टैंड के माहौल को बदलने को लेकर नगर परिषद की पूरी टीम को इसी तरह से लगातार कार्य करने को प्रेरित किया। उपायुक्त ने कहा कि शहर के दुकानदारों को बाजार समिति तथा गुमला हाट (बाजार टांड़) में शिफ्ट कराने के लिए सतत रूप से सकारात्मक प्रयास करने की जरूरत है। इसको लेकर अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी संयुक्त रूप से टीम बनाकर काम करें।

उन्होंने शहर में यत्र तत्र बैठे मुर्गा-मछली विक्रेताओं को सख्ती से निर्धारित स्थान पर बैठाने के लिए कार्यपालक पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी को निर्देश दिया।

बैठक के दौरान नगर परिषद के नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक, कनीय अभियंता गण भी मौजूद थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

भरनो थाना में होली एवं शब ए बारात को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

भरनो (आजाद सिपाही)। भरनो थाना में शुक्रवार को होली पर्व एवं शबे बारात को लेकर पुलिस इंस्पेक्टर एसएन मंडल और बीडीओ तेज कुमार हस्सा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में दोनों पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों पर पैनी नजर रखने एवं ऐसे लोगों की जानकारी प्रशासन को देने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। मौके पर बीडीओ एवं थानेदार ने सभी लोगों को पर्व की बधाई दी। इंस्पेक्टर एनएन मण्डल ने कहा कि अफवाह फैलाने, हुड़दंग करने एवं सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर पैनी नजर रखी जायेगी। बैठक के बाद सामूहिक रूप से अबीर गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली पर्व की बधाई दी गयी। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर, बीडीओ, थानेदार कृष्णा कुमार तिवारी, प्रमुख पारसनाथ उरांव, उपप्रमुख बबिता तिर्की, शिवम गुप्ता, अशीषनाथ शाहदेव, पतितपावन शाही, भोला प्रसाद केशरी, खलील मियां, नबी फरास, संजय गुप्ता, मनोहर लाल केशरी, मोख्तार आलम, श्रीकांत केशरी, सुदामा केशरी, विक्की सिंह, शिव सिंह, रामाधार सिंह, पिंटू केशरी, मुखिया सुशील उरांव, सुषमा नाग, अजहर अली, जहांगीर आलम, सोबराती अंसारी, सकीम अंसारी, चिंतामणि महतो, योगेंद्र दास, रतन लाल मुर्मू सहित मुखिया, जनप्रतिनिधि, पुलिसकर्मी व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

पालकोट रेंज कार्यालय में विश्व वन्य प्राणी दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पालकोट (आजाद सिपाही)। वन्य प्राणी आश्रयणी प्रक्षेत्र के पालकोट रेंज कार्यालय में शुक्रवार को विश्व वन्य प्राणी दिवस के निमित्त जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएफओ उमेश साहनी, विशिष्ट अतिथि उप वन संरक्षक अजीत सिंह एवं रेंजर अशोक कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि डीएफओ उमेश साहनी ने किया। मौके पर कहा कि वन एवं वन्य प्राणियों का संरक्षण मानव जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी को वन एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण का संकल्प लेना होगा। आप सभी एक-एक पौधे लगाने का संकल्प जरूर लें। मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच निबंध, चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता एवं वन एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण से संबंधित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर वनपाल कृष्णा महतो, संदीप कुमार, तपेश कुमार, गोकुल कुमार महतो, तुर्जन मुंडा, देवदत्त सिंह, प्रकाश मुंडा, तारक ठाकुर, अमृत केरकेट्टा, लोधा खड़िया, दीपक सिंह, गंदुर से सेलिना केरकेट्टा, अंजेला तिर्की, भर्जंति देवी, सुशीला देवी, राधेश्याम साहू सहित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, कंदर्प उच्च विद्यालय सोहर, साहू सरस्वती विद्या मंदिर व राजकीय मध्य विद्यालय पालकोट के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6, 7 एवं 8 में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन

बसिया (आजाद सिपाही)। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के अंतर्गत संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, आश्रम आवासीय विद्यालय, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति आवासीय उच्च विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 6, 7 व 8 में रिक्तियों के विरुद्ध नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा केंद्र पर कक्षा 6 के 52, कक्षा 7 के 11 तथा कक्षा 8 के 10 छात्र-छात्राओं की परीक्षा होनी थी जिसमें कुल 56 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा के सफल संचालन के लिए विद्यालय के प्राचार्य को केंद्राधीक्षक बनाया गया। वहीं स्टेटिक मजिस्ट्रेट सह केंद्र पर्यवेक्षक के रूप में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी कल्याण पदाधिकारी तथा गश्ती दंडाधिकारी के रूप में बसिया के सीओ रविन्द्र कुमार पांडेय को प्रतिनियुक्त किया गया था। 11 बजे से 2 बजे तक चलने वाली परीक्षा ओएमआर शीट पर ली गयी। परीक्षा के सफल संचालन में धनंजय कुमार सिंह, महेश कुमार नाग, रंजन कुमार पांडेय, बादेश कुमार मंडल, राजा बिश्वाल, पंकज कुमार, निरंजन कुमार, कंचन कुमार, प्रिंस कुमार, संदीप कुमार पंडित, अभिषेक कुमार, प्रिया कुमारी, उत्तम कुमारी, सूरज कुमार प्रसाद, शिव उरांव, रोबिन लकड़ा तथा रघुवीर कुमार साहू का विशेष योगदान रहा।

पालकोट के मरदा नदी से अवैध रूप से बालू उठाव करते पांच ट्रैक्टर जब्त

पालकोट (आजाद सिपाही)। प्रखंड अन्तर्गत मरदा नदी से अवैध रूप से बालू उठाते हुए पांच ट्रेक्टरों को जब्त कर थाना लाया गया। विगत चार-पांच दिन पूर्व आजाद सिपाही दैनिक अखबार में बालू माफियाओं के खिलाफ खबर छपने के बाद दो-तीन दिन बालू उठाव में कमी आयी थी, परंतु फिर बालू उठाव शुरू हो गया था। जानकारी के अनुसार आज सुबह 8 बजे ही पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिंडा और पालकोट बीडीओ डॉ मनीष कुमार व पुलिस बल के साथ संयुक्त अभियान के तहत मरदा नदी से पांच ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना लाया गया है। मौके पर पालकोट थानेदार अनिल लिंडा ने कहा कि मरदा नदी तट पर ग्रामीण जब्ती के खिलाफ रोड जाम करने की धमकी दे रहे थे और ट्रैक्टरों को थाना लाने का विरोध कर रहे थे। इन पांचों जब्त ट्रैक्टरों के खिलाफ कागजी प्रक्रिया हो रही है। इस तरह की कार्रवाई से बालू तस्करी में कमी आयेगी।

कोनबीर में सरोज साड़ी सेंटर का उद्घाटन

बसिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कोनबीर में सरोज साड़ी सेंटर का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग द्वारा फीता काटकर एवं पुरोहित फादर पोलीनुस टोप्पो द्वारा अनुष्ठान कर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिप सदस्य ने दुकान के संचालक सरोज कुल्लू को शुभकामनायें देते हुए कहा कि इस दुकान के खुलने से लोगों को खासकर महिलाओं को कपड़े की खरीददारी करने बाहर नहीं जाना पड़ेगा। संचालक सरोज कुल्लू द्वारा बताया गया कि उनके प्रतिष्ठान में उचित मूल्य पर अच्छी क्वालिटी की साड़ी एवं अन्य कपड़े मिलेंगे। इस अवसर पर मुखिया एमलेन कुल्लू, जंसिता बागे, रश्मि टेटे, सेतेंग हेमरोम, अमित बघवार, पंचायत समिति सदस्य पीसी बड़ाईक, विधायक प्रतिनिधि जंसिता बारला, नीरज साहू समेत अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

होली और शब-ए-बारात त्योहार को लेकर विभिन्न थानों में हुई शांति समिति की बैठक

एक-दूसरे की भावनाओं को ठेस ना पहुंचाएं: अमित सोनी

सतबरवा थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

सतबरवा/पलामू। होली और शब-ए-बरात त्योहार को लेकर शुक्रवार को सतबरवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ राज किशोर प्रसाद एवं संचालन थाना प्रभारी अमित सोनी ने किया। बैठक में थाना क्षेत्र के सभी गणमान्य एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान सभी लोगों ने कहा कि सतबरवा में हमेशा शांतिपूर्ण होली मनती आ रही है। इस बार भी हम सब हिंदू मुसलमान मिलकर होली मनाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ राज किशोर प्रसाद ने कहा कि होली खुशी और भाईचारे का त्योहार है। इसे मिलजुल कर मनाएं और किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें। वहीं, थाना प्रभारी अमित सोनी ने कहा कि होली खुशियों का त्योहार है। इसमें पुरानी से पुरानी दुश्मनी भी भूला कर एक दूसरे को गले लगाते हैं। साथ ही शब-ए-बरात में मुसलमान भाई नमाज पढ़ते हैं और कब्रिस्तान को रोशनी से जगमगाते हैं। इसलिए सभी लोगों से अपील है कि एक-दूसरे की भावनाओं को ठेस ना पहुंचाएं और शांतिपूर्ण अपना-अपना त्योहार मनाएं। इस मौके पर भाजपा अनुसूचित जनजाति के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, प्रमोद यादव, रवि प्रसाद, दीपक चंद्रवंशी, बाबर अंसारी, मोहम्मद मियां, मोहम्मद शकीन आदि उपस्थित थे।

हर परस्थिति से निपटने के लिए तैयार : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। हरिहरगंज थाना परिसर में शुक्रवार को होली व शब-ए-बारात पर्व एक साथ होने के कारण शांति समिति की बैठक में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही सभी से शांति और आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ जयप्रकाश नारायण और संचालन प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने किया। बैठक के दौरान बीडीओ जयप्रकाश नारायण व थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने कहा कि हमारा प्रयास है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था को कायम रखते हुए पर्व को

मनाया जाए। उपद्रव करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। साथ ही गश्ती दल विभिन्न क्षेत्रों में गश्त करती नजर आएगी। पुलिस-प्रशासन हर परिस्थिति से निपटने को तैयार है। वहीं, बैठक के बाद एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई। इस मौके पर एसआई शिवशंकर उरांव, रामेश्वर तिवारी, महावीर एक्का, अनूप कुमार, रंजीत कुमार, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, युवा समाजसेवी राजीव रंजन, वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष भोला गुप्ता, अतहर हुसैन, शशि गुप्ता, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, बुधन सिंह यादव, महादेव यादव, एनसीपी नेता अजय सिंह, इरफान शाहिद, महताब शाहिल उर्फ बबलू, दीपक कुमार, उदय सिंह, कांग्रेस नेता कृष्ण कुमार सिंह, अरविंद पासवान, इफ्तेखार अहमद नूरी, भीमसेन शर्मा, मुस्लिम अंसारी, अमित कुमार सिंह, मनोज मेहता, गोपाल प्रसाद, सत्येंद्र भुईयां, करण राजवीर, पम्मीलाल सिन्हा, रामजी पासवान, पंसस शीलू सिंह, राजकुमार पासवान, सत्येंद्र पासवान आदि उपस्थित थे।

शहर के लोगों को मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधा : नगर अध्यक्ष

नगर अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने किया शहरी स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड-1 में चर्च के समीप सामूदायिक भवन को शहरी स्वास्थ्य केंद्र में उत्क्रमित करने के कार्य का शिलान्यास किया गया। शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, वार्ड पार्षद अखिलेश यादव, सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी आदि ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि शहर के लोगों को सड़क, नाली, शुद्ध पेयजल व स्वच्छता के साथ ही

शहरी स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास करते नगर अध्यक्ष व अन्य।

बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इस उद्देश्य के साथ ही शहरी स्वास्थ्य केंद्र बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर के लोगों को आबादी के अनुपात में चिकित्सा सुविधा मिले इसका प्रयास किया जा रहा है। इस शहरी स्वास्थ्य केंद्र का कार्य पूर्ण होने पर डॉक्टरों व नर्स की पदस्थापना होगी। वहीं, नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि नगर पंचायत वाशियों को सुलभ रूप से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना हम सभी की प्राथमिकता है। इस मौके पर अखिलेश पासवान, अमेंद्र ठाकुर, अलीम अंसारी और प्रसाद यादव आदि मौजूद थे।

आरपीएफ की एस्कॉर्ट पार्टी ने शराब के साथ एक को दबोचा

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जपला आरपीएफ ने रांची-वाराणसी एक्सप्रेस 18611 अप ट्रेन से देशी शराब के साथ हैदरनगर स्टेशन के समीप एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए जपला आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी राकेश रंजन ने बताया कि उक्त ट्रेन में एक यात्री की सूचना पर एस्कॉर्ट प्रभारी एएसआई शिव राज शाह के नेतृत्व में बिहार के डेहरी डालमिया नगर निवासी कृष्णा कुमार को 48 बोतल देशी शराब के साथ पकड़ा गया। अग्रेतर कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग डाल्टेनगंज सौंप दिया गया है। इस मौके पर आरक्षी कुंदन कुमार सिंह, संजय कुमार राम, राकेश कुमार आदि थे।

बजट निराशा पूर्ण : आनंद शंकर

इस बजट से राज्य का विकास कभी नहीं हो सकता : डिंपल

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड सरकार द्वारा शुक्रवार को पेश किया गया बजट निराशाजनक रहा। पूरे बजट में तथ्यों से परे वादों को ही बल दिया गया है। यह हेमंत सरकार का आखिरी पूर्ण बजट था इसीलिए इसमें आकाश कुसुम जैसे कई वादे किए गए, जिसका धरातल पर कोई महत्व नहीं है आज जब पूरा राज्य लगभग व्यवसाय हीन हो चुका है उस समय व्यवसायिक समस्याओं पर कुछ भी न बोलना और अपने वादों के अनुरूप कृषि कर को खत्म न करना यह सरकार की दोहरे चरित्र को दर्शा रहा है। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि यह सरकार पूर्ण रूप से विफल हो चुकी है। जिसका ताजा उदाहरण रामगढ़ उप चुनाव में दिखा है। सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने पलामू में मनोचिकित्सक डॉक्टरों की नियुक्ति एवं मनो चिकित्सालय खोलने के कदम का स्वागत किया और कहा कि अगर सरकार अब ईमानदारी से काम करें तो निश्चित तौर पर झारखंड पुनः पटरी पर लौट सकता।

सरकार खोखले वादों के विपरित कोई काम भी बिना भ्रष्टाचार के पूर्ण नहीं हो पा रहा है'। आज के बजट भाषण में खुद वित्त मंत्री एवं मुखमंत्री थके-थके से और असंतुष्ट दिखे। वित्त एवं मुख्यमंत्री ने भाषण पर प्रक्रिया भी उत्साह पूर्वक नहीं था। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स इस संपूर्ण बजट को अनुपयोगी बताते हुए इससे 10 में से 4 अंक देता है। इस बजट को राज हित में कदापि नहीं कहा जा सकता हमें सरकार से ज्यादा आशा थी जो कि पूरी नहीं हो सकी।

आपसी प्रेम और भाईचारे का पर्व है होली : ऋषभ गर्ग

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। संत मरियम स्कूल के आवासीय प्रांगण में रंगोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि में सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग के अलावा विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, सदर एसडीओ राजेश शाह, व्यवसाई संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल और स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ऋषभ गर्ग ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि हर एक पर्व हमे कुछ न कुछ शिक्षा देकर जाती है। हम सभी को यह प्रयास करना चाहिए की आने वाली होली में अपने अंदर के छल, प्रपंच, अधर्म का नाश कर अच्छे मार्ग को अपनाएं ताकि भविष्य बेहतर हो। वहीं, सुरजीत कुमार ने सभी को होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब अपने बेहतर कर्मो से यह प्रयास करे कि आगामी रंगों का त्योहार होली हम सभी के जीवन में उत्सव समृद्धि और सुख का नया रंग उड़ेले। सदर एसडीओ राजेश शाह ने कहा कि धर्म और सत्य पर आधारित यह पर्व हम सभी को अनेक मार्ग प्रदत्त करता है। बुराई पर अच्छाई के प्रतिक का यह पर्व हमे सदैव सत्य के साथ अडिग रहने की प्रेरणा देता है। संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि आप सभी बच्चे होली की छुट्टियां मनाने घर जा रहे हैं। आप सभी छुट्टियों का आनंद लें पर अपने स्वाध्याय को चालू रखें। नियमबद्ध होकर घर में भी अनुशासन का पालन करें और अपने समाज को बेहतर विद्यार्थी के रूप में अपना परिचय दें।

किसी तरह की अफवाहों पर ना दें ध्यान: एसडीपीओ

होली व शब-ए-बरात में सुरक्षा की तैयारियों को लेकर हुसैनाबाद में शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। थाना परिसर में शुक्रवार को होली व शब-ए-बारात के दौरान सुरक्षा तैयारियों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें शांति और सौहाद्रपूर्ण वातावरण में सभी त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रशासनिक पदाधिकारियों के अलावे क्षेत्र के स्थानीय प्रतिनिधि और प्रबुद्धजनों ने हिस्सा लिया। बैठक में एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने सभी लोगों से होली और शब-ए-बारात की शुभकामना देते हुए अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। दोनों समुदाय के लोगों से होली व शब-ए-बरात पर्व आपसी भाईचारगी के साथ मनाने को कहा। एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने क्षेत्र में होने वाले होलिका दहन की जानकारी लेते हुए विधि व्यवस्था को ले आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सभी लोगों से मिलजुल कर समाज में प्यार का संदेश देने की बात कही। उन्होंने असमाजिक तत्वों पर नजर रखने और किसी भी अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की बात अपील की। अंत में सभी ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर होली की शुभकामना दी। इस मौके पर जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, झामुमो के वरीय नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, चंद्रेश्वर प्रसाद, समाजसेवी अब्बास अंसारी, सीओ नंद कुमार राम, महिला थाना प्रभारी सूर्यबाला भृंगराज, नपं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, आलोक केशरी, पूर्व नपं अध्यक्ष उषा देवी, रामेश्वर राम, वार्ड पार्षद नजीर अहमद, सुहैल आलम, अखलेश यादव, अर्जुन प्रसाद गुप्ता, जीशान हसन, तक्की हुसैन रिजवी, एसआई सौरव कुमार और शैलेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

किसी भी विभाग की एक योजना के लिए हो एक खाते का इस्तेमाल : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

बीडीओ कांफ्रेंसिंग के जरिए जिले के पदाधिकारियों से वार्ता करते डीसी।

मेदिनीनगर। पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे और डीडीसी रवि आंनद ने शुक्रवार को जिले के सभी सीओ और बीडीओ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। डीसी ने सभी पदाधिकारियों को सरकार के सभी विभागों में एक योजना के लिए एक खाता का इस्तेमाल करने और बाकि सभी खातों से शेष राशि सरकार को वापस एक सप्ताह के अंदर भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव का स्पष्ट निर्देश है कि सभी विभाग को एक योजना के लिए एक खाते का इस्तेमाल करना है। बाकी सभी खातों में बचे राशि को सरकार को वापस ट्रांसफर करनी है। डीसी ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों को मिलाकर कुल 19 करोड़ रुपये की राशि राज्य सरकार को वापस भेजना है।

अवैध खनन किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं : एसडीओ

अवैध बालू उत्खनन के विरुद्ध एसडीओ ने चलाया अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण की अगुवाई में गुरुवार की रात अवैध बालू उत्खनन के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्होंने मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के भजनिया कोयल नदी व दंगवार ओपी क्षेत्र के सोननदी तटवर्ती क्षेत्र में छापामारी की। हालांकि इस दौरान कोई खास ससफलता नहीं मिली और एक भी वाहन जब्त नहीं हुआ। ना ही किसी की गिरफ्तारी की सूचना है। वहीं, एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से लगातार अवैध बालू उत्खनन को लेकर जानकारी मिल रही थी जिसके बाद छापामारी की गयी। लेकिन मौके पर एक भी वाहन नजर नहीं आया। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन पर रोक लगाने को लेकर अनुमंडल क्षेत्र के सभी संबंधित पदाधिकारी को कड़ा निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध बालू उत्खनन के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

स्पोर्ट्स

विमेंस प्रीमियर लीग के पहले सीजन का आजाज शनिवार से होने जा रहा है। पांच टीमें 20 लीट और दो नॉकआउट मैच खेलेगी। सभी मैचमुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा।

23 दिन में 5 टीमें खेलेंगी 20 लीग मैच, पहला मुकाबला गुजरात जाइंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच

विमेंस प्रीमियर लीग के पहले सीजन का आगाज आज से

एजेंसी

नई दिल्ली। विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पहले सीजन का आगाज शनिवार से होने जा रहा है। 23 दिन तक चलने वाली इस लीग में पांच टीमें 20 लीग और दो नॉकआउट मैच खेलेंगी। टूर्नामेंट की शुरूआत शनिवार शाम 7.30 बजे डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस के मैच के साथ होगी। प्रतियोगिता के सभी 22 मैच मुंबई के डीवाई पाटिल और ब्रेबोर्न स्टेडियम पर खेले जाएंगे। मेग लेनिंग की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम सबसे संतुलित और मजबूत नजर आ रही है।

जबकि, मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की प्लेइंग-11 थोड़ी कमजोर है।

कौन-कौन सी टीमें खेल रही हैं?

विमेंस प्रीमियर लीग के पहले सीजन में 5 टीमें खेलती नजर आएंगी। इनमें दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात जायंट्स और यूपी वॉरियर्ज शामिल हैं। दिल्ली की कप्तान मेग लेनिंग हैं। वहीं, मुंबई की हरमनप्रीत कौर, बेंगलुरु की स्मृति मंधाना, गुजरात की बेथ मूनी और यूपी की एलिसा हीली हैं। इस तरह 3 टीमों की कमान ऑस्ट्रेलियन प्लेयर्स के पास है, जबकि दो की कमान भारतीय खिलाड़ियों को मिली है।

एक टीम कितने मैच खेलेगी?

4 से 21 मार्च तक लीग स्टेज के 20 मैच होंगे। पुरुष आइपीएल के शुरूआती सीजन की तरह यहां भी हर टीम एक-दूसरे से 2-2 मैच खेलेगी। इस तरह हर टीम लीग स्टेज में कम से कम 8 मैच खेलेगी। 20 लीग मैचों के बाद पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी। वहीं, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें के बीच 24 मार्च को एलिमिनेटर मुकाबला होगा। हारने वाली टीम तीसरे स्थान पर फिनिश रहेगी और जीतने वाली टीम 26 मार्च को ब्रेबोर्न स्टेडियम में होने वाला फाइनल खेलेगी।

22 मैचों के बाद मिलेगा पहला विनर

लीग स्टेज के 20 मुकाबले और क्वालिफायर के 2 मैच समेत टूर्नामेंट में कुल 22 मैच होंगे। इसके बाद डब्ल्यूपीएल का पहला चैंपियन मिलेगा। बातें चलें कि 17 दिन में टूर्नामेंट के 20 लीग मैच होंगे। 5, 18, 20 और 21 मार्च को 4 डबल हेडर होंगे, यानी एक ही दिन में 2 मुकाबले होंगे। पहला मैच दोपहर को 3.30 बजे और दूसरा शाम 7.30 बजे से शुरू होगा। इन 4 दिनों के अलावा सभी मैच शाम 7.30 बजे से ही शुरू होंगे। एलिमिनेटर और फाइनल मुकाबला भी शाम 7.30 बजे से ही खेला जाएगा। 17 और 19 मार्च को रेस्ट डे रहेंगे, क्योंकि इस दिन भारत-ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीमों के बीच भारत में वनडे सीरीज के मुकाबले होंगे। दर्शक दोनों ही जगह समय दे सकें, इसलिए इस दिन विमेंस प्रीमियर लीग के मैच नहीं रखे गए।

दिल्ली कैपिटल्स सबसे संतुलित टीम

ऑस्ट्रेलिया की मेग लेनिंग को टीम की कप्तान बनाया गया है। जेमिमा रोड्रिग्ज उप कप्तान हैं और टीम में शेफाली वर्मा, मारियन कैप, एलीस कैप्सी, जेस जोनासेन, राधा यादव और शिखा पांडे जैसी टॉप क्लास इंटरनेशनल प्लेयर हैं।

इंदौर की पिच को आइसीसी ने बताया 'खराब', काटे गये 3 डिमेरिट पॉइंट्स

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला गया तीसरा टेस्ट तीसरे दिन ही खत्म हो गया। 15 सेशन का खेल 7 सेशन ही चल सका। मैच में 31 विकेट गिरे, जिनमें से 26 स्पिनर्स ने लिए। जिसके बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) ने स्टेडियम की पिच को 'पुअर' यानी खराब रेटिंग दी है।

3 डिमेरिट पॉइंट्स कटे

मैच के पहले ओवर में पांचवीं बॉल से ही पिच उखड़ने लग गई थी। मैच रेफरी क्रिस ब्रोड ने भी बताया कि पिच पहले दिन से उखड़ने लगी और लगातार खराब होती चली गई। आइसीसी के मैच रेफरी ने पिच को खराब रेटिंग दी। साथ ही होलकर स्टेडियम को 3 डिमेरिट पॉइंट भी दिए गए। ब्रोड ने कहा कि पिच बहुत सूखा था। स्पिनर्स को बहुत ज्यादा मदद थी, इस पर बैटर और बॉलर के बीच बराबरी का मुकाबला नहीं हुआ।

14 दिन में अपील कर सकता है बीसीसीआइ

आइसीसी द्वारा पिच को खराब रेटिंग मिलने के बाद अब बीसीसीआइ के पास 14 दिन का समय है। इउउक 14 दिन में रेटिंग के खिलाफ अपील कर सकता है। अगर अपील नहीं की गई तो स्टेडियम पर 3 डिमेरिट पॉइंट्स बने रहेंगे।

महत्वपूर्ण न्यूज

रोजगार की मांग को लेकर झाकोमयू ने बस्ताकोला परियोजना में किया प्रदर्शन

धनसार (आजाद सिपाही)। ट्रक लोडिंग व रोजगार की मांग को लेकर झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ने भी बस्ताकोला परियोजना में आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। शुक्रवार की सुबह परियोजना कोल डंप में यूनियन के बैनर तले असंगठित मजदूरों ने जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रबंधन विरोधी नारे लगाएं। उसके बाद आंदोलनकारी कोलडंप से जुलूस की सूरत में नारेबाजी करते हुए बस्ताकोला व्यू प्वाइंट पहुंचे। मजदूरों ने परियोजना पदाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। यूनियन नेता सह जोनल उपाध्यक्ष उमा शंकर चौहान ने प्रबंधन से मांग की कि बस्ताकोला कोलडंप में मैनुअल ट्रक लोडिंग चालू किया जाए। मजदूरों की स्थिति भूखमरी के कगार पर पहुंच गई है, प्रबंधन इस पर ध्यान दें। मेडिकल कैंप की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अनुसार स्थानीय नीति के तहत 75 फीदी स्थानीय बेरोजगार मजदूरों को नियोजन मिलना चाहिए। जिस पर प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि जल्द ही मैनुअल ट्रक लोडिंग चालू किया जाएगा। इसके बाद लोगों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया। इस मौके पर कृष्णा चौहान, लक्ष्मण कुमार, संतोष पासवान, मुन्नी देवी, कंचन चौहान, रामबाबू चौहान, गायत्री देवी, सोनिया देवी, संजय बाउरी, विकास भुइयां, कालीचरण निषाद, लाल मुन्नी देवी, सुनीता देवीबंटी नोनिया, आकाश कुमार, मंजू देवी आदि उपस्थित थे। गौरतलब हो कि ट्रक लोडिंग कार्य को लेकर पूर्व में कई यूनियन की ओर से दावेदारी की जा रही हैं। अब देखना यह है कि किसको कितना अधिकार मिलता है।

लोयाबाद इंदिरा गांधी विद्यालय में समारोह आयोजित कर मैट्रिक के छात्र-छात्राओं को दी गई भावपूर्ण विदाई

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। इंदिरा गांधी विद्यालय में शुक्रवार को समारोह आयोजित कर मैट्रीक के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। प्राचार्य सोमन कुमार घोष ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनके मंगलमय भविष्य की कामना की। कहा कि युवा वर्ग ही देश का भविष्य होता है। संयमित एकाग्र होकर किया गया मेहनत बेहतर भविष्य देता है। आप की सफलता सिर्फ विद्यालय का ही नहीं, बल्कि आपके अभिभावक और देश का नाम रोशन करता है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों को पारितोषिक का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य सोमा कुमारी ने किया। इस मौके पर सैफी तरन्नुम, पूजा कुमारी, सिमरन कुमारी, तबस्सुम परवीन, शिवानी कुमारी, प्रिया कुमारी, अनुसिया कुमारी आदि मौजूद थे। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में सुजीत कुमार, अमन कुमार, सूर्य कुमार, अंकिता कुमारी, श्वेता कुमारी और अमृता कुमारी आदि की भूमिका सक्रिय रही।

बीएसएल के आई एवं ए विभाग में सुझाव मेले का आयोजन

बोकारो (आजाद सिपाही)। संयंत्र में उत्पादन, उत्पादकता, सुरक्षा और लागत नियंत्रण आदि को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बीएसएल के आई एवं ए विभाग में महाप्रबंधक (आई एवं एनके घोष की अध्यक्षता में सुझाव मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (आई एवं ए) भवानी प्रसाद, सहायक महाप्रबंधक (आई एवं ए) एचके पाल, प्रबंधक (आइइडी) प्रीति प्रिया सहित आई एवं ए विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में एचके पाल ने सभी का स्वागत किया और सुझाव मेले की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। प्रीति प्रिया ने संयंत्र में जारी सुझाव स्कीम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं, एनके घोष ने संयंत्र की बेहतरी के लिए सुझाव मेले की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों से उत्पादन, उत्पादकता, सुरक्षा, लागत नियंत्रण इत्यादि से संबंधित अधिक से अधिक सुझाव देने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ओडिशा में आयोजित नेशनल उत्पादकता और ओडिशा स्टेट उत्पादकता परिषद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा में आई एवं ए विभाग की टीम में शामिल एचके पाल और एम अनवर को प्रोडक्टिविटी एक्सेलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया था। एनके घोष ने विजेताओं की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतिस्पधाओं में भाग लेने का संदेश दिया। सुझाव मेले में प्रतिभागियों ने संयंत्र की बेहतरी के लिए 100 से अधिक सुझाव दिए। सुझाव मेले का संचालन भवानी प्रसाद ने किया।

मूलभूत सुविधा व रोजगार के साथ ही हटेंगे बागडिगी के लोग : रागिनी सिंह

झरिया (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह शुक्रवार को बागडिगी कोलियरी के हाडी पट्टी पहुंची और लोगों की समस्याओं को सुना। स्थानीय लोगों ने मूलभूत सुविधा व रोजगार के साथ एक ही जगह बसाने की बात कही। जिस पर रागिनी सिंह ने कहा कि बीसीसीएल व आउटसोर्सिंग प्रबंधन लोगों को मनमाने तरीके से नहीं हटा सकते। मैं खुद वाहन के सामने खड़ी हो जाउंगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रबंधन मनमानी करने की गलती ना करे। जहां मूलभूत सुविधा व रोजगार के साधन है वहीं लोगों को बसाए। लोग झरिया विधानसभा में ही बसने की बात कर रहे है। इसका भी ख्याल रखा जाएगा। कहा कि प्रबंधन व निजी परियोजना के लोगों की मनमानीं नहीं चलने देंगे। लोग हम पर भरोसा रखें व किसी दलाल के चक्कर में ना पड़ें। क्षेत्र में कई दलाल भी सक्रिय है जो कई तरह का प्रलोभन देकर आपको हटने की बात करेंगे पर ऐसे लोगों के झांसे में नहीं आना है। इस मौके राजाराम पासवान, बबलू भगत, उमेश यादव, निर्मला देवी, शैलेंद्र सिंह,अनंत ओझा, अभिषेक पांडेय, रोहित बिंद व गोपाल चौधरी आदि मौजूद थे।

आबकारी विभाग ने नष्ट किया 200 लीटर अवैध जावा महुआ

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। अबकारी विभाग की टीम ने शुक्रवार को लोयाबाद 20 नंबर और कनकनी तीन नंबर में अचौक छापामारी कर करीब 200 लीटर अवैध जावा महुआ नष्ट किया। छापामारी में लोयाबाद पुलिस भी शामिल थी। जानकारी के मुताबिक लोयाबाद बीस नंबर और कनकनी तीन नंबर में अवैध महुआ शराब की ब्रिकी जोरों पर है। शराब पीने से आए दिन लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। इसकी लगातार मिल रही शिकायत पर छापामारी की गई। गालांकि पुलिस की छापामारी के दौरान पहले से सूचना मिल जाने के कारण संचालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा। अबकारी विभाग ने सटीक सूचना पर छापामारी की है। अधिकारियों का कहना है कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई होती रहेगी।

स्थानीय लोगों ने हमलावर की सामूहिक पिटाई कर पुलिस को सौंपा, गया जेल

मामूली विवाद पर सनकी युवक ने मिठाई दुकानदार पर चलाई गोली

दिनदहाड़े फायरिंग के बाद बाघमारा बाजार में दहशत का माहौल

आजाद सिपाही संवाददाता

गोली चलाने के बाद आरोपित को दबोचते स्थानीन लोग। जब्त हथियार व गिरफ्तारी के बाद जानकारी देती पुलिस।

बाघमारा/कतरास। बाघमारा बाजार निवासी नारायणी स्वीट्स के मालिक ललित चौहान पर शुक्रवार की सुबह 11 बजे एक सनकी युवक द्वारा मामलू विवाद के बाद दिनदहाड़े गोली चला देने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि हमले में ललित चौहान बाल-बाल बच गए। वहीं, स्थानीय लोगों की मदद से आरोपित युवक को दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। उसकी पहचान सागर विश्वकर्मा के रूप में हुई है। वह बाघमारा का ही रहने वाला है। उधर, घटना के बाद से पूरे बाजार में दहशत का माहौल है। युवक सागर किसी बात को लेकर मिठाई दुकानदार ललित से उलझ गया। गाली-गलौज करते हुए भरी बाजार पिस्तौल लहराते हुए फायरिंग कर दी।

क्या है मामला

बाघमारा रेलवे फाटक निवासी सागर विश्वकर्मा शुक्रवार की सुबह 11 बजे नारायणी स्वीट्स नामक मिठाई की दुकान पर पहुंचा था। दुकानदार ललित कुमार चौहान से कहा कि आप अपने लड़के को समझाए कि उसके साथ दुश्मनी ना करे। अन्यथा परिणाम अच्छा नहीं होगा। इस पर ललित चौहान ने कहा कि हम अभी अपने लड़के को बुलाते हैं। तुम दोनों के बीच क्या बात है मुझे पूरी जानकारी दो तो। इस पर सागर ने कहा कि अपने लड़के को बुलाए हम तुरंत आते है। ललित चौहान ने जैसे ही अपने बेटे को दुकान पर बुलाया कि अचानक सागर विश्वकर्मा दोबारा पहुंच गया और ललित के पुत्र प्रांरज के साथ उलढ गया। बात बढ़ गई और सागर पिस्टल निकाल लहराते हुए गाली-गलौज करने लगा। इससे बाजार में आफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। कुछ लोग बीच बचाव करने आगे बढ़े तभी युवक ने गोली चला दी। हालांकि गोली किसी को नहीं लगी। इस घटना से भड़के लोगों ने हमलावर युवक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में बाघमारा पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसके पास से पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस, एक लोहे का पंच, मोबाइल फोन और घटनास्थल से खोखा बरामद किया। साथ ही युवक की स्कूटी भी जब्त कर ली। जानकारी के अनुसार सागर विश्वकर्मा मनबढ़ू है। उसका अक्सर किसी न किसी से विवाद होते रहता है। उस पर लड़कियों के साथ छेड़खानी करने की शिकायत भी है।

मामला दर्ज कर युवक को भेजा दिया गया है जेल : थानेदार

बाघमारा थाना प्रभारी सूबेदार कुमार यादव ने बताया कि गोली चलने की सूचना पर पेट्रोलिंग पार्टी घटनास्थल पर पहुंची और पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पिस्तौल, गोली और अन्य सम्मान भी जब्त किया है। दुकान मालिक ललित कुमार चौहान की लिखित शिकायत पर आरोपित सागर विश्वकर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

ताजिकिस्तान में फंसे झारखंड के 18 मजदूर सकुशल अपने-अपने घर लौटे

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरोचट्टी। ताजिकिस्तान में फंसे झारखंड के 36 मजदूरों में से 18 मजदूरों की सकुशल वतन वापसी हो गई है। सभई 18 मजदूर ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सोमन एयर से गत मंगलवार को दिल्ली पहुंचे थे। सभी 18 मजदूरों ने दिल्ली पहुंचने पर सबसे पहले ईश्वर का नाम लेते हुए अपने वतन की मिट्टी को चूमा और खुलकर सांस ली। दिल्ली से कुछ मजदूर बस और कुछ मजदूर ट्रेन से अपने-अपने घर पहुंचे। मजदूरों ने वतन वापसी होने पर केंद्र और राज्य सरकार के साथ-साथ प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले सिकंदर अली समेत मीडिया का भी आभार प्रकट किया। बताते चलें कि झारखंड के गिरिडीह, हजारीबाग, बोकारो और धनबाद जिलों के 36 मजदूर जो बिष्णुगढ प्रखंड के खरना निवासी पंचम महतो के माध्यम से टीजीएम कंपनी में काम करने ताजिकिस्तान गये थे। वहां सभी मजदूर बुरी तरह फंस गये थे। न ही उन्हें ठीक से खाना दिया जा रहा था न ही वेतन। इस बीच मजदूरों ने विगत 13 फरवरी को प्रवासी हित में कार्य करने वाले समाज सेवी सिकन्दर अली से सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो शेयर कर अपनी पीड़ा को साझा करते हुए वतन वापसी में सहयोग की अपील की थी। इसके बाद केंद्र एवं राज्य सरकार ने मामले को गंभीरता से लिया। मजदूरों का बकाया मजदूरी का भी भुगतान कराया गया। इसके बाद 18 मजदूर की वतन वापसी करायी गयी। लौटने वाले मजदूरों में गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड अंतर्गत तुकतुको के खिरोधर महतो, नागेश्वर चौधरी, रामदेव महतो, औरा के सुखदेव महतो, संतोष कुमार महुरी के गोवर्धन महतो, ढिबरा के जगरनाथ महतो, सरिया प्रखंड के अंतर्गत पिपराडीह के डुमरचंद महतो, डुमरी प्रखंड के कुलगो निवासी शंकर महतो, हजारीबाग जिले के विष्णुगढ प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर के बालेश्वर महतो, नागी के महेन्द्र महतो, सारूकुदर के टुकामन महतो, नागेश्वर महतो, खरना के डेगलाल महतो, महेश महतो बोकारो जिले के गोमियां प्रखंड अंतर्गत हुरलुंग के नारायण महतो, बालेश्वर महतो, अशोक कुमार, कतवारी के प्रकाश महतो शामिल हैं। वहीं दो मजदूर प्रकाश महतो एवं दिनेश महतो की वापसी पूर्व में हो चुकी हैं। अभी 16 मजदूरों का ताजिकिस्तान से वापसी होना बाकी हैं।

जमसं लोदना का होली मिलन सह कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

बुराई पर अच्छाई व भाईचारे का त्योहार है होली : सिद्धार्थ

सिंह मेंशन परिवार सदैव कोयलांचल वासियों के सुख दुख में साथ रहा है : रागिनी

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। जनता मजदूर संघ (जमसं) लोदना क्षेत्र की ओर से शुक्रवार को एमओसीपी कम्युनिटी हॉल में होली मिलन सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह व जनता मजदूर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह भी शामिल हुए। सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत व भाईचारे का त्योहार है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूती देकर विस्तार करना है। सिंह मेंशन परिवार सदैव कोयलांचल के लोगो के सुख दुख के साथ खड़ा रहेगा। कोयला कर्मियों की समस्या के समाधान के लिये संघर्षरत रहेगा। जेबीसीसीआइ 11 कोल कर्मियो के हित में होगा। समस्या का समाधान करने का पूरा प्रयास होगा। प्रबंधन की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। उधर, इससे पूर्व जमसं कार्यकर्ताओं ने रागिनी सिंह को 51 किलो का माला व सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह को शॉल व बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर लोदना जीएम बीके सिन्हा, पीओ कुजामा एके पांडेय, केके सिंह, रंजय सिंह, संजीत सिंह, ललन पासवान, प्रमोद सिंह, अनिल सिंह, शिव पासवान, दिनेश सिंह और शिवजी सिंह आदि उपस्थित थे।

झारखंड सरकार बेरोजगार को रोजगार देने में नाकाम रही : संजय

बोकारो (आजाद सिपाही)। रामगढ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए से आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत पर बोकारो के बिरसा चौक नयामोड़ में आजसू और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाला। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर व आतिशबाजी कर जश्न मनाया। आजसू के जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने कहा कि रामगढ़ की जनता ने विकास को चुनते हुए साहनभूति की राजनीति को दरकिनार किया। ये जीत रामगढवासियों के साथ पूरे झारखंड की जीत है। वहीं, भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहित लाल सिंह ने कहा सरकार के 3 साल के कार्यकाल में सिर्फ लूट,भष्टाचार के आलावा कोई काम नहीं हुआ। वहीं, भाजपा के जिला महामंत्री संजय त्यागी ने कहा कि बेरोजगार को रोजगार देने में ये सरकार नाकाम रही है। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री जयदेव राय, आजसू नेता अशोक महतो आदि मौजूद थे।

GOVT. OF JHARKHAND
CABINET SECRETARIAT AND VIGILANCE DEPARTMENT
(CIVIL AVIATION DIVISION)
STATE HANGAR, AIRPORT ROAD, HINOO, RANCHI-834002
email:- civilaviation.jhr@gmail.com; govtflyops@gmail.com
Telefax:- 0651-2250319, 2251090

CORRIGENDUM-I

Ref. No.- 152 **Date:- 03/03/2023**

Please refer to PR No. 290519 regarding tender for Cleaning, Housekeeping and Maintenance work at State Hangar, Ranchi, Jharkhand.. The closing date of submission of e-bids should be read as **11/03/2023**. Rest all terms and conditions will remain unchanged.

Sd./-
(Capt. S. P. Sinha)
Director (Ops)

PR.NO. 291788 Civil Aviation(22-23):D

कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा

(अति अल्पकालीन निविदा विज्ञापन)

वित्तीय वर्ष 2023–24 में लोहरदगा जिला अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित 05 (पाँच) आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए खाद्य–अखाद्य सामग्री/पोशाक/बर्त्तन उपस्कर/पठन–पाठन/लेखन सामग्री आदि आपूर्ति करने तथा अन्य सामग्रियों का दर निर्धारण एवं आपूर्तिकर्त्ता के चयन हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 14.03.2023 को 12:30 बजे अपराह्न तक कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा के कार्यालय प्रकोष्ठ में आमंत्रित किया जाता है। विद्यालयों के नाम एवं क्रय की जाने वाली सामग्रियों की सूची तथा निविदा से संबंधित शर्त लोहरदगा जिला के वेबसाईट www.lohardaga.nic.in एवं आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा का निस्तारण दिनांक 14.03.2023 को 2:00 बजे अपराह्न में परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष किया जाएगा, जिसमें निविदादाता स्वंय या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। निविदा निस्तारण की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी होगी। निविदा का तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड का लिफाफा अलग–अलग होगा। तकनीकी बीड सही पाये जाने पर ही संबंधित निविदादाता का वित्तीय बीड का लिफाफा खोलकर निविदा का निस्तार किया जाएगा।

जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा — परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा

PR 291808 Lohardaga (22-23)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़
रामगढ़ थाना के सामने, गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला-रामगढ़, झारखण्ड- 829122

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 05 वर्ष 2022–23 दिनांक 03.03.2023

1.	विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़।
2.	परिमाण विपत्र विक्री की तिथि	दिनांक 11.03.2023 को 03.00 बजे अपराह्न तक।
3.	निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय	दिनांक 13.03.2023 को 03.00 बजे अपराह्न तक।
4.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 13.03.2023 को 03.30 बजे अपराह्न से।
5.	परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान	1. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ अंचल, हजारीबाग। 2. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़।
6.	निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान	1. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़।

7. कार्य की विवरणी निम्नवत् है :–

क्र० सं०	अंचल का नाम	प्रमण्डल का नाम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने का समय
1	2	3	4	5	6	7	8
1	हजारीबाग	रामगढ़	**Construction of RCC Drain in Saunda 'D' to Urimari Road under Vivekadhin Head for the year 2022-23**	**5.85000**	**12,000/-**	**1,250/-**	25.03.2023 तक।

➢ निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।
1. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
2. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण–पत्र, **GSTiN** से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
3. **PWD** कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डल रामगढ़

PR 291838 Road (22-23)_D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं० :–*RDSD/RAMGARH/08/2022-23*

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– DMFT मद अन्तर्गत।

क्र० सं०	आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	प्रखण्ड	पंचायत	आँगनबाडी केन्द्रो का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रू०)	निविदा शुल्क	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	RDSD/RAMGARH/ DMFT /01/2022-23	रामगढ	नगर परिषद	सवैया गढ़ा	720950.00	15000.00	1250.00	30.06.2023 तक होगी।
2	RDSD/RAMGARH/ DMFT /02/2022-23	रामगढ	नगर परिषद	तिवारी टोला	339700.00	7000.00	750.00	30.06.2023 तक होगी।
3	RDSD/RAMGARH/ DMFT /03/2022-23	रामगढ	नगर परिषद	बरघरवा	638650.00	13000.00	1250.00	30.06.2023 तक होगी।
4	RDSD/RAMGARH/ DMFT /04/2022-23	रामगढ	नगर परिषद	चेटर	614700.00	13000.00	1250.00	30.06.2023 तक होगी।

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 10.03.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 16.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं शपथपत्र के मूलप्रति जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 17.03.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक, स्थान– जिला परिषद रामगढ़ के सभागार कक्ष में लिया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 18.03.2023 अपराह्न 02:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 8986791292, 8210703869
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के पदनाम से देय हो देना होगा। जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा, रामगढ़ (Branch Code-00164) में भुगतेय होगा। प्राईवेट बैंक का D.D/ Bankas Cheque मान्य नहीं होगा।
9. **अग्रधन की राशि राष्ट्रीय बचत पत्र (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, जो की कार्यपालक अभियंता के नाम से प्रतिज्ञिप्त होगा, मान्य होगा।**
10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. सरकार के संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची का पत्रांक– 653 दिनांक 28.02.2023 के आलोक में "The System of taking tender document in offine manner, should be sotpped w.,e.f. 01.03.2023." का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए यह स्पष्ट किया जाता है कि केवल ई–निविदा ही मान्य होगा तथा निविदा अभिलेख का Hard Copy समर्पित नहीं किया जायेगा।
12. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 291824 (Rural Work Department) 22-23 (D)

एलवी प्रसाद नेत्र संस्थान में ओड़िशा के राज्यपाल प्रो गणेशी लाल ने दिये व्याख्यान

आजाद सिपाही संवाददाता



भुवनेश्वर। ओड़िशा के राज्यपाल प्रो गणेशी लाल ने दो मार्च को भुवनेश्वर में स्थित एलवी प्रसाद नेत्र संस्थान के मिठू तुलसी चंराई परिसर में 'कर्म योग - जीवन का सार' पर 13वां बिजयानंद पटनायक व्याख्यान दिये। व्याख्यान 'कर्म योग' और जीवन का अजाडीत अशक्ति के दर्शन पर केंद्रित था। 13वें बिजयानंद पटनायक व्याख्यान में एलवीपीइआइ नेटवर्क, इसके दानदाताओं और उनके परिवार के सदस्यों के साथ-साथ अन्य सहयोगी संगठनों के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर मिठू तुलसी चंराई परिसर के प्रमुख डॉ श्रीकांत साहू ने प्रो गणेशी लाल को संस्थान का निमंत्रण स्वीकार करने और कर्म योग की इतनी गहन व्याख्या प्रदान करने के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने प्रो बिजयानंद पटनायक व्याख्यान श्रृंखला के महत्व की भी सराहना की और बताया कि यह कैसे एलवी प्रसाद नेत्र संस्थान की विरासत का एक अभिन्न अंग है।

बिजयानंद पटनायक व्याख्यान एक स्मारक व्याख्यान श्रृंखला है, जो ओड़िशा राज्य में गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल प्रदान करने के प्रयासों में एलवी प्रसाद नेत्र संस्थान के दृढ़ समर्थक बिजयानंद पटनायक है। व्याख्यान श्रृंखला विपुल वक्ताओं और व्यक्तित्वों को विज्ञान से लेकर कला और दर्शन तक विभिन्न विषयों पर अपने ज्ञान को साझा करने के लिए एक साथ लाती है। पिछले कुछ वर्षों में बहुत से लोगों को इसका लाभ मिला है, और उन्होंने इस बात की अंतर्दृष्टि प्राप्त की है कि चीजों को विभिन्न दृष्टिकोणों से कैसे देखा जाये।

जी-20 डेलिगेट्स का पतरातू लेक रिसोर्ट में भव्य स्वागत

संतोष कुमार

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू डैम के किनारे बना लेक रिसॉर्ट शुक्रवार को केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त पहल से विदेशी मेहमानों की मेहमाननवाजी में व्यस्त था। जी 20 सम्मेलन में शिरकत करने आये विदेशी वैज्ञानिक मेहमान भी झारखंड के रमणीय वातावरण के कायल हो गये। मेहमानों का स्वागत झारखंड की संस्कृति और परंपरा के अनुरूप किया गया। ढोल, नगाड़े की थाप, बांसुरी की धुन पर नृत्य करते कलाकारों ने स्वागत करते हुए विदेशी मेहमानों को वीआइपी गेस्ट हाउस ले जाया गया।

विदेशी मेहमान पहुंचे शिल्पग्राम : जी 20 की बैठक में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों के स्वागत का तरीका एकदम अनूठा और आकर्षक था। विदेशी मेहमानों के लिए शिल्प ग्राम का निर्माण किया गया था। इसमें झारखंड के कलाकृति से जुड़ी सामग्री में विभिन्न सामग्री के स्टाल लगाये गये थे। साथ ही खादी ग्राम उद्योग के भी प्रदर्शनी लगायी गयी थी। विदेशी मेहमानों में झारखंड के सामग्री को लेकर काफी उत्सुकता दिखायी दी। यहां झारखंड के लोक कला संस्कृति और लोक परंपराओं पर बनाये गये स्टॉल का अवलोकन भी किया और खाद्य सामग्री की खरीदारी भी की। वहां खादी ग्राम उद्योग के स्टॉल पर भी मेहमानों ने जाकर उनके प्रोडक्ट के बारे में जानकारी ली।

बांसुरी की झारखंडी धूम से आकर्षित हो रहे थे मेहमान : विदेशी मेहमानों के लिए सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रहे झारखंड की संस्कृति और संगीत से जुड़े वाद्य यंत्र। झारखंड की संस्कृति और संगीत से जुड़े वाद्ययंत्र विदेशी मेहमानों शिल्पग्राम में झारखंडी धुन बज रही थी, इससे विदेशी मेहमान काफी आकर्षित हो रहे थे। वहीं झारखंड की संस्कृति और संगीत से जुड़े वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी थी। विदेशी डेलिगेट्स ने वाद्ययंत्रों के प्रति गहरी रुचि दिखायी और उनके विषय में जानकारी प्राप्त की।

इन व्यंजनों का लुफ्त उठाया : विदेशी मेहमानों के लिए वीआईपी गेस्ट हाउस मे व्यंजनों के रूप में खुखरी मसाला लोकल मशरूम ,देसी चिकन करी ,तावा रोटी आदि भोजन के रूप में लुफ्त उठाया वही इसके अलावा नारियल का पानी विदेशी मेहमानों के लिए उपलब्ध कराया गया था।

एम्स भुवनेश्वर की संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने कहा गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल आपात स्थितियों को समझना और प्रबंधित करना समय की आवश्यकता है

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल आपात स्थिति किसी भी अस्पताल में चिकित्सा आपात स्थिति के बोझ का एक बड़ा हिस्सा है। इनमें ऊपरी और निचले पाचन तंत्र से खून बहना, जिगर की बीमारी के कारण जिगर की विफलता और मस्तिष्क की शिथिलता, तीव्र अग्नाशयशोथ, पथरी द्वारा पित्त पथ की रुकावट या पीलिया, बुखार और सेप्सिस के कारण होने वाली दुर्दमता, सिक्के जैसी विदेशी वस्तुओं का अंतर्ग्रहण और तीव्र गंभीर अल्सरेटिव शामिल हैं। एम्स भुवनेश्वर के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल आपात स्थिति में नया क्या है : एक साक्ष्य आधारित दृष्टिकोण पर एक दिवसीय संगोष्ठी में भाग लेने के अवसर पर विशेषज्ञों ने कहा कि इन चिकित्सा आपात स्थितियों को समझना और सीखना समय की आवश्यकता है। संगोष्ठी के आयोजन अध्यक्ष डॉ मानस कुमार पाणिग्रही ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवा और उभरते डॉक्टरों, चिकित्सकों और सर्जनों को गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल आपात स्थिति के प्रबंधन की बारीकियों के बारे में शिक्षित करना है। इस कार्यक्रम में प्रख्यात गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और एम्स भुवनेश्वर के अध्यक्ष प्रो सुब्रत कुमार आचार्य, एम्स भुवनेश्वर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार परीदा, डीन डॉ पीआर महापात्रा, डॉ बिनोद कुमार पात्रा, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ एससी संगोष्ठी डॉ मानस कुमार पाणिग्रही, डॉ पीसी दलाई, एमडी आइजीकेसी अस्पताल और संगोष्ठी के सह-आयोजक अध्यक्ष शामिल हुए। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक प्रो. आशुतोष बिस्वास ने कहा कि यह संगोष्ठी इस क्षेत्र और ओडिशा राज्य के संस्थानों में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल इमरजेंसी केयर के डोमेन को बहुत आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करेगी।

पूर्व मध्य रेल

रेल कौशल विकास योजना के तहत युवाओं के कौशल विकास हेतु तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम की संक्षिप्त सूचना

सं0 – ईसीआर/एचआरडी/एमपीपी/Skill Development/2015 दिनांक 01.03.2023 रेल कौशल विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2022–23 के आगामी बैच के लिए पूर्व मध्य रेल के 04 नामित प्रशिक्षण केन्द्रों पर नवयुवकों/नवयुवतियों के लिए लघु अवधि (3 सप्ताह) के प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण केन्द्रों एवं ट्रेडवार निर्धारित सीटों की संख्या निम्नवत है:– **क्र.सं. 1. प्रशिक्षण संस्थान का नाम एवं पता:** पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केन्द्र, समस्तीपुर **ट्रेड:** फीटर **प्रत्येक बैच में प्रशिक्षुओं की संख्या:** 30 **क्र.सं. 2. प्रशिक्षण संस्थान का नाम एवं पता:** बेसिक प्रशिक्षण केन्द्र, कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, हरनौत, नालंदा **ट्रेड:** वेल्डर **प्रत्येक बैच में प्रशिक्षुओं की संख्या:** 30 **ट्रेड:** मशीनिस्ट **प्रत्येक बैच में प्रशिक्षुओं की संख्या:** 30 **क्र.सं. 3. प्रशिक्षण संस्थान का नाम एवं पता:** इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रशिक्षण केन्द्र, गया कॉलोनी, दीन दयाल उपाध्याय, जिला – चंदौली (यूपी) **ट्रेड:** इलेक्ट्रीशियन **प्रत्येक बैच में प्रशिक्षुओं की संख्या:** 30 **क्र.सं. 4. प्रशिक्षण संस्थान का नाम एवं पता:** सिग्नल एवं दूर संचार प्रशिक्षण केन्द्र, नेउरा कॉलोनी, रोड नं0–15, दानापुर **ट्रेड:** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रुमेंटेशन **प्रत्येक बैच में प्रशिक्षुओं की संख्या:** 30 इस प्रशिक्षण हेतु उपरोक्त ट्रेड में ITI प्रमाण पत्र धारक होना अनिवार्य नहीं है। **प्रशिक्षण बिल्कुल निःशुल्क है,** परन्तु प्रशिक्षणार्थियों को अपने रहने, खाने–पीने, आवागमन आदि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। **अर्हता– हाई स्कूल उत्तीर्ण, उम्र 18 से 35 वर्ष। आवेदन हेतु पोर्टल खुलने की तिथि:** – 07.03.2023 (00:00 hrs) **पोर्टल बंद होने की तिथि:** – 20.03.2023 (23:59 hrs) प्रशिक्षण हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण हेतु आवेदन एवं विस्तृत जानकारी/शर्तों के लिए वेबसाईट WWW.railkvy.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें। ऑफलाइन माध्यम से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सहायक कार्मिक अधिकारी (एम.पी.पी.)
पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर
पीआर/2243/एचक्यू/पीईआर/एन/22–23/60

वैज्ञानिकों को कोविड जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए : डॉ ई वेंकट राव

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। एक प्रतिष्ठित शोधकर्ता ने शुक्रवार को कहा कि कोविड जैसी चुनौतियों का मानवता के सामने बार-बार सामना करने की संभावना है, लेकिन वैज्ञानिकों को इसका सामना करने और इसका मुकाबला करने के तरीके खोजने के लिए तैयार रहना चाहिए। प्रो (डॉ) ई वेंकट राव चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल में सामुदायिक चिकित्सा के प्रोफेसर ने स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज (एसपीएस) में कार्यशाला के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड -19 के पतन जैसी स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं अब और फिर सामने आयेंगी, लेकिन यह वैज्ञानिकों को चुनौती का जवाब खोजने के लिए है। फार्मास्युटिकल साइंसेज के संकाय शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) यहां कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईएमएस और सम अस्पताल, सोआ के फैकल्टी ऑफ मेडिसिन में किये गये कोविड वैक्सीन 'कोवाक्सिन' और नेजल कोविड वैक्सीन के मानव परीक्षण के प्रधान अन्वेषक रहे प्रो राव थे। कार्यशाला का आयोजन डीबीटी-बिल्डर योजना के तहत हाल ही में एसपीएस में विकसित सोआ-डीबीटी-बिल्टर राष्ट्रीय प्रयोगशाला द्वारा किया गया था। इस योजना के तहत, जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) विश्वविद्यालयों में उन्नत अनुसंधान और शिक्षा के लिए इंटरडिसिप्लिनरी स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज की स्थापना के लिए सहायता प्रदान करता है, जिसे उन्नत अनुसंधान के लिए डीबीटी-बूस्ट टू यूनिवर्सिटी इंटरडिसिप्लिनरी लाइफ साइंस डिपार्टमेंट्स फॉर एजुकेशन एंड रिसर्च (बिल्टर) के रूप में जाना जाता है।

भुवनेश्वर बैंक ऑफ बड़ौदा का अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस-2023 मनाया गया। इस अवसर पर बैंक द्वारा रमादेवी महिला विश्वविद्यालय में आशुभाषण प्रतियोगिता हुई। बैंक ऑफ बड़ौदा, भुवनेश्वर क्षेत्र और रमादेवी महिला विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर द्वारा यह प्रतियोगिता संयुक्त रूप से आयोजित की गयी थी। कार्यक्रम के प्रारंभ में राजीव कृष्णा, क्षेत्रीय प्रमुख, बैंक ऑफ बड़ौदा, भुवनेश्वर क्षेत्र द्वारा मार्गदर्शी वक्तव्य दिया गया, जिसमें उन्होंने अपनी मातृभाषा की गरिमा बनाये रखने और उसे सम्मान देते हुए उसे और भी समृद्ध करने पर जोर दिया। प्रोफेसर चंडी चरण रथ, अध्यक्ष, स्नातकोत्तर परिषद, रमादेवी महिला विश्वविद्यालय ने अपना अध्यक्षीय वक्तव्य दिया और सभी प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर डॉ स्नेहलता दास, विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, रमादेवी महिला विश्वविद्यालय की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के अंत में निर्णायक मंडल द्वारा विजेताओं के नामों की घोषणा की गयी। राजीव कृष्णा, क्षेत्रीय प्रमुख, बैंक ऑफ बड़ौदा, भुवनेश्वर क्षेत्र द्वारा विजेताओं को गिफ्ट कार्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

टाटा स्टील मेरामंडली ने जेएन टाटा को श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। ढेंकानाल स्थित टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) ने अपने प्लांट में जमशेदजी नुसरवानजी टाटा की 184वीं जयंती मनायी। उत्सव की शुरुआत तीन मार्च को संयंत्र प्रशासन कार्यालय में दूरदर्शी जेएन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई, जहां कर्मचारियों के साथ टीएसएम की वरिष्ठ नेतृत्व टीम ने पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित करने में शामिल हुई। इस अवसर पर कर्मचारियों, परिवार के सदस्यों और बच्चों के बीच एक रोमांचक खेल और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजन किया गया। उत्सव माहौल को जोड़ने के लिए संयंत्र और उसके आवास कॉलोनी को रोशनी से सजाया गया था।

टीएसएम में संस्थापक दिवस समारोह जेएन टाटा की प्रेरणादायक विरासत और भारतीय उद्योग में उनके योगदान के लिए एक श्रद्धांजलि थी। टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नुसरवानजी टाटा (3 मार्च, 1839 - 19 मई, 1904) को 'भारतीय उद्योग का जनक' माना जाता है। उनकी दृष्टि ने भारत में इस्पात और बिजली उद्योग को प्रेरित किया, तकनीकी शिक्षा की नींव रखी और देश को औद्योगिक राष्ट्रों की श्रेणी में छलांग लगाने में मदद की।





आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**